VPL

वर्ष 10 अंक 26
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
4 नवंबर 2024
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 प्रदूषण रोधी उपायों के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को बहाल किया... | 06 बग़ावत का मौसम है :ऋषभदेव शर्मा | 11 बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन चिंताजनक: रोहित




“मेहनत वो सुनहरी चाबी है, जो बंद भविष्य के दरवाजे, भी खोल देती है !”



Saurabh Shivhare

Saurabh_SS19




# बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही झारखंड की झामुमो नीत सरकार: शाह

**रांची**, (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड में झामुमो नीत सरकार पर ''वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने'' का आरोप लगाते हुए तीखा हमला किया और कहा कि यदि राज्य में उनकी पार्टी सत्ता में आई तो वह आदिवासियों की जमीन को अवैध प्रवासियों को हस्तांतरित होने से रोकने के लिए कड़ा कानून लाएगी।

शाह ने यह भी घोषणा की कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा और झारखंड में आदिवासी आबादी को प्रभावित किए बिना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी।

पूर्वी सिंहभूम जिले में घाटशिला के धालभूमगढ़ में भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि राज्य में आदिवासी आबादी घट रही है, क्योंकि हेमंत सोरेन सरकार ''बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना वोट बैंक'' मानती है। उन्होंने आरोप लगाया, ''बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण झारखंड में, विशेषकर संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों में आदिवासी आबादी में भारी गिरावट आ रही है। झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन राजनीतिक फायदे के लिए इसे बढ़ावा दे रहा है।''

शाह ने कहा, ''हमारी 'माटी, बेटी, रोटी' पर हमला हो रहा है। भाजपा इसे जारी नहीं रहने देगी...हम आदिवासियों की जमीन को घुसपैठियों को हस्तांतरित होने से रोकने के लिए सख्त कानून लाएंगे। हम उनके द्वारा हड़पी गई जमीन भी वापस ले लेंगे और उन्हें बाहर निकाल देंगे।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी लेकिन आदिवासियों को इसके



दायरे से बाहर रखा जाएगा।

शाह ने कहा, ''हेमंत सोरेन और झामुमो सरकार गलत प्रचार कर रही है कि यूसीसी आदिवासी अधिकारों, संस्कृति और संबंधित कानून को प्रभावित करेगी, जो पूरी तरह निराधार है क्योंकि उन्हें इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा।'' उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनजातीय अधिकार प्रभावित न हों।

गृह मंत्री ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने नक्सलवाद का समर्थन किया जबकि केंद्र की भाजपा सरकार ने इसका सफाया कर दिया। उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो गठबंधन पर ''नक्सलवाद को बढ़ावा देने'' का आरोप लगाया।

चतरा जिले के सिमरिया में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''यह झारखंड से दलित विरोधी, आदिवासी विरोधी, गरीब विरोधी और युवा विरोधी हेमंत सरकार को हटाने का समय है, जो राजनीतिक फायदे के लिए नक्सलवाद को बढ़ावा दे रही है।'' उन्होंने कहा, ''हमने पिछले पांच वर्षों में झारखंड से इस खतरे को उखाड़ फेंका है और अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मार्च, 2026 तक भारत से नक्सलवाद का सफाया कर देगी।''

गृह मंत्री ने यह भी वादा किया कि भाजपा झारखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करेगी जबकि अन्य के आरक्षण पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

शाह ने वादा किया कि भाजपा अगले पांच वर्षों में झारखंड से पलायन रोक देगी। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही राज्य का विकास सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने कहा कि संप्रग की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान आदिवासी कल्याण बजट के लिए आवंटन मुश्किल से 24,000 करोड़ रुपये था जबकि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसे बढ़ाकर 1.24 लाख करोड़ रुपये कर दिया है।

शाह ने यह भी घोषणा की कि सत्ता में आने पर भाजपा 51 वनोपजों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद करेगी और 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी जिसका भुगतान 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) झारखंड में सरकार बनाएगा और दावा किया कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव के आधार पर यह गठबंधन 81 विधानसभा सीट में से कम से कम 52 सीट जीतेगा।

शाह ने कहा, ''हाल के लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने गठबंधन को 47 प्रतिशत वोट दिए थे, इसलिए राजग झारखंड में 81 में से 52 सीट जीतेगा।'' उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने 14 में से नौ संसदीय सीट राजग को दी थीं और इसके पक्ष में कुल 80 लाख वोट पड़े थे।

शाह ने रविवार को कहा कि झारखंड के कोडरमा में अभ्रक उद्योग को 500 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज से पुनर्जीवित किया जाएगा।

हजारीबाग जिले के बरकट्ठा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर कोयला खनन बकाया के एवज में 1.36 लाख करोड़ रुपये मांगने के लिए निशाना साधा और कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निधि के अलावा राज्य को पहले ही 3.80 लाख करोड़ रुपये आवंटित कर दिए हैं।

शाह ने कहा, ''कोडरमा पत्थर उद्योग (अभ्रक) बंद हो गया है। हम आने वाले दिनों में 500 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज के साथ इसे पुनर्जीवित करेंगे।''

गृह मंत्री ने सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा, ''मैंने हेमंत सोरेन जैसा झूठा व्यक्ति कभी नहीं देखा, जो 1.36 लाख करोड़ रुपये (कोयला खनन बकाया की एवज में) मांग रहे हैं, जबकि केंद्र ने 2014-2024 तक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निधि के अलावा झारखंड को पहले ही 3.80 लाख करोड़ रुपये दिए हैं, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने 2004-2014 तक 84,000 करोड़ रुपये दिए थे।'' उन्होंने आरोप लगाया कि 'भ्रष्ट' सोरेन सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं, जो जमीन हड़पने के लिए कई आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''झारखंड में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले घुसपैठियों को उल्टा लटका दिया जाएगा।''

# भारत, चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में 'कुछ प्रगति' की : जयशंकर



**ब्रिस्बेन, (**भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में ''कुछ प्रगति'' की है। उन्होंने इस घटनाक्रम को ''स्वागत योग्य'' कदम बताया।

जयशंकर की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध वाले दो बिंदुओं-डेमचोक और देपसांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के पीछे हटने के कुछ दिनों बाद आई है। भारतीय सेना ने देपसांग में सत्यापन गश्त शनिवार को शुरू की, जबकि डेमचोक में गश्त शुक्रवार को शुरू हुई थी। जयशंकर ने ब्रिस्बेन में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, ''भारत और चीन के संदर्भ में हमने कुछ प्रगति की है। आप जानते हैं कि हमारे संबंध कुछ कारणों से बहुत ही खराब थे। हमने (सैनिकों के) पीछे हटने की दिशा में कुछ प्रगति की है।''

विदेश मंत्री ने कहा, ''वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास बहुत बड़ी संख्या में चीनी सैनिक तैनात हैं, जो 2020 से पहले वहां नहीं थे और बदले में हमने भी जवाबी तैनाती की। इस अवधि के दौरान संबंधों के अन्य पहलू भी प्रभावित हुए हैं। इसलिए स्पष्ट रूप से, हमें पीछे हटने के बाद देखना होगा कि हम किस दिशा में आगे बढ़ते हैं।''

जयशंकर ने कहा, ''लेकिन, हमें लगता है कि पीछे हटना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे यह संभावना खुलती है कि अन्य कदम भी उठाए जा सकते हैं।''

उन्होंने कहा कि पिछले महीने रूस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात के बाद उम्मीद थी कि ''राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और मैं दोनों अपने समकक्षों से मिलेंगे। तो चीजें इस तरह हुई हैं।''

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में कहा था कि पिछले कई हफ्तों की बातचीत के बाद भारत और चीन के बीच एक समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, जिससे 2020 में उठे मुद्दों का समाधान निकलेगा।

पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैनिकों को पीछे हटाने और गश्त करने पर सहमति बनी, जो चार साल से जारी गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। जून 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के संबंधों में गिरावट आई थी।

दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आस्ट्रेलिया के शहर ब्रिस्बेन पहुंचे जयशंकर ने कहा कि इस समय दो संघर्षों पर हर किसी की नजरें टिकी हुई हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा, ''एक यूक्रेन है। और दूसरा पश्चिम एशिया में जो हो रहा है। अलग-अलग तरीकों से हम दोनों में कुछ करने का प्रयास कर रहे हैं।''

यूक्रेन-रूस संघर्ष पर जयशंकर ने कहा कि भारत कूटनीति पर फिर से जोर दे रहा है, तथा प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से दोनों देशों के नेताओं के साथ बैठकों में शामिल रहे हैं।

# झारखंड में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा: मोदी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र को आदिवासी समाज के विकास और युवाओं को रोजगार के लिए प्रतिबद्ध तथा महिलाओं को सशक्त बनाने वाला बताया और कहा कि उनकी पार्टी राज्य में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में रांची में भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है। भाजपा के इस घोषणा पत्र का एक मुख्य फोकस राज्य में घुसपैठ का मुद्दा है। भाजपा ने वादा किया है कि वह सत्ता में



आने पर राज्य में घुसपैठियों द्वारा कब्जाई जमीन को वापस करने के लिए कानून बनाएगी। इसके अलावा पार्टी ने 2.8 लाख सरकारी नौकरी और महिलाओं को हर माह 2,100 देने का ऐलान किया है। भाजपा ने इसके अलावा युवाओं को प्रोत्साहन राशि देने समेत कई वादे किए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ₹आज हम एक नई उम्मीद के साथ झारखंड की जनता-जनार्दन के बीच हैं। हमारा संकल्प-पत्र आदिवासी भाई-बहनों के सम्मान के साथ-साथ विकास, युवाओं को रोजगार और राज्य की नारीशक्ति को सशक्त बनाने वाला है। उन्होंने कहा, ₹हम यहां की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा झारखंड में रोटी, बेटी और माटी के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है। इसके माध्यम से वह आदिवासी अस्मिता का सवाल उठाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी महिलाओं का कथित उत्पीड़न, धर्मांतरण, जमीन पर कब्जा और धोखा देकर विवाह करने तथा इसके परिणामस्वरूप आदिवासियों की संख्या में लगातार कमी आने का मुद्दा उठा रही है।

# बंद हुए केदारनाथ, यमुनोत्री के कपाट

**देहरादून**, (भाषा) केदारनाथ और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट रविवार को भाई दूज के अवसर पर वैदिक अनुष्ठानों के बीच बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों, मंदिर समिति और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

मंदिर समिति के अधिकारियों ने बताया कि केदारनाथ मंदिर सुबह 8:30 बजे और यमुनोत्री मंदिर दोपहर 12:05 बजे बंद कर दिए गए। दोनों मंदिरों के कपाट बंद होने के बाद केदारनाथ में भगवान शिव और यमुनोत्री की अधिष्ठात्री देवी यमुना की मूर्तियां पालकियों में सवार करके इनके शीतकालीन निवास उखीमठ और खरसाली भेजी गईं।

हिमालयी मंदिर के कपाट बंद होने का समारोह देखने के लिए 18,000 से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ पहुंचे।


बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि मंदिर के कपाट बंद होने से पहले तड़के चार बजे एक भव्य समारोह शुरू हुआ।

बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि यात्रा सीजन के दौरान 16.5 लाख से अधिक तीर्थयात्री पूजा-अर्चना के लिए केदारनाथ पहुंचे।

गढ़वाल हिमालय में 11,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह हर साल लाखों तीर्थयात्रियों के लिए एक लोकप्रिय तीर्थस्थल होता है। मंदिर सर्दी के दौरान बर्फ गिरने के कारण बंद रहता है। मंदिर समिति के एक अधिकारी ने बताया कि यमुनोत्री धाम अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:05 बजे बंद कर दिया गया। एक अन्य चारधाम मंदिर गंगोत्री को शनिवार को बंद कर दिया गया था।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों ने दो पुलिसकर्मियों पर हमला किया, हथियार लेकर फरार

**सुकमा** (छत्तीसगढ़), छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में रविवार सुबह एक साप्ताहिक बाजार में सादे कपड़ों में आए नक्सलियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दो पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया।




# संविधान की रक्षा राष्ट्र की प्रमुख लड़ाई : राहुल गांधी

**वायनाड**, (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि आज देश में अहम लड़ाई संविधान की रक्षा और उसे संरक्षित करना है।

उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया था।

राहुल ने वायनाड में बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के लिए चुनाव प्रचार के तहत मनंतवडी में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा, “आज देश में जो प्रमुख लड़ाई लड़ी जा रही है, वह लड़ाई हमारे देश के संविधान की रक्षा के लिए है। हमें जो सुरक्षा मिलती है, हमारे देश की जो महानता है, वह सब संविधान से ही उपजी है।”

प्रियंका वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं।

राहुल ने कहा, “संविधान गुस्से या नफरत की भावना से नहीं लिखा गया था। इसे उन लोगों ने लिखा था, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत से लड़ाई लड़ी, जिन्होंने तकलीफें झेलीं, जिन्होंने वर्षों जेल में बिताए। इन लोगों ने संविधान को बड़ी विनम्रता, प्रेम और अपनेपन के भाव से लिखा था।”

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह प्रेम और नफरत के बीच की लड़ाई है। उन्होंने कहा, “यह आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई है। और अगर आप वास्तव में



इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से गुस्सा हटाना होगा, नफरत हटानी होगी और इनकी जगह प्यार, विनम्रता और करुणा का भाव लाना होगा।”

राहुल ने अपनी बहन की खूबियों पर प्रकाश डाला और बचपन में साथ में बिताए गए यादगार पलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह पहली बार अपनी बहन के लिए वोट मांग रहे हैं, जो अतीत में उनके और उनके माता-पिता के लिए प्रचार कर चुकी हैं।

राहुल ने कहा, “वह (प्रियंका) वही शख्स हैं, जिन्होंने मेरे पिता (राजीव गांधी) की हत्या में शामिल लड़की को गले लगाया था। नलिनी से मिलकर लौटने पर उन्होंने मुझे यह बात बताई थी। वह भावुक हो गई थीं और उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें उसके लिए बुरा लग रहा है।” उन्होंने कहा, “उसे (प्रियंका को) यही सिखाया गया है। और मेरे हिसाब से, भारत में इसी तरह की राजनीति की जानी चाहिए। नफरत की राजनीति नहीं, बल्कि प्यार और स्नेह की अपनेपन की (राजनीति की) जानी चाहिए।”

वहीं, प्रियंका ने चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र सरकार पर हमला जारी रखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर “उद्योग जगत के अपने मित्रों” के लिए सब कुछ करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस महासचिव ने कहा, “मोदी जी की सरकार सिर्फ उद्योग जगत के उनके मित्रों के लिए काम करती है। आपको बेहतर जीवन देना उनका मकसद नहीं है। शिक्षित युवाओं के लिए नौकरियों के नये अवसर पैदा करना उनका मकसद नहीं है। लोगों को बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना तथा उनके लिए कल्याणकारी कदम उठाना उनका मकसद नहीं है।”

प्रियंका ने मोदी सरकार पर लोगों को बांटने, उनके बीच नफरत फैलाने, उनके अधिकार छीनने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट करने का आरोप लगाया।

प्रियंका ने कहा, “उन्होंने (मोदी सरकार) लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के कारण राहुल गांधी जी पर हमला किया।”

कांग्रेस महासचिव ने मदर टेरेसा के साथ किए गए काम और मनंतवडी में रहने वाली सिस्टर रोजबेल का जिक्र किया। उन्होंने क्षेत्र में संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए लड़ाई जारी रखने का वादा किया।

प्रियंका ने अपने संबोधन में वायनाड में रात्रि प्रतिबंध, घाट रोड पर यातायात संबंधी मुद्दों, मानव-पशु संघर्ष और आदिवासियों एवं किसानों से जुड़े मुद्दों को भी रेखांकित किया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) का जिक्र करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि आदिवासियों को बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाने वाली मनरेगा के लिए केंद्र का वित्तपोषण और योजना के माध्यम से काम की उपलब्धता कम कर दी गई है। उन्होंने कहा, “हमें संसद और सभी मंचों पर आवाज उठाकर सरकार पर वित्तपोषण बढ़ाने के लिए दबाव डालने की जरूरत है।”

प्रियंका ने रविवार को अपने भाई राहुल गांधी के साथ वायनाड में कई जनसभाएं और नुक्कड़ सभाएं कीं।

कांग्रेस की ओर से जारी प्रचार कार्यक्रम के अनुसार, वायनाड लोकसभा उपचुनाव से चुनावी राजनीति में कदम रखने वाली प्रियंका सात नवंबर तक केरल में रहेंगी।

वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव इसलिए आवश्यक हो गया, क्योंकि यहां के साथ-साथ रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीतने वाले राहुल गांधी ने रायबरेली सीट बरकरार रखने और वायनाड खाली करने का फैसला किया था। वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा।

# चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है अजमेर का मित्तल अस्पताल

एसपी मित्तल, वरिष्ठ पत्रकार अजमेर

## उपलब्धियों से भरे 19 वर्ष पूरे




**अजमेर** संभाग में चिकित्सा के क्षेत्र में अजमेर के पुष्कर रोड स्थित निजी क्षेत्र का मित्तल अस्पताल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अस्पताल की शुरूआत वर्ष 2005 में तब हुई थी, जब सरकार क्षेत्र के जेएलएन अस्पताल में मरीजों का भारी दबाव था। अब जब केंद्र और राज्य के सरकारी कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है तथा मेडिकल बीमा कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, तब मित्तल अस्पताल में भी मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। अस्पताल के 19 वर्ष पूरे होने पर अस्पताल में प्रतिदिन छह सौ से भी ज्यादा मरीज अपने रोगों के इलाज के लिए आते हैं। अजमेर शहर ही नहीं बल्कि संभाग के नागौर भीलवाड़ा, टोंक आदि जिलों के मरीज भी इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल में अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवाई है, जिनका फायदा मरीजों को मिल रहा है। मित्तल हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसके जैन ने बताया कि वर्ष 2005 में श्रदेय गुरुवर हजरत हरप्रसाद मिश्रा उवैशी के आशीर्वाद से मित्तल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर अजमेर की स्थापना की गई थी जिससे पीड़ित मानव को मल्टी सुपरस्पेशियलिटी चिकित्सा सेवा और सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सके। सन 2000 के दशक से पूर्व संभाग के लोगों को अपने प्रिय जनों के उपचार के लिए अजमेर से बाहर ही जाना होता था। आपात स्थिति में रोगियों को सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा सेवाएं अजमेर में ही उपलब्ध हो सके इस नेक विचार से मित्तल परिवार ने बहुत ही अह्म निर्णय किया और यहां व्यापक स्तर पर जनता के स्वास्थ्य संरक्षक के रूप में स्वयं को समर्पित करते हुए हॉस्पिटल की स्थापना की।

19 वर्षों में मित्तल हॉस्पिटल प्रबंधन ने पीड़ितों की जरूरतों और चिकित्सा सेवाओं की उन्त आवश्यकताओं को समझते हुए इसे निरंतर उत्तरोत्तर सुधार करते हुए आगे बढ़ाया। इन वर्षों में लोगों का जो भरोसा मित्तल हॉस्पिटल ने पाया है, उसी का ही परिणाम है कि आज हॉस्पिटल अपने 20वें वर्ष में पूरी दृढ़ता और आत्म विश्वास के साथ प्रवेश करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मित्तल हॉस्पिटल अपने ध्येय वाक्य आपका स्वास्थ्य संरक्षक रूप में निरंतर आरोग्य सेवाओं में वृद्धि करता रहेगा । जैन बताया कि मित्तल हॉस्पिटल पर पीड़ितों का कायम विश्वास ही है कि साल दर साल गुजरने के साथ वह बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में मित्तल ग्रुप ने हेल्थ सेवाओं से इतर लोगों की लाइफस्टाइल में बेहतर बदलाव के लिए प्रवेश कर मित्तल मॉल के रूप में अनूठी सौगात दी है।

पूर्व में स्थापित मित्तल ऑर्गेनिक्स ऑर्गेनिक फूड क्षेत्र में अपनी पहचान के साथ नए आयाम स्थापित कर रहा है। देश के लोकल फॉर वोकल की मिसाल बन गया है। मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक अनिल मित्तल, सुनील मित्तल, डॉ दिलीप मित्तल एवं मनोज मित्तल, डॉक्टर चक्रपाणि मित्तल, सार्थक मित्तल तथा वाइस प्रेसीडेंट सीए डॉ. श्याम सोमानी, डिप्टी जनरल मैनेजर विजय रांका ने इस मौके पर सभी शुभचिंतकों और सहयोगियों सहित अजमेर संभाग वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी मोबाइल नंबर 9116049809 पर जनसंपर्क अधिकारी संतोष गुप्ता से ली जा सकती है।

## गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम अग्रसेन भवन स्वर्ण नगरी में बड़े धूमधाम से मनाया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**Greater Noida** गोवर्धन महाराज की जय। श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति ग्रेटर नोएडा द्वारा गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम अग्रसेन भवन स्वर्ण नगरी में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

समिति के अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया समिति पिछले कई वर्षों से सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम को मनाते आ रही है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों वैश्य परिवारों ने सामूहिक रूप से गोवर्धन महाराज की परिक्रमा की जिसके बाद सभी ने अन्नकूट के प्रसाद ग्रहण किया ।

मीडिया प्रभारी मुकुल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में गोवर्धन महाराज की 30 फुट की प्रतिमा बनायी गयी । इस कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों ने अपना अपना सहयोग दिया । प्रोग्राम में महाराजा अग्रसेन की फोटो पर माल्यार्पण कर महाराजा अग्रसेन जयंती का प्रोग्राम भी मनाया गया।

इस अवसर पर सौरभ बंसल ,मनोज गर्ग ,ओमप्रकाश अग्रवाल ,मुकुल गोयल ,नवीन जिंदल ,रवि गर्ग ,कपिल गुप्ता ,राकेश सिंघल, पवन गोयल ,लक्ष्मण सिंघल ,मनोज गुप्ता ,अतुल जिंदल ,अरुण गुप्ता ,विजय अग्रवाल ,प्रवीण गर्ग ,अमित गोयल , गिरीश जिंदल , पवन बंसल , पुष्पेन्द्र गोयल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## जम्मू-कश्मीरः पहले विधानसभा सत्र को लेकर नेकां और कांग्रेस के विधायक दल की बैठक हुई

**श्रीनगर (भाषा)** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र के लिए रणनीति तैयार करने के वास्ते नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के विधायक दलों की संयुक्त बैठक रविवार को हुई।

शाम साढ़े सात बजे शुरू हुई बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद हैं। संयुक्त बैठक में विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम पर भी निर्णय लिए जाने की संभावना है।

इससे पहले, दोनों दलों ने अपने-अपने विधायक दल की अलग-अलग बैठकें कीं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा का पांच दिवसीय पहला सत्र सोमवार से आयोजित होने वाला है। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी सत्र के अनंतिम कैलेंडर के अनुसार, सदन सोमवार को पहली बैठक के दौरान अध्यक्ष का चुनाव करेगा।

## झारखंडः भाकपा(माले) लिबरेशन ने खेती के लिए मुफ्त बिजली का वादा किया

**रांची (भाषा)** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें पार्टी ने खेती के लिए मुफ्त बिजली और बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली उपलब्ध कराने का वादा किया।

विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) के घटक दल भाकपा (माले) ने झारखंड की 81 विधानसभा सीट में से चार सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। गठबंधन के तहत उसे तीन सीटें आवंटित की गई हैं जबकि धनवार सीट पर उसका झामुमो के साथ दोस्ताना मुकाबला है।

पार्टी ने अपने घोषणापत्र में कहा कि वह झारखंड को कॉर्पोरेट का शिकार नहीं बनने देगी। उसने कहा, कॉर्पोरेट अधिग्रहण और कॉर्पोरेट समर्थक सरकारी नीतियों के कारण तेजी से विस्थापन और बेरोजगारी बढ़ रही है। पार्टी ने किसानों की कब्जा की गई भूमि को वापस दिलाने का वादा किया।

घोषणापत्र में बताया गया कि पार्टी खेती के लिए मुफ्त बिजली और ग्राम सभाओं को मजबूत करने के लिए आवाज उठाएगी।

घोषणापत्र में कहा गया, मनरेगा मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी 15,000 रुपये प्रति माह से कम नहीं होनी चाहिए और उन्हें नौकरी की सुरक्षा और बीमा का पूरा लाभ मिलना चाहिए।

इसमें कहा गया कि भाकपा (माले) लिबरेशन के उम्मीदवार आदिवासी समुदाय की सुरक्षा के लिए पांचवीं अनुसूची के सख्त कार्यान्वयन के लिए सरकार पर दबाव डालेंगे।

## नवाब मलिक के दामाद की मृत्यु, सितंबर में दुर्घटना में हुए थे घायल

**मुंबई (भाषा)** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक के दामाद समीर खान की रविवार को मृत्यु हो गई। समीर खान सितंबर में एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। मलिक ने इस बारे में जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक संदेश में कहा, चूंकि हम इसका शोक मना रहे हैं, इसलिए अगले दो दिनों के लिए मेरे सभी कार्यक्रम स्थगित हैं। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। मलिक 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मुंबई की मानखुर्द-शिवाजीनगर सीट से राकांपा उम्मीदवार हैं।

## असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने का जश्न मनाने के लिए हफ्ते भर का कार्यक्रम शुरू

**गुवाहाटी (भाषा)** असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने के एक महीने पूरे होने के अवसर पर, असम की भाषाई विविधता का जश्न मनाने के लिए हफ्ते भर का कार्यक्रम रविवार को शुरू हुआ। असमिया भाषा में दिए गए योगदान को सम्मानित करने के लिए राज्य भर में भाषा गौरव सप्ताह के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की पहल की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उम्मीद जताई की कि यह आयोजन लोगों और असमिया संस्कृति के बीच संबंध को और गहरा करेगा।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भाषा गौरव सप्ताह एक उल्लेखनीय प्रयास है, जो असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर लोगों के उत्साह को दर्शाता है। मेरी शुभकामनाएं। सप्ताह भर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम लोगों और असमिया संस्कृति के बीच संबंध को और प्रगाढ़ करें।

मैं असम से बाहर के असमिया लोगों से भी इसमें भाग लेने का आग्रह करता हूं। हाल ही में केंद्र सरकार ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया है।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा, असम की समृद्ध भाषाई विरासत और असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान किए जाने पर हफ्ते भर का उत्सव 'भाषा गौरव सप्ताह' आज से शुरू हो रहा है। इस सप्ताह, विभिन्न भाषाई समूहों के लोग अपनी भाषाओं का जश्न मनाएंगे और इसे संरक्षित करने का संकल्प लेंगे।

## झामुमो ने भाजपा के संकल्प पत्र को बताया झूठ, लूट, ठग पत्र

**रांची (भाषा)** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रविवार को भाजपा के ह्यसंकल्प पत्रह्ण को ह्यझूठ, लूट और ठग पत्रह्ण करार दिया तथा दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव परिणाम से 20 दिन पहले हार स्वीकार कर ली है। झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लाभार्थियों को हेमंत सोरेन सरकार की मैय्या सम्मान योजना के तहत 2,500 रुपये मिलेंगे, जबकि भाजपा की गोगो दीदी योजना के तहत 2,100 रुपये दिए जाएंगे। भट्टाचार्य ने कहा, गृह मंत्री (अमित शाह) झारखंड में पांच लाख नौकरियों का हिसाब मांग रहे हैं। मोदी सरकार ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था। शाह को जवाब देना चाहिए कि क्या उन्होंने 11 साल में 22 करोड़ नौकरियां दी हैं। 22 करोड़ को छोड़ो, सिर्फ दो करोड़ नौकरियों के आंकड़े बताओ। उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में अन्य लाभार्थियों को प्रभावित किए बिना ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा, हम पहले ही एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 26 प्रतिशत और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का आश्वासन देते हुए एक विधेयक पारित कर चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में ओबीसी कोटा 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था।

## गोवर्धन परिक्रमा समस्त देवी-देवताओं के ऋण से मुक्ति दिलाता है : अर्द्धमौनी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**संकटमोचन** धाम, वेद मन्दिर, विजय नगर में आयोजित गोवर्धन महोत्सव में धर्मगुरु एवं प्रान्त प्रमुख मन्दिर एवं अर्चक-पुरोहित श्रीमन्धीरशान्त दास 'अर्द्धमौनी' ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों पर कृपा करने को गोवर्धन पर्वत के रूप में अवतरण किया। जो मनुष्य गिरिराज परिक्रमा करते हैं तो तैंतीस करोड़ देवी-देवता अपने ऋण से मुक्त कर देते हैं। महान भक्त श्री प्रल्हाद महाराज पर भगवान श्री नृसिंह ने कृपा की, ध्रुव महाराज पर भगवान नारायण ने कृपा की। अंबरीश महाराज तथा राजा जनक महाराज दशरथ राजा भरत महाराज खटवांग आदि सभी महान महान भक्त थे, इतने उत्तम महा भागवतों पर यदि भगवान ने कृपा की तो यह बड़े आश्चर्य की बात नहीं है। यह तो स्वभाविक है। किंतु भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु ने संसार के सबसे बड़े पापी एवं अत्याचारी पर भी अपनी पूरी पूरी कृपा की एवं सभी पापियों तथा पतित आत्माओं का उद्धार करने के लिए तत्पर हैं।

भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु को परम उदार यानी परम दयालु कहा गया है। आज के इस कलियुग में सभी पापी हैं। हमें सदैव भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु की शरण लेनी चाहिए ,जो हमारी योग्यताओं का विचार किए बिना हम पर कृपा करने के लिए तत्पर हैं। कृष्ण कृपा मूर्ति श्रील ऐ सी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद जी ने भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु के विग्रह तथा शिक्षाओ को सारे विश्व में स्थापित किया। जिससे आज सभी देशों में लोग भगवत भक्ति को स्वीकार करके जीवन सफल कर रहे हैं। व्यवस्था में राजेश त्रिपाठी, दिलीप अग्रवाल, अनिल सिक्का, अमित दुबे, सुशील त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, अशोक गुप्ता, रमेश सिंह, शीषपाल, सीमा त्रिपाठी, ज्योति त्रिपाठी, सुधा शर्मा, शुभ्रन दुबे, शोभा अग्रवाल, अर्चना त्रिपाठी, सपना चौधरी, गंगाराम सैनी आदि ने सहयोग दिया।

## यम द्वितिया पर्व : हाथ थामकर हजारों भाई-बहिनो ने लगाई यमुना में डुबकी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**वृंदावन/मथुरा।** यम द्वितीया पर मथुरा के ऐतिहासिक विश्राम घाट पर यमुना स्नान के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। देशभर से हजारों श्रद्धालु मथुरा आये और ब्रह्म मुहूर्त से ही यमुना स्नान शुरू हो गया।

यम की फांस से मुक्ति पाने की अभिलाषा लेकर गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं भाई-बहनों ने एक साथ यमुना स्नान किया। भाई बहन के अटूट प्रेम का त्योहार भैयादूज देश भर में मनाया जा रहा है, लेकिन मथुरा में इसे लेकर कुछ अलग ही धार्मिक मान्यता है।

यहां इस दिन यम की फांस से मुक्ति की कामना लेकर भाई-बहन यमुना में डुबकी लगाते हैं।मथुरा के यमुना तट पुण्य विश्राम घाट पर यमुना धर्म राज का प्राचीन मंदिर है। स्नान के बाद भाई बहन इनका दर्शन करते हैं। यमुना जी को वस्त्र, श्रृंगार सामग्री और धर्मराज को काला वस्त्र अर्पित करते हैं।यम द्वितीया पर यमुना घाटों पर पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। विश्राम घाट तथा उसके आसपास के सभी घाटों पर बल्लियां बांध दी हैं। यमुना में 25 फीट तक श्रद्धालुओं के स्नान सुनिश्चित करने के लिए बल्लियां लगाई गई हैं। यहां पीएसी के गोताखोरों की तैनाती की गई। यहां सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये है।

## उत्तराखंड : बंद हुए केदारनाथ, यमुनोत्री के कपाट



**देहरादून (भाषा)** केदारनाथ और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट रविवार को भाई दूज के अवसर पर वैदिक अनुष्ठानों के बीच बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों, मंदिर समिति और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। मंदिर समिति के अधिकारियों ने बताया कि केदारनाथ मंदिर सुबह 8:30 बजे और यमुनोत्री मंदिर दोपहर 12:05 बजे बंद कर दिए गए। दोनों मंदिरों के कपाट बंद होने के बाद केदारनाथ में भगवान शिव और यमुनोत्री की अधिष्ठात्री देवी यमुना की मूर्तियां पालकियों में सवार करके इनके शीतकालीन निवास उखीमठ और खरसाली भेजी गईं।

हिमालयी मंदिर के कपाट बंद होने का समारोह देखने के लिए 18,000 से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ पहुंचे। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि मंदिर के कपाट बंद होने से पहले तड़के चार बजे एक भव्य समारोह शुरू हुआ। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि यात्रा सीजन के दौरान 16.5 लाख से अधिक तीर्थयात्री पूजा-अर्चना के लिए केदारनाथ पहुंचे।

गढ़वाल हिमालय में 11,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित 12 ज्योतिलिंगों में से एक है। यह हर साल लाखों तीर्थयात्रियों के लिए एक लोकप्रिय तीर्थस्थल होता है। मंदिर सर्दी के दौरान बर्फ गिरने के कारण बंद रहता है। मंदिर समिति के एक अधिकारी ने बताया कि यमुनोत्री धाम अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:05 बजे बंद कर दिया गया। एक अन्य चारधाम मंदिर गंगोत्री को शनिवार को बंद कर दिया गया था। बद्रीनाथ 17 नवंबर को बंद होगा।

## सरकार हमारे उस प्रस्ताव से कदम पीछे खींच रही जिससे चार लाख नौकरियों का सृजन होताः तेजस्वी



**पटना (भाषा)** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को नीतीश कुमार सरकार पर आरोप लगाया कि वह उनके उस प्रस्ताव से कदम पीछे खींच रही है जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक लाख नौकरियों का सृजना हुआ होता। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी ने पटना स्थित मोइनुल हक स्टेडियम के नवीनीकरण के लिए खेल विभाग और बीसीसीआई के बीच हस्ताक्षरित होने वाले प्रस्तावित समझौता ज्ञापन को हाल ही में मिली कैबिनेट मंजूरी को लेकर श्रेय लेने का दावा किया।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री होने के नाते नीतीश कुमार को विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर भर्तियों का श्रेय मिल सकता है। लेकिन हर कोई उनकी अविश्वसनीयता को याद कर सकता है, जब मैंने पहली बार 10 लाख नौकरियों का वादा किया था। उन्होंने मुझे इस टिप्पणी के साथ ताना मारा था कि क्या मैं इस पर आने वाले खर्च को पूरा करने के लिए अपने पिता के पैसे का उपयोग करूंगा। लेकिन 17 महीने तक सत्ता साझा करने के दौरान हमने उनसे इस पर काम कराया।

राज्य में किये गए अच्छे काम का श्रेय लेने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के साथ होड़ में शामिल तेजस्वी ने कहा, आप किसी भी विभाग का नाम लें, चाहे वह शिक्षा हो, एक विभाग जो हमारी पार्टी के पास रहा... यहां तक कि खेल नीति और मोइनुल हक स्टेडियम जैसे गतिशील प्रस्तावों की परिकल्पना भी हमने ही की थी।

उपमुख्यमंत्री के रूप में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले यादव ने यह भी कहा, सार्वजनिक स्वास्थ्य कैडर स्थापित करने का प्रस्ताव (जिससे 1.5 लाख नौकरियां सृजित होतीं) पर मुख्यमंत्री ने राज्य कैबिनेट में रोक लगा दी थी। अब वह वहां है। अब वहां कोई तेजस्वी सुर्खियों में आने के लिए नहीं हैं, मैं उनसे हाथ जोड़कर आग्रह करता हूं कि वे इसे आगे बढ़ाएं।

चार निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू करने से पहले राजद नेता ने यहां पत्रकारों से बातचीत में विश्वास व्यक्त किया कि इंडिया गुट विजयी होगा।

# झारखंड में भाजपा का एकमात्र चुनावी मुद्दा ध्रुवीकरण और सांप्रदायिकता का वायरस फैलाना : कांग्रेस



**नयी दिल्ली (भाषा)** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र से यह साफ हो गया है कि उसके चुनाव अभियान का एक मात्र मुद्दा ध्रुवीकरण करना और सांप्रदायिकता का वायरस फैलाना है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जिन्होंने आज घोषणापत्र जारी किया, और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की भाषा यह स्पष्ट करती है कि भाजपा चुनाव के दौरान केवल ह्यकट्टरता के प्रसार, पूर्वाग्रह और धर्म के नाम पर नफरत भड़काने पर निर्भर रहेगी। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा।

रमेश ने यह भी कहा कि भाजपा जाति जनगणना और राज्य के विकास को सुनिश्चित करने की केंद्र सरकार की जिम्मेदारियों के मुद्दे पर चुप है। कांग्रेस नेता ने अपने पोस्ट में कहा, आज झारखंड के लिए जारी घोषणापत्र से यह स्पष्ट है कि भाजपा के पास चुनाव अभियान के लिए केवल एक मुद्दा है-ध्रुवीकरण और सांप्रदायिक का वायरस फैलाना।

उन्होंने कहा, घोषणापत्र जारी करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के चुनाव अभियान के प्रभारी असम के मुख्यमंत्री की भाषा पूरी तरह स्पष्ट करती है कि भाजपा के पास झामुमो-कांग्रेस नीत राज्य सरकार की बेहद लोकप्रिय एवं प्रभावशाली योजनाओं का कोई जवाब नहीं है। इससे पहले, एक अन्य पोस्ट में रमेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जनता से वोट मांगने से पहले लंबित कोयला रॉयल्टी के रूप में झारखंड को 1.36 लाख करोड़ रुपये जारी करने में देरी का हिसाब देना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि झारखंड में कोयला खदानें कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों द्वारा संचालित की जाती हैं, जिन पर राज्य सरकार की भारी रकम बकाया है।

कांग्रेस नेता ने कहा, भूमि मुआवजे का भुगतान न करने के लिए 1,01,142 करोड़ रुपये, सामान्य कारण बकाया मद के तहत 32,000 करोड़ रुपये और ह्यधुले कोयले की रॉयल्टीह्न मद के तहत 2,500 करोड़ रुपये का बकाया है।

उन्होंने भाजपा की झारखंड इकाई पर सवाल उठाते हुए पूछा कि वह राज्य के लिए धन आवंटन सुनिश्चित करने में क्यों विफल रही और प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं।

रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नॉन बायलॉजिकल प्रधानमंत्री इन निधियों को जारी करने में क्यों विफल रहे हैं? क्या झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को वोट देने के कारण झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है? राज्य भाजपा नेतृत्व झारखंड के लिए कोई धनराशि सुनिश्चित करने में असमर्थ क्यों है?

# सामाजिक संगठन ने यमुना नदी की सफाई के लिए अभियान शुरू किया

**नयी दिल्ली (भाषा)** दिल्ली-एनसीआर और ब्रज क्षेत्र में यमुना नदी की सफाई एवं पुनर्जीवन के लिए साल भर चलाए जाने वाले अभियान की शुरूआत रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक सामाजिक संगठन ने की। भिक्षाटन महायज्ञ अभियान भाई दूज त्योहार के अवसर पर ह्ययमुना संसदह्न के संयोजक रविशंकर तिवारी द्वारा शुरू किया गया। संगठन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि तिवारी नदी के पुनर्जीवन के लिए स्थानीय समुदायों, नागरिक संस्था के सदस्यों और पर्यावरण संगठनों के साथ मिलकर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और ब्रज क्षेत्र की यात्रा करते हैं। इसमें कहा गया है, इस पहल का उद्देश्य नदी की नाजुक स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, खासकर दिल्ली-एनसीआर और ब्रज क्षेत्र में। साल भर चलने वाले अभियान का उद्घाटन आईटीओ स्थित छठ घाट के पास किया गया और इसमें समुदाय के प्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों सहित अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। बयान में कहा गया है कि यमुना नदी प्रदूषण और अतिक्रमण के खतरे का सामना कर रही है।

तिवारी ने अभियान में जन भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस पहल के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते दिल्ली-एनसीआर तथा ब्रज क्षेत्र का दौरा करने की योजना बनाई है।

# जमीयत ने तेदेपा, जद(यू) को चेताया, कहाः वक्फ विधेयक पारित हुआ तो वे भी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगी

**नयी दिल्ली (भाषा)** वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) ने रविवार को तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार से इस मामले में मुसलमानों की भावनाओं पर ध्यान देने की गुजारिश की और कहा कि राजग में शामिल जो दल खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हैं, उन्हें इस ₹खतरनाक₹ विधेयक के समर्थन से दूर रहना चाहिए।

जमीयत (एएम) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने यहां आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी राजनीति और सांप्रदायिक नीतियों की वजह से लोकसभा चुनाव में बहुमत का आकंड़ा नहीं छू पायी और वह तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) एवं जनता दल (यूनाइटेड) की बैसाखी से सरकार बना पायी। मुस्लिम संगठन ने यह भी कहा कि अगर विधेयक पारित हुआ तो जिन दो बैसाखियों (तेदेपा व जनता दल-यू) पर केंद्र में भाजपा नीत सरकार चल रही है, वे जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगी।

उन्होंने कहा, यह सरकार दो बैसाखियों पर टिकी है - एक मजबूत बैसाखी चंद्रबाबू हैं और दूसरे बिहार के नीतीश कुमार हैं। मैंने उन्हें (नायडू को) आमंत्रित किया था, उन्होंने माफी मांगी लेकिन अपनी पार्टी के उपाध्यक्ष नवाब जान को भेज दिया। मैं इसे सकारात्मक रूप से देखता हूं क्योंकि वह यहां एकत्रित लोगों की भावनाओं को व्यक्त करेंगे।

मदनी ने यह भी कहा कि मुस्लिम बाहर से नहीं आए हैं, बल्कि इस देश के मूल निवासी हैं और यहां रहने वालों की पहचान मजहब की बुनियाद पर नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि अगर हिंदू गुर्जर, जाट एवं राजपूत हैं तो मुस्लिम भी गुर्जर, जाट और राजपूत हैं तथा कश्मीर में तो मुस्लिम ब्राह्मण भी हैं।

मदनी ने कहा, हम इस मुल्क के रहने वाले हैं। कोई इस मजहब को मानने लगा तो कोई दूसरा मजहब मानने लगा, क्या मजहब की बुनियाद पर हमें जीने का हक नहीं देंगे? उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं - मोतीलाल नेहरू और जहवारलाल नेहरू - ने जमीयत को आश्वासन दिया था कि आजादी के बाद मुल्क धर्मनिरपेक्ष रहेगा तथा मुसलमानों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा, लेकिन उत्तराखंड में भाजपा की सरकार, समान नागरिक संहिता लेकर आई । उन्होंने कहा कि इसका मकसद मुसलमानों को उनके मजहब से दूर करना तथा सरकार निजी मामलों को लेकर जो कानून बनाए, उनका पालन कराना है। उन्होंने कहा, यह किस बात की धर्मनिरपक्षेता है? आपकी (भाजपा की) सरकार का बुनियादी मकसद यह है कि मुसलमान को उसके मजहब से दूर किया जाए। मदनी (81) ने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति और नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो भाजपा 2014 में प्रचंड जनादेश के साथ सत्ता में आई थी और ऐसा लग रहा था कि सारे अन्य दलों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

जमीयत प्रमुख ने कहा कि 10 साल में भाजपा ने जिस नीति को अपनाया है, यह उसी का नतीजा था कि इस बार लोकसभा में भाजपा की सीटें कम हो गईं।

इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणियों को लेकर मदनी ने कहा कि शांति भंग करने के इरादे से इस तरह की टिप्पणियां करना भारत के कानून के खिलाफ है और यह सांप्रदायिकता है।

डासना मंदिर के मुख्य पुजारी महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती का नाम लिये बगैर मदनी ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी करने वालों को नजरबंद कर दिया जाए और टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों को गिरफ्तार किया जाए, तो यह सरकार की सांप्रदायिकता है।

# प्रदूषण रोधी उपायों के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को बहाल किया जाएगाः आतिशी

**नयी दिल्ली (भाषा)** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को घोषणा की कि वायु प्रदूषण से निपटने वाली विभिन्न एजेंसियों की सहायता के लिए पिछले साल बस मार्शल के पद से हटाए गए 10,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (सीडीवी) की तैनाती अगले 2-4 दिन में शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी स्थायी नियुक्ति के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव भी एक सप्ताह के भीतर उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।



ये घोषणाएं उपराज्यपाल द्वारा आतिशी को लिखे पत्र के एक दिन बाद आई हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीडीवी को तुरंत फिर से नियुक्त करने के उनके आदेश के बावजूद उन्हें अभी तक इस संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

सक्सेना ने अपने पत्र में कहा, बेशक, आप और आपकी पार्टी के नेता उनकी बहाली का श्रेय लेने की राजनीति करते रहेंगे, लेकिन आर्थिक रूप से इन कमजोर एवं असहाय लोगों के कल्याण में और देरी किसी भी तरह से सही नहीं है।

राजस्व और वित्त विभागों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद पिछले साल नवंबर में दिल्ली में सार्वजनिक बसों में मार्शल के रूप में काम करने वाले लगभग 10,000 सीडीवी को उनके पदों से हटा दिया गया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सप्ताह एक बैठक में विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए गए विभिन्न प्रदूषण रोधी उपायों के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सीडीवी को पहले ही दी जा चुकी है। उन्होंने कहा, उनकी तैनाती अगले 2-4 दिन में शुरू हो जाएगी।

आतिशी ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि उसे इस मुद्दे पर अपनी गंदी राजनीति बंद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सीडीवी की स्थायी नियुक्ति के लिए उपराज्यपाल को भेजे गए आप सरकार के प्रस्ताव को रोकने का प्रयास करेगी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा जिसकी दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने चेतावनी दी कि अगर रविवार शाम तक बस मार्शलों की दोबारा नियुक्ति का प्रस्ताव उपराज्यपाल को नहीं भेजा गया तो पार्टी मुख्यमंत्री का ह्यघेरावह्न करेगी। आतिशी ने कहा, मैं भाजपा नेताओं से बस मार्शल मुद्दे पर गंदी राजनीति बंद करने के लिए कहना चाहती हूं। पहले, पिछले साल अप्रैल में उनका वेतन रोक दिया गया और आखिरकार भाजपा की साजिश के कारण अक्टूबर, 2023 में उन्हें हटा दिया गया।

# भाजपा को हराने, दिल्ली में अच्छे काम जारी रखने के लिए लोगों के समर्थन की जरूरत : केजरीवाल

**नयी दिल्ली (भाषा)** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने और दिल्ली में अच्छे काम जारी रखने के लिए उन्हें लोगों के समर्थन की जरूरत है।



पूर्व मुख्यमंत्री ने त्योहारों के अवकाश के बाद अपनी पदयात्रा फिर से शुरू की और दिल्ली के लोगों से विधानसभा चुनाव में आप को वोट देने की अपील की। उन्होंने भाजपा पर विकास कार्य रोकने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने दावा किया, मुझे भाजपा को हराने और शहर में अच्छे काम को जारी रखने के लिए आपके समर्थन की आवश्यकता है, क्योंकि मैं यह अकेले नहीं कर सकता। भाजपा अगर सत्ता में आती है, तो वह सारे काम रोक देगी, क्योंकि वह उन राज्यों में (दिल्ली में दी जा रही) सुविधाओं का मुकाबला नहीं कर सकती, जहां वह पहले से ही सत्ता में है।

दावों पर भाजपा की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। फरवरी में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों से पहले आप नेता विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा कर रहे हैं। पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में पदयात्रा करने वाले केजरीवाल ने सत्ता में लौटने पर पानी और बिजली के बढ़े हुए बिल माफ करने का अपना वादा दोहराया।

उन्होंने दावा किया, फरवरी में हमारी सरकार बनवा दीजिए, आपके सभी बढ़े हुए बिल माफ कर दिए जाएंगे, जैसा कि हमने पहले किया था। इसलिए, इन शुल्कों का भुगतान करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# सांप्रदायिक नीतियों की वजह से लोकसभा में भाजपा की कम सीट आईंः अरशद मदनी

**नयी दिल्ली (भाषा)** जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने रविवार को यहां दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी राजनीति और सांप्रदायिक नीतियों की वजह से लोकसभा चुनाव में बहुमत का आकंड़ा नहीं छू पायी, और तेलूगु देशम पार्टी एवं जनता दल (युनाइटेड) की बैसाखी से वह सरकार बना पायी। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए मदनी ने कहा कि मुस्लिम बाहर से नहीं आए हैं, बल्कि इस देश के मूल निवासी हैं और यहां रहने वालों की पहचान मजहब की बुनियाद पर नहीं हो सकती है।

उन्होंने कहा कि अगर हिंदू गुर्जर, जाट एवं राजपूत हैं तो मुस्लिम भी गुर्जर, जाट और राजपूत हैं तथा कश्मीर में तो मुस्लिम भी ब्राह्मण हैं। मदनी ने कहा, हम इस मुल्क के रहने वाले हैं। कोई इस मजहब को मानने लगा तो कोई दूसरा मजहब मानने लगा, क्या मजहब की बुनियाद पर हमें इस जीने का हक नहीं देंगे? उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं - मोतीलाल नेहरू और जहवारलाल नेहरू - ने जमीयत को आश्वासन दिया था कि आजादी के बाद मुल्क धर्मनिरपेक्ष रहेगा तथा मुसलमानों को उनके धार्मिक एवं सांस्कृतिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा, लेकिन उत्तराखंड में भाजपा की सरकार, समान नागरिक संहिता लेकर आई ।

उन्होंने कहा कि इसका मकसद मुसलमानों को उनके मजहब से दूर करना तथा सरकार निजी मामलों को लेकर जो कानून बनाए, उनका पालन कराना है।

उन्होंने कहा, यह किस बात की धर्मनिरपक्षेता है? आपकी (भाजपा की) सरकार का बुनियादी मकसद यह है कि मुसलमान को उसके मजहब से दूर किया जाए।

मदनी (81) ने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति और नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो भाजपा 2014 में प्रचंड जनादेश के साथ सत्ता में आई थी और ऐसा लग रहा था कि सारे अन्य दलों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

# दिल्ली : हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद पर दो बहनों ने पूर्व डीएसपी पर हमला किया, गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (भाषा)** पूर्वी दिल्ली के वसुंधरा एन्क्लेव इलाके में हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद दो बहनों ने उत्तर प्रदेश के एक पूर्व पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के घर में घुसकर उन पर और उनके परिवार पर कथित तौर पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात को हुई, जब कैंसर के मरीज पूर्व डीएसपी अशोक शर्मा ने एक दिन पहले दोनों बहनों से कार का हॉर्न न बजाने का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि इस हमले में अशोक शर्मा को मामूली चोट आई है। अधिकारी ने बताया कि दोनों बहनें छवि जैन (21) और भव्या जैन (23) अनेकांत अपार्टमेंट में रहती हैं और इसी सोसायटी में पूर्व डीएसपी शर्मा भी रहते हैं। अधिकारी ने कहा, ऐसा आरोप है कि दोनों बहनें शनिवार को शर्मा के घर में जबरन घुस आईं और चाकू लेकर उन पर और उनके परिवार पर हमला कर दिया। इस दौरान हंगामा हुआ और पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। कुछ लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन इस हमले के कारण उन्हें भी हल्की चोट पहुंची।

पुलिस ने बताया कि इस हमले के बाद दोनों बहनों ने अपने वाहन से भागने की कोशिश की और कथित तौर पर एक स्कूटर सवार को टक्कर मार दी। उसने बताया कि आरोपी बहनें स्कूटर सवार को कथित तौर पर कुछ मीटर तक घसीटते हुए ले गईं और इस दौरान एक पुलिसकर्मी को भी घायल कर दिया।

अधिकारी के अनुसार, मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बहनों का पीछा किया और उन्हें नोएडा से पकड़ लिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, पूर्व डीएसपी शर्मा, उनकी बेटी रीना, हेड कांस्टेबल सुनील और स्कूटर सवार जोगिंदर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दोनों बहनों के खिलाफ न्यू अशोक नगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

अधिकारी ने बताया कि दोनों बहनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(2) (हत्या का प्रयास), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 126(2) (गलत तरीके से रोकना), 221 (लोक सेवक के सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन में बाधा डालना) और 132 (लोक सेवक पर हमला करना या आपराधिक बल प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि दोनों बहनें झगड़ालू मिजाज की हैं और उन्होंने कुछ महीने पहले एक विवाद के चलते कथित तौर पर एक सुरक्षा गार्ड को बंधक बना लिया था।

# दिल्ली : कार सवार ने यातायात पुलिसकर्मियों को टक्कर मारने के बाद 20 मीटर तक घसीटा

**नयी दिल्ली (भाषा)** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में सामने आए 'हिट एंड रन' के एक मामले में कार सवार ने ड्यूटी पर तैनात दिल्ली यातायात पुलिस के दो कर्मियों को टक्कर मारने के बाद करीब 20 मीटर तक घसीटा। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार यह घटना शनिवार शाम करीब पौने आठ बजे वेदांत देशिका मार्ग के पास बेर सराय 'ट्रैफिक लाइट' पर हुई।



अधिकारी ने कहा, एएसआई प्रमोद और हेड कांस्टेबल शैलेश को आई चोटें मामूली हैं, लेकिन उन्हें जान से मारने की मंशा थी। हत्या के प्रयास और सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा लोगों की जान को खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

घटना के दो कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें कार द्वारा दोनों यातायात पुलिसकर्मियों को घसीटते हुए दिखाया गया, वीडियो में पुलिसकर्मी कार का बोनट पकड़े हुए दिख रहे हैं।

वीडियो में चालक द्वारा ब्रेक लगाने और उसे टक्कर मारने की कोशिश करने पर एक पुलिसकर्मी जमीन पर गिरता हुआ देखा गया। अधिकारी ने बताया, किशनगढ़ पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल आई थी, जिसमें बताया गया था कि एक अज्ञात वाहन ने ड्यूटी पर तैनात यातायात कर्मियों को टक्कर मार दी है और चालक मौके से फरार हो गया है।

उन्होंने बताया कि एक टीम तुरंत घटनास्थल पर भेजी गई और जहां उन्हें पता चला कि घायल कर्मियों को पीसीआर वैन द्वारा सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया है।

अधिकारी ने बताया कि टीम अस्पताल पहुंची और पाया कि सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) प्रमोद और हेड कांस्टेबल शैलेश चौहान होश में हैं और उनकी हालत स्थिर है। अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने अपने बयान में कहा है कि वे नियमित प्रक्रिया के तहत यातायात उल्लंघन को लेकर चालान काट रहे थे। शाम करीब पौने आठ बजे एक कार ने लाल बत्ती पार की और जब शैलेश ने रुकने का इशारा किया, तो कार चालक पहले तो ठहरा, लेकिन तुरंत ही दोनों कर्मियों को वाहन से टक्कर मार उन्हें करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए तेजी से भाग गया। पुलिस ने कहा कि उसने वाहन मालिक की पहचान कर ली है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गाजियाबाद में अदालत में हुई झड़प को लेकर चार नवंबर को दिल्ली के वकीलों की हड़ताल

**नयी दिल्ली (भाषा)** दिल्ली के सभी बार एसोसिएशन की एक समिति ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में अदालत कक्ष में वकीलों पर हुए कथित हमले के खिलाफ सोमवार को हड़ताल करने की घोषणा की है।



दरअसल, 29 अक्टूबर को गाजियाबाद के एक अदालत कक्ष में वकीलों और लाठीधारी पुलिसकर्मियों के बीच उस समय झड़प हो गई थी, जब न्यायाधीश ने असहमति के कारण उनके खिलाफ नारे लगा रहे प्रदर्शनकारी वकीलों के एक समूह को हटाने के लिए पुलिस बल को बुलाया था।

कुछ वकीलों ने दावा किया कि पुलिसकर्मियों के लाठियां मारने से वे घायल हो गए, जबकि पुलिस अधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी वकीलों ने एक स्थानीय चौकी में आग लगा दी।

समिति ने रविवार को एक संदेश में कहा, आज (रविवार को) दिल्ली के सभी बार एसोसिएशन की समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण और आकस्मिक बैठक हुई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वकील जिला न्यायाधीश के निर्देश पर पुलिस द्वारा गाजियाबाद में एक निर्दोष वकील पर किए गए क्रूरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करते हुए चार नवंबर को हड़ताल करेंगे।

# दुष्कर्म मामले में आरोपपत्र रद्द करने संबंधी पूर्व सैन्य अधिकारी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई

**नयी दिल्ली (भाषा)** उच्चतम न्यायालय एक पूर्व सैन्य अधिकारी की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें उसने कथित बलात्कार मामले में अपने खिलाफ दायर आरोपपत्र को निरस्त करने का आग्रह किया है।



न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ कैप्टन राकेश वालिया (सेवानिवृत्त) की याचिका पर सुनवाई करेगी जिन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के याचिका खारिज करने संबंधी आदेश को चुनौती दी है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे द्वारा दायर याचिका में तर्क दिया गया कि उच्च न्यायालय ने इस महत्वपूर्ण तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि पिछले आठ वर्षों में शिकायतकर्ता ने याचिककर्ता सहित सात अलग-अलग थानों में नौ अलग-अलग व्यक्तियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और गलत तरीके से सात प्राथमिकी दर्ज कराई हैं।

उच्च न्यायालय ने 31 जुलाई के अपने आदेश में कहा था कि निचली अदालत में मामला है और वह याचिककर्ता की ओर से दी गईं दलीलों पर विचार करने के बाद उचित आदेश पारित करेगी।

याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता 63 साल का है और भारतीय सेना का एक सम्मानित अधिकारी रहा है। वह गंभीर चिकित्सा बीमारियों से ग्रस्त है और उसे दिल का बड़ा दौरा पड़ा था तथा उसे दो स्टेंट लगाए गए हैं। उसे कैंसर होने का भी पता चला है।

इसमें कहा गया कि वह कानूनी प्रक्रिया का गंभीर दुरुपयोग करने वाली शिकायतकर्ता से उत्पीड़ित है जिसका काम बलात्कार और छेड़छाड़ संबंधी कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग करके और निर्दोष नागरिकों को झूठे मामलों में फंसाकर सम्मानित नागरिकों से (उनकी)मेहनत की कमाई वसूलना है।

याचिका के अनुसार, 2019-2020 के आसपास कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान याचिकाकर्ता से शिकायतकर्ता ने संपर्क किया था, जिसने खुद को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बताकर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर पूर्व सैन्य अधिकारी की पुस्तक ब्रोकन क्रेयॉन कैन स्टिल कलर के प्रचार की बात कही।

इसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता को शिकायतकर्ता के प्रस्ताव में दिलचस्पी हुई और जून 2021 के आसपास लॉकडाउन के तुरंत बाद उसकी सेवा लेने का फैसला किया।


याचिका में कहा गया कि इसके बाद 29 दिसंबर 2021 को याचिकाकर्ता अपनी आत्मकथा को प्रचारित करने के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए लड़की से व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए सहमत हुआ और वे छतरपुर मेट्रो स्टेशन पर मिले तथा नोएडा की ओर गए।

इसमें कहा गया, उस दिन बाद में, याचिकाकर्ता ने लड़की को बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, सेक्टर 38, नोएडा में पुलिस चौकी के सामने छोड़ दिया। इसके बाद, याचिकाकर्ता को तब झटका लगा जब उसे शाम करीब 6:00 बजे सेक्टर 37 नोएडा पुलिस चौकी से फोन आया, जिसमें कहा गया कि प्रतिवादी संख्या 2 (लड़की) शाम लगभग 5 बजे पुलिस चौकी आई और आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता ने उसे नशीला पदार्थ पिलाने के बाद शाम 4:15 बजे उसके साथ बलात्कार किया था।

# आतंकी हमले में मुजफ्फरनगर का जवान शहीद

## देर रात सेना के अधिकारियों ने जवान के परिजनों को दी सूचना

- गाँव मे शोक की लहर, परिजन व ग्रामीण पार्थिव शरीर की प्रतीक्षा में
- 2015 में सेना में भर्ती हुआ था विवेक देशवाल, जम्मू-कश्मीर में थी तैनाती





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुजफ्फरनगर। शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव शाहजुड़डी निवासी सेना का जवान जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए बलिदान हो गया। देर रात आर्मी के अधिकारियों ने जवान के स्वजन को सूचना दी तो घर मे कोहराम मच गया। स्वजन के अनुसार जवान का पार्थिव शरीर रविवार शाम को पहुंचेगा। गांव शाहजुड़डी निवासी विवेक देशवाल पुत्र सन्तरपाल देशवाल सेना में जवान थे। 2015 में सेना में भर्ती होने के बाद पिछले तीन वर्षों से जम्मू कश्मीर में इंडियन आर्मी 28एएडी में लांसनायक थे। 30 वर्षीय जवान विवेक देशवाल की तैनाती श्रीनगर में थी। शनिवार देर रात को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में बलिदान हो गए। आर्मी की ओर से अधिकारियों ने फोन कर बलिदानी जवान के घर पर सूचना दी तो कोहराम मच गया। स्वजन को आर्मी अधिकारियों ने बताया कि विवेक देशवाल के सिर में छह गोलियां लगी हैं। पिता सन्तरपाल देशवाल के अनुसार सेना के साथ मुठभेड़ थी या आतंकी हमला हुआ इसकी सही जानकारी नहीं दी गई। बलिदानी के चाचा नरेंद्र देशवाल ने बताया कि रविवार शाम चार बजे आर्मी जवान का पार्थिव शरीर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने के बाद गांव शाहजुड़डी लाया जाएगा। तैनाती स्थल से घर पर वीडियो काल कर अपने परिवार के साथ दीपावली पूजन कराने के साथ शनिवार दोपहर को भी अपने पिता से गोवर्धन पूजा के समय की जानकारी लेकर रात में गोवर्धन पूजा के समय वीडियो काल करने को कहा था। परिवार के लोगों ने शाम के समय उनके फोन के आने का इन्तजार कर पूजन कर लिया। रात लगभग 10 बजे आर्मी की ओर से आए फोन काल ने पूरे परिवार में कोहराम मचा दिया। बलिदानी विवेक देशवाल की माता का बीमारी के चलते इसी वर्ष अप्रैल में निधन हो गया था। माता की बीमारी के समय दिल्ली में अस्थाई तैनाती के बाद विवेक को पुनः श्रीनगर भेज दिया गया था। घर पर पिता, पत्नी व एक पांच वर्षीय लड़का व साढ़े तीन वर्षीय लड़की है। विवेक देशवाल के बलिदान होने की सूचना पर परिवार सहित पूरे गांव में शोक छा गया। पत्नी व पिता का रो रोकर बुरा हाल है। मेरठ यूनिट के अधिकारियों ने स्वजन से सम्पर्क कर उन्हें सांत्वना दी। सुरक्षा बलों ने लोगों को सुरक्षित निकाला जवानों ने मुठभेड़ के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना न सिर्फ आसपास के मकानों से लोगों को सुरक्षित निकाला बल्कि आतंकी ठिकाना बने मकान के मालिक व उसके परिजनों को बाहर निकाला। इस दौरान गोली लगने से सीआरपीएफ के दो और एसओजी के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। इस बीच, आतंकी ठिकाना बने मकान में एक जोरदार धमाका हुआ और आग लग गई।

**डीएम बोले-मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि नहीं:** डीएम उमेश कुमार मिश्रा का कहना है कि सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी से बात हुई है। फिलहाल देशवाल के मुठभेड़ में मारे जाने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। जैसे ही आगे का इनपुट आएगा उसकी जानकारी दी जाएगी।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव पहुंचकर बंधाया ढांढस

शाहपुर क्षेत्र के गाँव शाहजुडी निवासी सेना के जवान विवेक देशवाल की आतंकवादी हमले के दौरान हुई मौत की सूचना मिलते हो एसडीएम बुढाना राजकुमार, सीओ बुढाना गजेंद्र सिंह, थाना प्रभारी शाहपुर सुनील कसाना, देशवाल खाप चैधरी शर्नवीर देशवाल आदि ने पंहुचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। परिजनों के मुताबिक पार्थिव शरीर कल सुबह सवेरे तक गांव पँहुचेगा। जंहा पर पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## दिल्ली कान्फ्रेंस के लिए रवाना हुए उलेमा



**नेशनल एक्सप्रेस**

बिजनौर/नजीबाबाद। जमियत उलमा ए हिन्द की दिल्ली में आयोजित होने वाली कान्फ्रेंस में शामिल होने के लिए नजीबाबाद से उलेमाओं के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोगे रवाना हुए। तीन नवंबर (आज) इन्दिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में जमियत उलमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना अरशद मदनी के आह्वान पर भारतीय संविधान संरक्षण कन्वेंशन कांफ्रेंस आयोजित होगी जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के मद्दे उठाए जाएंगे।

कान्फ्रेंस में देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग दिल्ली पहुंचेंगे। नजीबाबाद से मुफ्ति मोहम्मद अरशद कासमी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोग कान्फ्रेंस के लिए रवाना हुए। जिसमें कारी फहीम, हाफिज आरिफ, हाफिज वसीम मास्टर अनीस अख्तर फारूकी, शाकिर, नदीम फारूकी, मौ मरगूब, चांदू शहजाद, मौ अफजाल, शकील मौ शाहरुख आदि लोग शामिल रहें।

## जेल में बहनों ने भाईयों को किया टीका, तो भाई हुए भावुक

### बहनों व बच्चों से मुलाकात के बाद बंदी नजर आए तनावमुक्त





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुजफ्फरनगर। भाई-दूज के पावन पर्व पर जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में निरुद्ध बंदियों की उनकी बहनों से विशेष मुलाकात करायी गयी। कारागार प्रशासन की ओर से कारागार पर मिलने आने वाले बहनो व बच्चों के लिए विशेष ज्ञान व मिष्ठान आदि की व्यवस्था की गयी। भैया दूज पर कारागार पर आयी बहनों ने कारागार में निरुद्ध अपने भाईयों को टीका कर अपराध जगत छोड़ने का संकल्प दिलाया। उक्त मुलाकात के दौरान बंदी व बहनें भावुक दिखाई दिए। जेल अधीक्षक अभिषेक चैधरी ने बताया कि भाई-दूज के पावन पर्व को कारागार में निरुद्ध बंदियों व मुलाकात पर आयी उनकी बहनों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया। साथ ही बहनों व बच्चों से मुलाकात कर बंदी भी तनाव मुक्त नजर आये। इस पावन पर्व पर महिलाओं एवं बच्चों ने कारागार में निरुद्ध अपने भाइयों से मुलाकात की। इसके अतिरिक्त कारागार की महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों से भी उनके भाईयों ने कारागार पर पहुँचकर तिलक करवाया। इस अवसर पर मुलाकात के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए बंदियों एवं बहनों ने जेल अधीक्षक अभिषेक चैधरी, जेलर राजेश कुमार सिंह एवं समस्त कारागार स्टाफ का भावपूर्ण आभार व्यक्त किया। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. परितोष मुद्गल शर्मा, डिप्टी जेलर दीपक सिंह, डिप्टी जेलर हेमराज सिंह, डिप्टी जेलर यश केन्द्र यादव समेत अन्य कारागार स्टाफ मौजूद रहे।

## बहनों ने की भाईयों को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर रही मारा-मारी, यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुजफ्फरनगर। भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भैया दूज पर्व जनपदभर में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाईयों का तिलक कर उनकी दीघार्यु की कामना की, वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर अपना प्यार दशार्या। सुबह से ही सड़कों पर बहनों से तिलक कराने के लिए निकले भाईयों की भीड़ सड़कों पर दिखाई दी। जहां निजी वाहनों से सड़कें भरी रहीं, वहीं पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर भी भारी भीड़ रही। रोडवेज, रेलवे स्टेशन व निजी बस अड्डों पर सवारी न मिलने के कारण यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

रविवार को भैया दूज का त्यौहार मनाया गया। हर साल भैया दूज का त्यौहार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाती हैं और उनकी खुशहाली और लंबी आयु की कामना करती हैं। वहीं भाई भी अपनी बहन को कुछ उपहार स्वरूप देता है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की बसो में काफी भीड़ होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार को खादर रोड पर प्राइवेट व उत्तर प्रदेश परिवहन की बसों में भारी भीड़ देखने को मिली है। इस अवसर पर परिवहन विभाग ने पहले से कोई भी अतिरिक्त वाहनों का इंतजाम नहीं किया था, जिस करण महिलाओं और बच्चों को बस में चढ़ने और उतरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर रोडवेज बस स्टेंड पर भी यात्रियों की काफी भीड़ थी, हालांकि परिवहन विभाग द्वारा बसों के अतिरिक्त फेरे लगाये गये थे, परन्तु इसके बावजूद भी बस लबालब भरी रही और अनेकों यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ा। यही हाल रेलवे के डिब्बों में था। रेलवे स्टेशन भीड़ से भरे हुए थे और ट्रेन के आते ही यात्रियों से रेल के डिब्बे लबालब भर गये थे, जिसके चलते अनेकों यात्रियों को लटककर अपना सफर तय करना पड़ा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की अपेक्षा ज्यादातर भाइयों ने निजी ट्रांसपोर्ट को अहमियत दी, जिसके चलते बाईकों व कारों से सड़कें भरी हुई नजर आयी। यातायात पुलिस द्वारा मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी को अंजाम देते हुए इस बात का ध्यान रखा गया कि किसी भी सूरत में जाम न लगने पाये।

### डग्गामार वाहनों की कटी चांदी

भाई दूज के त्यौहार के चलते डग्गामार वाहनों की चांदी कटी रही। रोडवेज बसों की संख्या कम होने के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ा, जिसका फायदा उठाते हुए डग्गामार वाहनों द्वारा आम दिनों की अपेक्षा आज सवारियों से ज्यादा किराया वसूला गया। डग्गामार वाहनों द्वारा सवारियों को अधिक से अधिक संख्या में अपने वाहनों में बैठाया गया और दूसरी ओर किराया भी अधिक वसूला गया, जिसके चलते उनकी बल्ले-बल्ले रही।

## जंगल में चल रही अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुजफ्फरनगर। मीरापुर पुलिस ने भुम्मा नहर पुल के समीप एक गन्ने के खेत में चल रही अवैध शस्त्र बनाने फैक्ट्री पकड़ी। पुलिस को मौके से भारी मात्रा में बने तथा अधबने तमंचे तथा तमंचे बनाने के उपकरण मिले। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार बनाने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि शनिवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि भुम्मा नहर पुल के समीप एक गन्ने के खेत में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चल रही है जिसमें एक व्यक्ति अवैध तमंचे बना रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताए गए खेत की घेराबंदी करते हुए छापेमारी की तो पुलिस को वहाँ तमंचा फैक्ट्री चलती मिली , जिसमें एक अवैध शस्त्र बनाते एक युवक को पुलिस ने मौके से दबोच लिया। पुलिस को मौके से दो तैयार तमंचे 12 बोर,दो तैयार तमंचे 315 बोर,दो तैयार मस्कट 12 बोर व दो कारतूस व कई अधबने तमंचे तथा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भुम्मा निवासी निसार पुत्र यासीन बताया। इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि आरोपी पर जनपद के थाना सिविल लाईन व थाना मीरापुर में आधा दर्जन से भी अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है ।पुलिस ने लिखापढ़ी कर आरोपी का चालान कर दिया।

## गोवर्धन पूजा पर हुए बवाल मामले में तीन गिरफ्तार

### दो पक्षों में संघर्ष, एक पक्ष ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुजफ्फरनगर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क पर देर रात गोवर्धन पूजा के दौरान हंगामा हो गया। एक पक्ष के लोगों ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। जिसके चलते माहौल गर्मा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया और एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। जबकि घायल को जिला अस्पताल भेजा गया है। मामले को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता बरत रहे हैं। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और भाजपा नेताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित से से घटना की जानकारी ली। एएसपी व्योम बिंदल ने बताया कि थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कच्ची सड़क स्थित मल्लहूपुरा बस्ती में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। उन्होंने बताया कि यह भी आरोप लगाया गया कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई है। सूचना पर थाना सिविल लाइन पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक आरोपी को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने तहरीर पर आठ नामजद व 10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उधर घटना की जानकारी पाकर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल अन्य भाजपा नेताओं को साथ लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और घायल का हाल-चाल जाना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई करायी जायेगी। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि आरोपी सन्नो, समीर व नवाब को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार ने तहरीर पर गोवर्धन पर थूकने का आरोप भी लगाया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

## बिलाई चीनी मिल के नवीन सत्र का शुभारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस**



बिजनौर। बिलाई चीनी मिल के पेराई सत्र का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शुभारंभ किया गया। रविवार की सुबह मिल परिसर में पंडित नरेश चंद्र शास्त्री द्वारा विधि-विधान से यज्ञ-हवन संपन्न कराया गया जिसमें मुख्य यजमान यूनिट हेड विजय वीर सिंह रहे।

सत्र 2024-25 पेराई सत्र के शुभारंभ कार्यक्रम में मिल गेट के कांटों पर गन्ना लेकर पहली बैल बुग्गी लाने वाले किसान सत्यपाल सिंह भगत जी निवासी ग्राम फड़ियापुर, राजेंद्र सिंह, मानव चौधरी निवासी ग्राम नांगल जट को चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, यूनिट हेड विजय वीर सिंह द्वारा मुंह मीठा कराया गया और उपहार देकर सम्मानित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधायक स्वामी ओमवेश, यूनिट हेड विजयवीर सिंह, श्री राहुल चौधरी, सीनियर जीएम केन, पंकज अग्रवाल, जीएम प्रोडक्शन, सीनियर डीजीएम, गोपाल कुमार आदि अधिकारियों व किसानों ने मिल की चैन में गन्नों की पूली डालकर नवीन पराई सत्र का शुभारंभ किया।

इस मौके पर महावीर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, आचार्य नरेंद्र सिंह, नवनीत सिंह नांगल जाट, नरेश कुमार चेयरमैन हल्दौर गन्ना समिति, राजेंद्र सिंह चेयरमैन बिजनौर समिति, राहुल सिंह चेयरमैन चांदपुर समिति, विजेंद्र सिंह ब्लाक प्रमुख हल्दौर, राकेश सिंह ब्लाक प्रमुख नेहतौर, विजयपाल सिंह, राजपाल सिंह, दुष्यंत सिंह, राजेश्वर सिंह, अशोक सिंह, भानु प्रताप सिंह, कारखाना प्रबंधन संजय गोयल, कपिल त्यागी, सहायक महाप्रबंधक एडमिन सिक्योरिटी आदि मौजूद रहे।

# अबकी बार पैर में गोली लगी, अगली बार सीने में मारेंगे, कहते हुए वीडियो वायरल

नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा

चन्दौसी (सम्भल) सीता आश्रम रोड स्थित श्मशान घाट में हुई चोरी सात मंदिरों में पुलिस ने मंदिर में घंटा चुराने वाले चोर को एनकाउंटर में घायल कर पकड़ लिया था 2 दिन पहले । पुलिस ने आरोपी के पैर में गोली मारी, जिसके बाद उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। इस दौरान सम्भल के एसपी कृष्ण कुमार ने स्ट्रेचर पर आरोपी से बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एसपी चोर से कहते हुए नजर आ रहे हैं कि अगर अगली बार चोरी की तो पैर में नहीं सीधे सीने में गोली मारेंगे। वायरल वीडियो में एसपी बिश?नोई ने आरोपी से पूछा कि मंदिर में घंटा चोरी क्यों करते हो। अगर आगे से चोरी की तो इस बार पैर में गोली लगी, अगली बार सीने में लगेगी। एसपी ने दोबारा चोर से पूछा कि कहां लगेगी गोली तो चोर बोला- 'सीने में लगेगी।' आरोपी एसपी के सामने कान पकड़कर माफी मांगता भी नजर आ रहा है।





सम्भल पुलिस ने एक जिहादी चोर गिरोह का खुलासा किया है पुलिस ने मुठभेड़ में इस गिरोह के सरगना शौकीन को अरेस्ट कर लिया इस बदमाश के पैर में गोली लगी थी । हालांकि इसका साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया था । पुलिस ने इस बदमाश की भी पहचान कर ली है और उसकी धरपकड़ के लिए दबिश तेज कर दी है पुलिस की पूछताछ में चोर शौकीन ने बताया था कि वह केवल हिन्दू मंदिरों को टारगेट करता था और मौका देखकर मंदिरों में घुसकर दानपात्र को खाली कर देता था ।

एसपी सम्भल ने खुद की पूछताछ इस बदमाश के पैर में गोली लगी है ।इस बदमाश की पहचान बदायूं जिले के रहने वाले शौकीन उर्फ शानू के रूप में हुई है । एसपी के मुताबिक इस बदमाश की पहचान पर उसके साथी शाहरुख की तलाश शुरू कर दी गई है । मुठभेड़ के बाद एसपी कृष्ण कुमार खुद अस्पताल पहुंचे और आरोपी से पूछताछ की । इस दौरान आरोपी ने कान पकड़ कर कहा कि आइंदा से वह चोरी नहीं करेगा । हालांकि एसपी ने उसे समझाते हुए कहा कि अभी तो पैर में गोली लगी है, अगली बार यह गोली सीने में भी लग सकती है ।

पुलिस के मुताबिक बताया गया है कि पुलिस को देख भागने लगा था शानू गौरतलब है कि सम्भल के चन्दौसी तहसील सीता रोड शमशान घाट पर सात मंदिरों में चोरी की घटना हुई थी मंदिर में

## वायरल वीडियो में एसपी गोली मारने की धमकी दे रहे है

27 अक?टूबर को घंटा , दान पेटी पैसे की चोरी की वारदात सामने आई थी। आरोपी की पहचान बदायूं के रहने वाले शानू के रूप की गई है।

वह पहले भी चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है । हमेशा की तरह पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पुलिस वाहनों का चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान शानू बाइक से आया और पुलिस को देखकर भागने लगा। एनकाउंटर में उसके पैर में गोली लगी थी। जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा था हाल-चाल लेने पहुंचे एसपी का हुआ वीडियो वायरल अगली बार सीने में गोली लगेगी एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने चेतावनी दी है ,तो बदमाश कान पकड़कर बोला सॉरी।

इस दौरान वह मंदिर में देव प्रतिमाओं को भी तोड़ देता था आरोपी ने अब तक दर्जन भर से अधिक मंदिरों में चोरी की बात कबूल की है । उसने पुलिस की पूछताछ में बताया कि सम्भल और बदायूं जिले के मंदिरों में चोरी करने के आरोप में वह कई बार जेल भी जा चुका है सम्भल एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के मुताबिक जिले में कुछ समय से मंदिरों में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं अभी 26 अक्टूबर को ही शनिदेव मंदिर में चोरी हुई थी शुक्रवार की रात में हुआ एनकाउंटर इस घटना के बाद पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया गया था ।

यह टीमें चोरों का सुराग जुटा ही रहीं थी कि शुक्रवार की देर शाम इन बदमाशों के बारे में सुराग मिला इसके बाद एसओजी ने चन्दौसी पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर इस बदमाश को रोकने की कोशिश की उस समय यह बदमाश अपने साथी के साथ किसी वारदात को अंजाम देने जा रहा था । इसने पुलिस को देखकर अपने बचाव के लिए फायरिंग किया तो पुलिस ने भी जवाबी फायर करते हुए इसे दबोच लिया ।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने 02 वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो /कैलादेवी/ पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार चौधरी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में रविवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे दिनांक 02.11.2024 को थाना कैलादेवी पर वादी की तहरीरी सूचना वादी के अपने खेत पर



दीवार बनाते समय विपक्षी द्वारा वादी के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करना तथा सिर पर धारधार हथियार से वार करना के सम्बन्ध में थाना कैलादेवी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। रविवार को थाना कैलादेवी पुलिस टीम द्वारा बी.एन.एस में वाछिंत अभियुक्त नरेश पुत्र भोले, गजेन्द्र पुत्र सत्यपाल निवासीगण ग्राम मढावली थाना कैलादेवी जनपद सम्भल को गौशाला तिराहा ग्राम मुजाहिदपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में 30नि0 कल्याण सिंह है०कां0 ललित कुमार, का0 सचिन कुमार साथ में रहे।

### पुलिस ने 01 वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/असमोली/ पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी असमोली गणेश कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में रविवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में दिनांक 02.11.2024 को थाना असमोली पर वादी निवासी ग्राम दबोई कलां थाना



असमोली जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षी द्वारा वादी के भतीजे के साथ खेत से गन्ने तोडने की बात का विरोध करने पर गाली गलौच करना तथा सिर पर वार करके घायल कर देना के सम्बन्ध में थाना असमोली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। रविवार को थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा बीएनएस में वांछित अभियुक्त मोनू पुत्र सुमन उर्फ ओमपाल निवासी ग्राम दबोई कला थाना असमोली जनपद सम्भल को मुखबिर की सूचना पर ग्राम दबोई कला जाने वाले रास्ते पर मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम में 30नि0 रावेन्द्र सिंह का0 भोलू तोमर, का0 पिंकू, का0 राजीव पूनिया साथ में रहे।

### वाहन चालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों के बारे में दी गई जानकारी व 37 वाहन के कांटे चालान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभलःपुलिस अधीक्षक संभल द्वारा दिनांक 1 नवंबर को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें निर्देश दिया गया की सभी यातायात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी के स्थान पर ज्यादा से ज्यादा वाहन चालकों को एकत्रित कर उनको यातायात नियमों की अभियान चलाकर



अधिक से अधिक जानकारी दी जाए! जिस पर टी एस आई सुरेश कमार द्वारा चंदौसी चौराहा संभल पर वाहन चालकों को एकत्र कर उनको यातायात नियमों के बारे में बताया गया! तथा उनको वाहन चलाते समय शराब या अन्य नशा कर वाहन को शराब या अन्य नशा कर ना चलने के निर्देश दिए गए हैं! तथा मोटरसाइकिल चालक वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं तथा हमेशा हेलमेट पहनकर ही यात्रा करें गति सीमा निर्धारित की गई है उस गति सीमा से वाहन चलाएं और सुरक्षित गंतव्य स्थान पर पहुंचे इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा वाहन चालकों को अपने परिवार तथा गांव में भी प्रचार प्रसार करने हेतु लिखित संदेश दिया गया है! जैसा कि पुलिस अधीक्षक द्वारा शुभारंभ के समय बताया गया है वाहन चालकों को यातायात के संकेत का पालन करने हेतु तथा निर्धारित सीमा के अनुसार वाहन में सवारियों को बैठने हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं! इसके अतिरिक्त सीट बेल्ट लगाने हेतु भी निर्देशित किया गया है वाहन चालकों को वाहन चलाते समय किसी प्रकार का नशा या धूम्रपान न करने हिट बार-बार निर्देशित किया गया है ! तथा वाहन चालकों को फूलमाला पहनकर सम्मानित किया गया दिनांक 1 नवंबर 2024 को 37 चालान तीन सवारी एवं बिना हेलमेट एवं सीट बैल्ट के किए गए हैं !

## आर्म्स एक्ट में वांछित आरोपी अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

बहजोई/ पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में रविवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में 01.11.2024 को थाना बहजोई पर वादी निवासी सिनेमा हाल के पास कस्बा व थाना बहजोई जनपद समभल की तहरीरी सूचना बावत दि0 31.10.2024 को विपक्षी द्वारा वादी के घर के सामने गाली गलौच करना तथा दिनांक 01.11.2024 को वादी के साथ गाली गलौच कर धारधार हथियार से घायल करना के सम्बन्ध में थाना बहजोई पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।



रविवार को थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त लोकेश पुत्र बादशाह निवासी पिक्चर हाल के पास कस्बा व थाना बहजोई जनपद सम्भल को सुमंगलम होटल के पीछे रेलवे लाईन अन्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित एक नाजायज चाकू भी बरामद किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 सुरेश चन्द्र है0का0 नरेन्द्र त्यागी, का0 दिवेस सैनी साथ में रहे।

## मंत्री गुलाब देवी ने मौलाना को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चन्दौसी (सम्भल) मौलाना बोले बहन गुलाब देवी नें मृदुल स्नेह, समर्पण से परिपूर्ण भाई बहन के असीम प्रेम, अटूट विश्वास के प्रतीक पावन पर्व भैया दूज के पावन पर्व पर जाति, धर्म, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने मुस्लिम भाई की भैया दूज की हिन्दू मुस्लिम एकता आपसी सदभाव भाईचारे गँगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की है । माध्यमिक शिक्षा मन्त्री गुलाब देवी नें कहा भैय्या दूज अपने आप में एक ऐसा अनूठा त्यौहार है जो नए रिश्तों को जोड़कर मनाने वाले और हमारे परिवारों में नए सदस्यों को जोड़ने वाला पर्व है ' भैया दूज पर्व के शुभ अवसर पर उन्होंने मदरसा मौलाना मौहम्मद अली जौहर के प्रबंधक मौहम्मद फिरोज खान हिन्दुस्तानी



की दौज कर उनकी लम्बी उम्र की कामना की गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा मन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार नें बताया बहनें आज के दिन अपने भाईयों को तिलक कर उनके स्वास्थ्य, और लम्बी उम्र की ईश्वर कामना करती हैं ' सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रबंधक-मदरसा मौलाना मौहम्मद अली जौहर ने बताया।

## गृह क्लेश के चलते युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

चन्दौसी । बनियाठेर थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर बाकरपुर भैतरी रेलवे लाइन पर एक युवक का शव मिला। शव की पहचान पास के ही गांव तारापुर निवासी अमन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र के गाँव तारापुर के अमन 24 वर्ष पुत्र करन सिंह ईट भट्ठे पर मजदूरी का कार्य करता था। रविवार की दोपहर थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेरीखेड़ा स्थित चन्दौसी-बरेली रेलवे ट्रैक पर बरेली की दिशा से आ रही मालगाड़ी के आगे कूद कर युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम



मच गया। परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव के पास विलाप करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस व जीआरपी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि रविवार को भाईदूज होने पर अमन ने दोपहर 1.30 बजे बहनों ने से टीका कराकर गांव में घूमकर कुछ देर में आने की बात कहकर घर से निकला था। घर में किसी से कोई ऐसी बात नहीं हुई, जिससे अमन ने इतना बड़ा कदम उठा लिया। मां विमला देवी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना था। अपने चार बहन-भाइयों ने अमन तीसरे नंबर का था। अमन से बड़ी बहन, भाई रंजीत व एक छोटी बहन नीमा है।

## पुलिस ने 02 वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

बहजोई/ पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में रविवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे दिनांक 02.11.2024 को थाना बहजोई पर वादी निवासी ग्राम पुरा थाना बहजोई जनपद सम्भल की। तहरीरी सूचना विपक्षी द्वारा वादी के साथ पैसे मांगने को लेकर गाली गलौच व मारपीट करना तथा बचाव में आयी वादी की माता व बहन के साथ भी मारपीट कर घायल कर देना के सम्बन्ध में थाना बहजोई पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।




रविवार को थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा एस0सी0 एस0टी0 एक्ट में वांछित अभियुक्त बहादुर पुत्र मुन्नालाल, मुन्नालाल पुत्र भगवानदास निवासीगण ग्राम पुरा थाना बहजोई जनपद सम्भल को मुखबिर की सूचना पर मझौला से पुरा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम में उ0नि0 मनोज कुमार का0 चतर सिंह, का0 अशोक कुमार साथ में रहे।

## सनातन धर्म गौशाला एवं ग्राम कैथल स्थित गौशाला का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

चंदौसी/रविवार को नगर चन्दौसी में उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के नवनियुक्त सदस्य दीपक गोयल का कार्यकताओं द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, आयोग के सदस्य द्वारा नगर में संचालित गोशालाओं का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए दीपक गोयल ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार गोवंश की सेवा और रक्षा के लिए पूर्णतः तत्पर है। इसके उपरांत भाजपा जिला मंत्री आकाश अग्रवाल के आवास प सदस्य का आगमन हुआ उनके आवास पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस





दौरान नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, विनोद कुमार बिन्नी, हरेंद्र कोहली, मनोज दिवाकर, राजकुमार ठाकरे, डॉ टीएस पाल, शुभम अग्रवाल, अभिनव शर्मा, उमेश दिवाकर गोविंद चौधरी , गौरव गोयल, सुशील जाटव, कृष्ण शर्मा, आकाश आहूजा, तुषार अग्रवाल एवं अग्रवाल सभा के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## भाई-दूज पर्व पर बहनों ने भाइयों के माथे पर लगाया तिलक की लंबी उम्र की कामना

नेशनल एक्सप्रेस/अरविंद गुप्ता

चन्दौसी (सम्भल) बहनों ने भाइयों के लिए लंबी आयु की कामना की भाइयों ने बहनों को तिलक कर लिया आशीर्वाद । बहनों ने भाइयों को गोला देकर मीठा खिलाकर किया तिलक । रोडवेज पर दिखाई दी यात्रियों की भीड़ सम्भल में भाई बहनों का इस अटूट प्रेम का पर्व भाई दूज हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । पौराणिक कथा के अनुसर, सूर्यदेव के पुत्र यमराज और पुत्री यमुना थी। यमराज को अपनी बहन यमुना से बेहद लगाव था। यमुना अपने भाई से बार-बार घर आने के लिए कहती। लेकिन अधिक काम होने की वजह से वह समय पर अपनी बहन से मिलने नहीं जा पाते थे। एक बार ऐसा समय आया कि यमुना ने यमराज को वचन दिया कि वह कार्तिक माह की शुक्ल द्वितीया तिथि पर यमुना से मिलने उनके








घर आएंगे, लेकिन यमराज को यमुना के घर जाने में थोड़ा संकोच होने लगा, क्योंकि वह लोगों के प्राणों को हरते हैं, तो इस वजह से कौन उन्हें अपने घर बुलाएगा ।लेकिन इसके बाद भी वह यमुना के घर चले जाते हैं। जब यमराज बहन के घर पहुचें, तो वह भाई को देख बेहद प्रसन्न हुईं और उनकी सेवा की। यमुना ने अपने भाई के लिए कई तरह के पकवान बनाए। बहन की सेवा को देखकर यम बेहद खुश हुए और यमुना से कोई वर मांगने के लिए कहा। इसके बाद यमुना ने उनसे वचन लिया कि हर साल कार्तिक माह के शुक्ल द्वितीया तिथि पर वह मेरे घर आकर भोजन किया करें। यमराज ने भी उन्हें तथास्तु कहते हुए उन्हें तरह-तरह की भेंट भी दी। मान्यता के अनुसार, तभी से भाई दूज के पर्व को मनाने की शुरूआत हुई।भैया दूज के मौके पर भैयादूज पर लोकल ट्रैफिक की व्यवस्था पुलिस की व्यवस्था भैया दूज पर दुरुस्त दिखाई दी । रोडवेज बस स्टेशन परिसर में बहन भाई के घर और भाई बहन के घर आने जाने के यहां पर रोडवेज बस के इंतजाम रहे लेकिन बस नहीं आ रही कई कई घंटे बहनों को इंतजार करना पड़ा ।

## संपादकीय

# पहाड़ी दिवस कितना हिमाचली

**एक** ढर्रा मापते हुए फिर 'पहाड़ी दिवस', कुछ कविताएं, कुछ भाषण और राहत की सांस लेता साहित्य जगत। कम से कम आज तक यह पहाड़ी दिवस न हिमाचली दिवस हो सका और न ही हिमाचलियों का स्वाभिमान बन सका। आश्चर्य यह कि इस दौरान कला, भाषा, संस्कृति, तीज-त्योहार और विभिन्न इवेंट्स का बाजार हिमाचल तक पहुंच गया, लेकिन हम अपने पहाड़ीपन को कहीं बहुत दूर छोड़ आए। एक नवंबर नामक सिक्के के एक पहलू में दुम दबाए हिमाचल आज पहाड़ी के नाम पर चंद कवियों को मेहनताना दे देगा या पहाड़ी की दिहाड़ी में हमारा कला, भाषा एवं संस्कृति विभाग या संबंधित अकादमी अपने होने का कर्ज उतार देगी, वरना मैं कौन और तू कौन के बीच न पहाड़ी माहौल बचा और न ही हिमाचलियत का शृंगार हुआ। अलबत्ता यही कवि महोदय भाषाई विद्वेष के सिद्ध पुरुष बन 'हिमाचली भाषा' की प्रस्तावना मात्र से चिल्लाना शुरू कर देते हैं। तब इन्हें विशिष्ट संस्कृति के तालाब नजर आते हैं, लेकिन गुम होते भाषाई सरोकारों के बीच चुल्लू भर पानी दिखाई नहीं देता। पंजाब के पर्वतीय क्षेत्रों का 'आन मिलो सजना' अभियान एक ऐसी हकीकत है जो हिमाचल को भाषाई ताकत व लिखने को एक सशक्त कलम सौंपती है, लेकिन हिमाचली भाषा के नाम पर सर्दी-जुकाम हो जाता है। पंजाब में रहते हुए आधुनिक हिमाचल में शामिल हुए कांगड़ा के पर्वतीय इलाके आज के ऊना, हमीरपुर, कुल्लू व लाहुल-स्पीति एवं नालागढ़ क्षेत्र ही नहीं थे, बल्कि वहां सांस्कृतिक संरक्षण की कोई मिलावट नहीं थी। चंडीगढ़ के रोज गार्डन के सांस्कृतिक मंच पर पंजाब की विशालता में भाषाई स्तंभ की आज भी अगर एक दिशा पंजाबी को इंगित करती है, तो दो अन्य पर हरियाणवी और कांगड़ी बोली के संदर्भ उकेरे गए हैं। उस दौर में आकाशवाणी जालंधर नियमित रूप से 'पर्वत की गूंज' कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक छांव का पहरुआ बना रहता था। ऐसे में पंजाब के जिस हिस्से ने हिमाचल की विशालता को जन्म दिया, उसके भाषाई सरोकारों को रोकने के लिए सियासी पि_ तैयार हो गए, क्योंकि हिमाचली भाषा की प्रासंगिकता और उत्पत्ति की वजह पंजाब पुनर्गठन रहा है। आश्चर्य यह कि जब पंजाबी बोलियों को पंजाबी भाषा का स्वरूप और मान्यता का शृंगार दिया जा रहा था, तो इसमें हिमाचल की आठ बोलियां भी समाहित हुईं और ये ओल्ड हिमाचल के बिलासपुर, मंडी और चंबा जिलों से भी ताल्लुक रखती हैं।

हम अगर 'जम्मू की राह से चंबा की दूरी' मापते रहे हैं, तो मानव इतिहास की परंपराओं में अभिव्यक्ति का यथार्थ सांस्कृतिक जड़ें रही हैं। दुर्भाग्य यह है कि हिमाचल की परिधि में सिमटती विचारधारा ने जम्मू की राह के बजाय शिमला की राह पर, परंपरा और संस्कृति से पारंपरिक गीत को जोड़ दिया। बेशक हिमाचल की भाषाई एकरूपता और समझ को बढ़ाते हुए, लोक गायकों ने साबित कर दिया कि हमारी साझी विरासत में 'हिमाचली भाषा' को किस तरह व किस रूप में अंगीकार करना होगा। अगर कुलदीप शर्मा अब 'बडियों को तुडक्का लगाकर' हिमाचली भाषा का सांस्कृतिक परिदृश्य एक कर रहे हैं तो प्रदेश के साहित्य में भौगोलिक सामंजस्य, पृष्ठभूमि, अध्ययन, सरोकार व शब्दावली को एक करने का माद्दा होना चाहिए। यह समय की चुनौती भी है और इसका सबसे बड़ा राजनीतिक उदाहरण पाकिस्तान के पंजाब में मिलता है जहां राष्ट्रभाषा के नाम पर पंजाबी भाषा को अछूत बना दिया गया। वहां की विरासत धीरे-धीरे शिक्षा के नाम पर उर्दू की चाकरी करते हुए पंजाबी को सिर्फ पुरानी पीढ़ी की बोलचाल तक महदूद कर चुकी है, क्योंकि पाकिस्तान में पंजाबी अब पढ़ाई नहीं जाती। हम हिमाचल में अपने बच्चों को हिंदी और अंग्रेजी के भाषाई चाबुक से हांक कर भले ही नौकरी के काबिल बना दें, लेकिन पाठ्यक्रम में अगर 'हिमाचली भाषा' नहीं जोड़ी, तो एक दिन मातृ बोली भी अतीत हो जाएगी। कम से कम सांस्कृतिक समारोहों की वरीयता में संसाधनों का आबंटन तो बता ही रहा है कि दुनिया अब किसी और मुहाने पर खड़ी है। कांगड़ा वैली कार्निवाल में अगर करनैल राणा का सम्मान नहीं है और पंजाब से निकले सतिंद्र सिंह सरताज जैसे गायक को एकमुश्त तेईस लाख मिल रहे हैं, तो वहां आए मुख्यातिथियों ने लाल कालीन के नीचे कहीं हिमाचली भाषा की गर्दन पर पांव जरूर रख दिया है।

विश्वामित्र जयंती 4 नवंबर पर विशेष

# भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित ऋषि महर्षि विश्वामित्र

भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित ऋषि महर्षि विश्वामित्र ने न सिर्फ अपने ज्ञान और तपस्या के बल पर भारतीय धर्म और संस्कृति को समृद्ध किया, बल्कि अपनी साधनाव तपस्या के बल पर क्षत्रियत्व से ब्राह्मणत्व धारण कर सातवें मन्वन्तर के सप्तऋषियों में शामिल होने में सफलता प्राप्त कर ली



अशोक 'प्रवृद्ध'

औरअपनी कर्म से शुद्धि (आर्य बनाने) आंदोलन के प्रथम पुरुष के रूप में कृणवंतों विश्वमार्यम के उद्घोषक भी बने। राजर्षि से ब्रह्मर्षि बने विश्वामित्र ने अपने कर्म से यह सिद्ध कर दिखाया कि संध्योपासना व तपस्या के बल पर सब कुछ संभव किया जा सकता है तथा प्राणी को काम व क्रोध से अपनी शक्ति को बचाकर रखना चाहिए, अन्यथा जीवन का मार्ग और अधिक समय साध्य व कष्ट साध्य हो जाती है।गायत्री मंत्र के द्रष्टा(दृष्टा) महर्षि विश्वामित्र का वैदिक चिंतन में विशेष स्थान है। विश्वामित्र ही ऋग्वेद में दस मंडलों में से तृतीय मंडल के द्रष्टा हैं। इस कारण तृतीय मंडल को वैश्वामित्र मंडल कहा जाता है। तीसरे मंडल में इंद्र, अदिति, अग्नि, उषा, अश्विनी आदि देवताओं की स्तुतियों के साथ-साथ ज्ञान-विज्ञान, अध्यात्म और गौ महिमा का वर्णन है।ऋग्वेद के तीसरे मंडल के 62वें सूक्त में गायत्री मंत्र का वर्णन अंकित है-

*ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।* अर्थात- उस प्राणस्वरूप, दुखनाशक, सुखस्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पापनाशक, देवस्वरूप परमात्मा को हम अपने अन्तःकरण में धारण करें। वह परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें।

गायत्री मंत्र को सभी वेद मंत्रों का मूल कहा जाता है।वैदिक और पौराणिक ग्रंथों में विश्वामित्र के संबंध में अंकित विस्तृत वर्णनों के समीचीन अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि ऋषि विश्वामित्र शुद्धि (आर्य बनाने) आंदोलन के प्रथम पुरुष थे। वे देवासुर संग्राम काल में आर्यभूमि नाम से संज्ञायित सप्त सिंधु प्रदेश अर्थात सिंधु, सरस्वती, दृशद्वती, शतद्रु, परुष्णी, असीकृ और वितस्ता तक फैले विशाल प्रदेश, जो तिब्बत से होकर बिन्ध्य तक फैला हुआ था, में भरत नाम की प्रतापी जाति में उत्पन्न महाराजा गाधि के पुत्र थे। उनके जन्म की कथा भी रोचक है। महाराज गाधि को बड़ी उम्र हो जाने के बाद भी उनके उतराधिकारी के रूप में कोई पुत्र उत्पन्न नहीं होने से वे चिंतित थे। यद्यपि उनकी एक पुत्री सत्यवती थी, जिसका विवाह ऋषि भृगु ऋचिक के साथ हो चुका था। सत्यवती ने अपने पति भृगु से अपने भाई के पैदा हो सकने अर्थात अपनी माता के पुत्रवती होने की कामना करते हुए इसके लिए वरुण देव से प्रार्थना करने के लिए कहा। सत्यवती के बारम्बार इस बात के लिए कहे जाने पर भृगु ऋचिक ने वरुण देव से प्रार्थना की। राजा गाधि को और ऋचिक ऋषि अर्थात सत्यवती को एक साथ पुत्र हुआ। राजागाधि के पुत्र का नाम विश्वरथ और सत्यवती के पुत्र का नाम जमदग्नि रखा गया। दोनों मामा- भांजे एक साथ रहने लगे। दोनों कभी अलग नहीं होना चाहते थे, जैसे दो शरीर एक प्राण हों।दोनों को साथ ही शिक्षा प्राप्ति हेतु ऋषि अगस्तके गुरुकुल भेजा गया। उस गुरुकुल में आर्यावर्त के बहुत से राजाओं के बच्चे भी पढ़ते थे, लेकिन ये दोनों बहुत मेधावी थे। इसलिए कम समय में ही अपने गुरु के सर्वाधिक प्रिय शिष्य हो गए।एक बार गुरुकुल में आयोजित प्रतियोगिता में घूमती हुई मटकी पर निशाना लगाने की गुरु अगस्त की आज्ञा पर विश्वरथ ने वरुण देवता को ध्यान कर बाण छोड़ा, जो ठीक निशाने पर जाकर लगा। वहाँ राजा दियोदासभी अगस्तके गुरुकुल में मुख्य अतिथि के नाते तथा उनका पुत्र सुदास भीगुरुकुल के पुराने छात्र के रूप में उपस्थित था। नए- पुराने सभी छात्र प्रतियोगिता में अपनी करतब दिखला रहे थे। प्रतियोगिता में मटके पर ठीक निशाना लगाने से विश्वरथ सबमें प्रिय हो गया।तब तक विश्वरथ को गुरुकुल में आये केवल तीन महीने ही हुआ था। गुरुकुल में शिक्षा प्राप्ति के समय ही वह सम्पूर्ण आर्यावर्तमें सबसे बड़ा महारथी हो चुका था। तभी उसके पिता भरतराज गाधिका देहांत हो गया। अगस्तउसे अधूरी शिक्षा में छोड़ नहीं सकते थे। विश्वरथ का मन राज्य-काज में नहीं लगता था। उस समय तक उन्हें मंत्र दर्शन होने लगे थे।इसलिए उनकी इच्छा ऋषि बनने की थी। उनका मन आश्रम से निकलने को नहीं हो रहा था। उनकी यह जानने की इच्छा थी कि आखिर ऋषि अगस्त दस्यु राज को समाप्त करना क्यूँ चाहते हैं? वरुण देवता की कृपा असुरों पर क्यों नहीं?



उस समय दो प्रकार के चिंतन की दिशा उभरती दिखाई दे रही थी। ऋषि वशिष्ठ रक्त शुद्धि (अनुवांशिक) की बात करते थे, वहीं विश्वरथसभी को आर्य बनाने का अधिकार मानते थे। असुर राज शंबर 99 किलोंका स्वामी बहुत बलशाली था, लेकिन आर्यों में घृणा का पात्र था। दस्यु केवल दास बन सकते थे। दस्यु महिलाएं केवल दासी हो सकती थी। यही अंतर था विश्वरथ और वशिष्ठ में। विश्वरथ तपस्या के पक्ष में थे,तो वशिष्ठ सत्संग के। आज की भाषा में विश्वरथराष्ट्रवादीथे, तो वशिष्ठ कर्मकांडी थे।विश्वरथ कृणवंतो विश्वमार्यमके असली उत्तराधिकारी थे।संयोग से इसी समय भूलवश शम्बर राजके सैनिकों ने विश्वरथऔर उनके मित्र ऋक्ष का अपहरण कर लिया। शम्बरको यह पता नहीं था जिसका अपहरण किया जा रहा है वह भरत वंश का राजकुमार है। असुरों की कोई लड़ाई भरतों से नहीं थी। अगस्त यह चाहते थे कि सभी आर्य एक क्षत्र के नीचे आ जाएँ।हालांकि यह अपहरण अनजाने में ही हुआ था। और दस्युराज शम्बर के यहाँ विश्वरथ के पहुंचने के समय भी ठीक से इनका परिचय यह नहीं हो पाया। बंदी जीवन ब्यतीत करते हुए घटनाक्रम में शम्बर राज का पुत्र बीमार हुआ। वहाँ का राजगुरु उपचार के लिए बुलाया गया, जो शैव (उग्रदेव) था, औरभगवान शंकर काउपासक था। सभी असुरशंकरउपासक थे, अर्थात शिवलिंगकी पूजा करते थे। विश्वरथ को यह समझने में देर नहीं लगी कि यह संघर्ष वरुणदेव और शिवलिंग पूजकों (शैव) के बीच है।असुर राजपुरोहित ने शम्बर राज से कहा कि मृत्यु के देवता भी उसे वापस नहीं कर सकते। सभी निराश हो गए। बच्चे की माँ ब्यथित हो रोने-कलपने लगी। विश्वरथ उसके दुःख को देख न सके। उसने दस्युराज से कहा यह तो मृत्यु को प्राप्त हो ही चुका है, एक अवसर मुझे दो, हो सकता है मैंप्रार्थना कर अपने इष्ट के द्वारा मैं इसे जीवित कर सकूँ। अघोरी को यह स्वीकार तो नहीं था, लेकिन राजा ने आज्ञा देदी। विश्वरथ ने वरुण देव का आवाहन किया और उनसे प्रार्थना करते हुए कहा- हे वरुण देव आखिर ये भी तो आपकी ही संतान हैं, उसे जीवित करो। उसने अपनी तपस्या को दांव पर लगा दिया। वरुण देव ने प्रसन्न हो उस बालक को जीवित कर दिया। दस्यु परिवार में विश्वरथ की धाक सी जम गई।दस्यु राजकुमारी उग्राउससे प्रेम करने लगी। लेकिन उस अनार्य उग्रा को विश्वरथ कैसे स्वीकार कर सकता था?परंतु देवों को यह स्वीकार था कि सभी मानवों को आर्य बनाया जाय। देवाज्ञा से विश्वरथ ने उसे स्वीकार किया। वे पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। लेकिनअगस्त कहाँ बैठने वाले थे? उन्होंने दस्युराज पर आक्रमण कर दिया। भरतों के राजकुमार का अपहरण होने की बात पर आर्य संगठित हो गए, और उन्होंने दस्युराज के 99 किलों को जीत लिया। उग्रा ने विश्वरथ को बलि होने से बचा लिया। समय पर अगस्त को सूचना दे अपने किले पर आक्रमण कराया। आर्यों की विजय हुई। उग्रा के पिता शम्बर ने उग्रा को कुल द्रोहिणी कह उसे पतित कहा। लेकिन उसने सभी अपमान पीकर विश्वरथ को जीवन दिया।अगस्त विश्वरथ पर दबाव बनाने लगे कि वह कुरूप अनार्य उग्राको छोड़ दे अथवा अपनी दासी बना ले। यह विश्वरथ को स्वीकार नहीं था। वे मानव-मानव में भेद नहीं मानते थे। उग्रा को आर्य में परिवर्तित करने के लिएविश्वरथ गायत्री मंत्र का जाप करते हैं, लेकिन लोग अभी भी उग्रा को स्वीकार करने से इंकार करते हैं। जल्द ही उग्रा एक पुत्र को जन्म देती है, लेकिन नाराज लोगों से पुत्र को बचाने के लिएउस समय की सबसे बड़ी महिला संत लोपामुद्रा बच्चे को एक सुरक्षित एवं गुप्त स्थान पर भेज देती हैं। लोग उग्रा को मार देते हैं। इससे लोपामुद्रा और विश्वरथ अत्यंत दुखी हो जाते हैं, परंतु उग्रा पुत्र बच जाता है। यह बात विश्वरथ को पता नहीं होती।धीरे-धीरे यह बच्चा बड़ा होता है और राजा अंबरीष के समारोह के कार्यक्रम में स्वयं को बलिदान करने के लिए उपस्थित होता है।इस समय तक विश्वामित्र को देव दर्शन और मंत्र दर्शन होने लगे थे। उनका मन राज-पाट में नहीं लगता। अब वे तत्सुओं को छोड़कर भरत ग्राम चले गए।वहाँ उनका राजतिलक भी हुआ। लेकिन उनका मन तो तपस्वी का था।उन्होंने तपस्यारत गायत्री मंत्रके दर्शन किए।उन्होंने कृण्वन्तो विश्वमार्यमका उद्घोषकिया।उन्होने ब्रह्मांड को सिर्फ देखा ही नहीं उसके संघर्षण की आवाज भी गायत्री मंत्र- ओ म भूर्भुवः स्वः तत्स .. के रूप में सुनी।और इसके द्वारा सभी मनुष्यों की शुद्धि और सभी को आर्य बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। सुधार आंदोलन के अंतर्गत इस मंत्र के अभ्यास को स्त्रियों और सभी जातियों में फैलाया। और कहा कि गायत्री मंत्र का उच्चारण व जाप सभी के लिए खुला है। इसलिए इसका व्यापक रूप से जाप कर मनुष्यों को श्रेष्ठ बनना चाहिए। वास्तव मेंआर्यावर्त के सबसे बड़े महारथी के रूप में उनकीवशिष्ठ से कोई प्रतियोगिता नहीं थी। वे अपने मार्ग के अकेले ऋषि थे। उनके ब्रह्मर्षि बनने की इच्छा होने की बात गलत और अफवाह है। वे ऋग्वेद के प्रथम मंत्र द्रष्टा होने के कारण ब्रह्मर्षि तो अपने आप ही थे। विश्वरथ के रूप में अध्ययन करते समय ही मंत्र द्रष्टा हो जाने से विश्वामित्र बन महर्षि हो गए थे। तत्सुओं, भरतों समस्त आर्यावर्त के पुरोहित हुए। लंबी तपस्या की यात्रा के चरम परऋषि विश्वामित्र की योग शक्ति भी चरम पर पहुंच गई थी। इस बिंदु पर पहुंचकर भगवान ब्रह्मा ने इंद्रदेव के नेतृत्व में राजा कौशिक को ब्रह्मर्षि की उपाधि दी और उन्हें एक नाम दिया-विश्वामित्र अर्थात जो सबका मित्र हो, जिसके हृदय में असीमित करुणा हो।

उन्होंने प्रत्यक्ष देवासुर संग्राम को देखा था। वे सभी को समान देखते थे और शिव और वरुण दोनों को देव मानते थे। उन्होंने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था।देवासुर संग्राम और कुछ नहीं शैव और वरुण के समर्थकों,अनुयायियों अथवा उस संस्कृतियों के मानने वालों के बीच का संघर्ष था। अपने कर्म से वे दोनों के पूज्य हो गए। वे राष्ट्र को मजबूत दिशा में ले जाना चाहते थे। वे सभी को आर्य बनने से वे बंचित नहीं होने देना चाहते थे। दोनों को एक करने का संकल्प आर्यावर्त के सर्वश्रेष्ठ राजवंश भगवान श्रीराम द्वारा रामेश्वरम में शिवलिंग की स्थापना करा सम्पूर्ण भारतवर्ष को आर्यावर्त में परिणित करना दोनों एक हैं, यह सिद्धकर नवीन पूजा पद्धति विकसित कर भारतवर्ष को, आर्यावर्त को राष्ट्र स्वरुप दिया। ऋषि अगस्त और ऋषि लोपामुद्रा भी अपने प्रिय शिष्य से सहमत थे।उन्होंने दक्षिण में विश्वामित्र के इस महान कार्य को पूरा किया।

एक अन्य कथा के अनुसार राजा हरिश्चंद्र को वरुण देव के शाप से मुक्त करने हेतु नरमेध यज्ञ करने जमदग्नि और विश्वामित्र गए।वहाँ सम्पूर्ण आर्यावर्त के सभी राजा उपस्थित थे। वे विश्वामित्र का प्रताप देखने आए थे कि आज नर बलि होने से पूरे आर्यावर्त में विश्वामित्र की कैसी बदनामी होगी? वे आज क्या कहेंगे? लेकिन बलि के लिए लाए गए शुनःशेप के मुख से विश्वामित्र के प्रताप सेवेद मंत्र उच्चरित होने लगा और सभी ने देव दर्शन किया।इस पर जय-जय कर होने लगा। उस शुनःशेप को उन्होंने अपना पुत्र स्वीकार किया। अपने राज्य के उत्तराधिकारी के नाते अपने पुत्र को राजतिलक कराया। और अपना आध्यात्मिक उत्तराधिकारी शुनःशेपको अपनाया। अब वे महाराजा सुदास अथवा आर्यावर्त के पुरोहित नहीं थे। भरतों को उनका राजा मिल चुका था।

## 4 नवंबर :इतिहास की अहम घटनाएं

1952 अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना की गयी।

1952 अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी यानि एनएसए अस्तित्व में आई।

1960 तंजानिया में कासाकेला चिंपांज़ी समुदाय में, . जेनगूडल (2010 में चित्रित) ने एक चिम्पांजी को एक दीमक पहाड़ी से घास के डंठल के साथ दीमक का उपयोग करते हुए देखा, जानवरों के लिए उपकरण का पहला दर्ज मामला।

1970 साल्वाडोर अलेंदे ने चिली के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला, जो ओपिनियन के माध्यम से लैटिन अमेरिकी देश के राष्ट्रपति बनने वाले पहले मार्क्सवादी थे।

1988 हजारों कंप्यूटर एक कंप्यूटर वायरस का लक्ष्य रहे हैं। वायरस के कारण कई कंप्यूटर बंद हो गए क्योंकि इससे उनकी कार्यप्रणाली धीमी हो गई और उन्हें रिबूट करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

1991 पूर्व फिलीपीन फर्स्ट लेडी इमेल्डा मार्कोस को कोराजोन एक्विनो द्वारा एप्रिसिएशन माफी दी गई थी और निर्वासन से लौटने की अनुमति दी गई थी।

1995 इजरायल के प्रधान मंत्री यित्ज़ाक राबिन की हत्या यिगाल अमीर द्वारा की गई थी, जबकि तेल अवीव में इज़राइल स्क्वायर के किंग्स में एक शांति रैली में।

1995 इसराइल के प्रधानमंत्री की हत्या हो गई।

2005 यू.के. में ओल्ड बेली ने सांप्रदायिक घृणा फैलाने के लिए 15 साल की सजा के साथ पांच सफेद नस्लवादियों को दोषी ठहराया है।

2006 रिपोर्टों के अनुसार, रेनो, नेवादा के ऐतिहासिक मिज़ापा होटल में आग लगने से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जिनमें से सभी खंडहरों की अभी तक जांच नहीं हुई है।

2008 डेमोक्रेटिक पार्टी, अपने नामित व्यक्ति के साथ, बराक ओबामा 2008 के संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में रिपब्लिकन जॉन मैक्केन को हराकर विजयी हुए, और उन्हें पहला अफ्रीकी अमेरिकी राष्ट्रपति बनाया।

2008 बराक ओबामा अमेरिका के निर्वाचित होने वाले पहले अफ्रीकी अमेरिकी बने।

2008 बराक ओबामा संयुक्त राज्य अमेरिका के पहले अफ्रीकी, अमेरिकी राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

2008 बराक ओबामा अमरीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने।

2009 एक दशक की बातचीत और चर्चा के बाद, चीन ने शंघाई में एक डिज्नी थीम पार्क को मंजूरी दी है।

2010 टोयोटा ने जापान और यूरोप में अपने 135,000 वाहनों को वापस भेज दिया है।

2010 एयरबस ए 380 के लिए पहली विमानन घटना में, क्वांटास फ्लाइट 32 को बिना इंजन के विफलता का सामना करना पड़ा और सुरक्षित रूप से सिंगापुर चांगी हवाई अड्डे पर कोई हताहत नहीं हुआ।

2011 बचाव दल 57 कोयला खदानों को बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं जो चीन के हेनान प्रांत में सैनमेनक्सिया में हैं।

2013 फोकस, एक जर्मन पत्रिका ने 2012 में नाजी चोरी की कला की खोज की सूचना दी है, जिसका मूल्य म्यूनिख में लगभग € 1 बिलियन है। इसमें पिकासो और मैटिस द्वारा खोए गए कार्य शामिल हैं।

2015 पाकिस्तान के लाहौर में एक इमारत ढ़हने से 45 मरे तथा करीब 100 लोग घायल हुए।

2016 पेरिस ने प्रभावी जलवायु परिवर्तन पर समझौता किया।

## समसामयिक

# बग़ावत का मौसम है



ऋषभदेव शर्मा


**खबर** है कि महाराष्ट्र की 288 सीटों पर हो रहे विधानसभा चुनाव में आधी से ज़्यादा सीटों पर बग़ावत की स्थिति है। महायुति और महाविकास अघाड़ी के लगभग 150 बाग़ी अपनी-अपनी पार्टियों के आधिकारिक उम्मीदवारों के ख़िलाफ़ चुनाव मैदान में हैं। हो सकता है कि नाम वापस लेने की आखिरी तारीख तक इनमें से बहुत से बैठ जाएँ। तो भी, फिलहाल तो बाग़ियों के तेवरों ने दोनों प्रमुख गठबंधनों की नींद हराम कर रखी है। आम नागरिक इस महान सर्कस को देखकर मन ही मन मुस्करा रहा है - अब होगा असली खेला! लोकतंत्र के भव्य तमाशे का मंच तैयार है, और कलाकार - सम्मानित और प्रबुद्ध राजनीतिक नेता - अपनी जगह ले चुके हैं।

मानसून के बाद आए चुनावों के इस मौसम में बाग़ियों की फसल कास की तरह फूल रही है (फूले कास सकल महि छाई)! पार्टियों के चौधरी अपने वफादारों की निष्ठाएँ बदलती देख हलकान हैं। मान-मनौवल का दौर दौरा है - मंच पर भी, नेपथ्य में भी। महाराष्ट्र के मतदाता को बेहतरीन मनोरंजन का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सड़क, शिक्षा या स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दे फिलहाल तुच्छ प्रतीत होने लगे हैं। मुद्दे जाएँ भाड़ में; पहले तो टिकट चाहिए न! अद्भुत दृश्य! 20 नवंबर के चुनावों के लिए नामांकन बंद हो चुके हैं; और इसने कितना शानदार कोलाहल पैदा किया है!

स्वतंत्रता के बेहतरीन प्रतिमान पेश करने वाले बाग़ी प्रत्याशी जंगली फूलों की तरह खिल गए हैं, जिनमें से प्रत्येक खुद को लोगों के जनादेश का सही दावेदार मानता है। लोकतंत्र का एक ऐसा पंचतंत्र सामने उपस्थित है जिसमें हर सीट के लिए कई उम्मीदवार सबसे शानदार मायाजाल रचने को आतुर हैं। ऐसा मायाजाल जिसमें मदारी, जमूरे और दर्शक किसी को भी तनिक सा अंदाज़ नहीं कि आख़रि हो क्या रहा है! लोग मुँह बाए देख रहे हैं कि पार्टियों और गठबंधनों के दावों और आकांक्षाओं को पटखनी देकर किसी अप्रत्याशित कोने से कोई भी परचाधारी प्रत्याशी निकलकर आ सकता है! मतलब साफ है कि अनुशासन के नाम पर आप ज़्यादा देर तक किसी को दबाकर नहीं रख सकते। पता नहीं, इतनी सी बात उच्च कमानों की समझ में क्यों नहीं आती! शायद अब समय आ गया है कि इस महान राज्य की प्रगति के लिए एक महान नवाचार का प्रयोग आजमाया जाए। दलगत 'व्यवस्था' या 'एकता' जैसी कालबाह्य होती जा रही धारणाओं से खुद को परेशान करने के बजाय, इस अराजकता को पूरे दिल से क्यों न अपना लिया जाए? क्यों न महत्वाकांक्षी प्रसत्ताशियों का एक निर्दलीय 'पूल' बनाया जाए? जब हमारे पास सैकड़ों, शायद हज़ारों बाग़ी हो सकते हैं, तो कुछ दर्जन बाग़ियों पर ही क्यों रुका जाए? किसान से लेकर व्यवसायी तक, स्कूल शिक्षक से लेकर ज्योतिषी तक, हर नागरिक को खुद को उम्मीदवार घोषित करना चाहिए!

लोकतंत्र की सच्ची भावना को मूर्त रूप देने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हर व्यक्ति के पास दौड़ में एक घोड़ा हो? जी नहीं, यह कोई मज़ाक नहीं है; बल्कि चुनावी लोकतंत्र में सियासी पार्टियों के अप्रासंगिक होते जाने की त्रासदी है! अचरज नहीं कि कल सयाने यह सुझाव देते दिखाई दें कि क्यों न इन सियासी पार्टियों को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए! न रहेगी पार्टी, होगी बग़ावत! आखिर महायुति और महाअघाड़ी दोनों ने ही दोस्तों और दुश्मनों के बीच की रेखाओं को धुँधला करके मतदाता पर बहुत बड़ा उपकार किया है न? विद्रोह की समस्या का जिम्मेदार कौन है, इस पर उनका लगातार झगड़ा एक बड़े आइसबर्ग का सिरा मात्र है। प्रचार के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा है। गरीबी और बेरोजगारी जैसी छोटी-छोटी (!) बातों को कुशलता से नज़रअंदाज़ कर दिया गया है। पार्टियाँ पुरानी अवधारणा बन गई हैं। कहीं महाराष्ट्र के चुनाव राजनीतिक दलों के दलदल से मुक्त होकर ऐसे दंगल में तो नहीं बदल रहे हैं, जहाँ हर उम्मीदवार अपना खुद का राजा हो और हर मतदाता संविधान जितना मोटा मतपत्र पाकर सिर पीट रहा हो!

# नेताओं के बिगड़े बोल पर निशाने पर ही क्यों होती है महिलाये?




अशोक भाटिया

एक ओर तो महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक मौका देने की बात राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेताओं की ओर से की जाती है और दूसरी ओर ऐसे बयान भी सामने आते हैं जिससे नेताओं के बोलों से आम जनता को शर्म आने लगाती है. क्योकि नेताओं के विवादित और फूहड़ बोल हमेशा सुर्खियां बटोरते हैं पर बाद में उन्हें शर्मिंदगी भी उठानी पड़ती है और कुछ को कानून का सामना भी करना पड़ता है। आमतौर पर इन नेताओं के निशाने पर महिलाएं होती हैं, फिर चाहे वह महिला राजनीति से जुड़ी हो या नहीं। उनके लिए महिलाएं आसान निशाना होती हैं, क्योंकि इनके रंग, रूप, कद-काठी, मोटापे या बालों को लेकर वे बड़ी आसानी से कुछ भी बोलकर निकल जाते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव शायद 2024 का देश में वर्ष का आखरी चुनाव हो लेकिन हर साल की तरह इस साल भी महिलाओं के खिलाफ फूहड़ बयान सुनने को मिलते रहे, जिससे यह तो स्पष्ट हो गया कि आखिर राजनेताओं का एक बड़ा समूह महिला आरक्षण विधेयक का विरोधी क्यों रहा था।

हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट में शामिल होने के बाद शिव सेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने शाइना एनसी को आयातित माल कहकर विवाद खड़ा कर दिया। उद्धव गुट के नेता अरविंद सावंत ने कहा था कि वह (शाइना एनसी) अब तक भाजपा के साथ थीं। जब उन्हें वहां (टिकट) नहीं मिला तो वह दूसरी पार्टी में चली गईं। आयातित सामान यहां स्वीकार नहीं किया जाता है। यहां मूल सामान स्वीकार किया जाता है। सावंत ने मीडिया से कहा कि हमारा सामान असली है।अब उन्हें कानून का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद अरविंद सावंत पहले नेता नहीं है जिन्होंने महिलाओं पर भद्दी टिप्पणी करदी हो भारतीय राजनीति में छोटे-बड़े ऐसे कई नेता हुए हैं या हैं जिनकी जुबान का निशाना महिलाएं बनी हैं और फिर बवाल मचता रहता है। आपको ऐसे ही अब तक कुछ दूसरे नेताओं की जुबान से निकले महिलाओं पर नेताओं के बिगड़े कुछ बोल वचन के बारे में बताते है।ये बोल किसी एक पार्टी के नेता के नहीं है लगभग सभी पार्टियों के नेताओं की जबान महिलाओं के मामले में फिसलती रहती है।



साल 2010 की बात है जब महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में पारित होने के लिए पेश किया गया तो मुलायम सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण बिल का मौजूदा स्वरूप नौजवानों को संसद में सीटी बजाने के लिए उकसाएगा। साल 2014 में उनके दिए एक बयान की काफी आलोचना हुई। बदायूं में दो बहनों के साथ गैंगरेप मामले पर मुरादाबाद में उन्होंने कहा कि लड़कियां पहले दोस्ती करती हैं इसके बाद लड़का-लड़की के बीच जब मतभेद हो जाता है तो इसे रेप का नाम दे देती हैं। लड़कों से गलती हो जाती है। वहीं इसी लोकसभा चुनाव में बीजेपी नेता दिलीप घोष ने कहा था कि दीदी गोवा जाती हैं और कहती हैं, 'मैं गोवा की बेटी हूं', फिर त्रिपुरा जाती हैं और कहती हैं, 'मैं त्रिपुरा की बेटी हूं। तय करें कि आपका पिता कौन है। सिर्फ किसी की बेटी बनना अच्छा नहीं है।

साल 2012 की बात है तब कांग्रेस में रहे संजय निरुपम ने बीजेपी नेता स्मृति ईरानी पर टीवी डिबेट के दौरान निजी हमले करने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा, 'स्मृति आप मुझे मेरा अतीत याद दिला रही हैं, लेकिन आप क्या थीं? आप तो पैसों के लिए टीवी पर ठुमके लगाती थीं और आज राजनीतिक विश्लेषक बन गईं। यह बात भी साल 2012 की है जब तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे और कांग्रेस सांसद अभिजीत मुखर्जी ने एक ऐसा बयान दिया जिस पर हंगामा मच गया। निर्भया गैंगरेप के बाद पूरा देश गुस्से से उबल रहा था और अभिजीत यह कह बैठे की ये तो फैशनेबल रंगी पुती महिलाओं को प्रदर्शन है। हंगामा बढ़ा तो उन्होंने माफी मांग ली थी।

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी महिलाओं पर कई बार विवादित बयान दिए है। एक पार्टी कार्यक्रम में उन्होंने जयंती नटराजन को 'टंच माल' कह दिया था। दिग्गी ने एक बार राखी सावंत पर टिप्पणी करते हुए कहा था अरविंद केजरीवाल और राखी सावंत जितना एक्सपोज करने का वादा करते हैं उतना करते नहीं हैं। उनके इस बयान पर राखी ने उन्हें 'सठिया गए हैं' कहकर झिड़का था।

शरद यादव महिलाओं पर कई बार अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। जेडीयू नेता शरद यादव ने बयान दिया था कि बेटियों की इज्जत से वोट की इज्जत बड़ी है, जिसके बाद सभी तरफ से इसका बयान का खंडन किया गया। शरद यादव ने साउथ की महिलाओं को लेकर कहा था, 'साउथ की महिला जितनी ज्यादा खूबसूरत होती है, जितना ज्यादा उसकी बॉडी।वह पूरा देखने में काफी सुंदर लगती है। वह नृत्य जानती है।' महिला आरक्षण विधेयक जब पहली बार संसद में रखा गया था तब उन्होंने कहा था कि, इस विधेयक के जरिए क्या आप 'परकटी महिलाओं' को सदन में लाना चाहते हैं।उसके अलावा शरद यादव ने राजस्थान के अलवर में चुनाव प्रचार के दौरान वसुंधरा राजे को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी थी। उन्होंने कह दिया था कि राजे बहुत मोटी हो गई हैं और उन्हें आराम की जरूरत है। पहले पतली थी। इसी तरह महिला आरक्षण पर परकटी महिलाएं यानी छोटे बाल वाली महिलाओं को लेकर उनका बयान काफी सुर्खियों में रहा था। महिला आरक्षण का उस वक्त संसद में विरोध करते हुए शरद ने कह दिया था कि इस विधेयक के जरिए क्या आप परकटी महिलाओं की सदन में एंट्री कराना चाहते हैं।

भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था, महिलाओं को ऐसा श्रृंगार करना चाहिए, जिससे श्रद्धा पैदा हो, न कि उत्तेजना। कभी कभी महिलाएं ऐसा श्रृंगार करती हैं, जिससे उत्तेजित हो जाते हैं लोग। बेहतर हैं कि महिलाएं लक्ष्मण रेखा में रहें। होली मिलन के एक कार्यक्रम में भाजपा नेता ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को 'महिलाओं का शौकीन' बताया था।

छत्तीसगढ़ के कोरबा से भाजपा सांसद बंसीलाल महतो ने राज्य की लड़कियों के लिए ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसे लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। महतो ने छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े का नाम लेते हुए कहा था कि वो अक्सर बोला करते हैं कि अब बालाओं की जरूरत मुंबई और कलकत्ता से नहीं है, कोरबा की टूरी और छत्तीसगढ़ की लड़कियां टनाटन हो गई हैं।

समाज में बढ़ती बलात्कार की घटनाओं पर पूछे गए सवाल पर हरियाणा की एक खाप पंचायत के नेता जितेंद्र छत्तर ने कहा था, ''मेरे ख़्याल से फास्ट फूड खाने से बलात्कार की घटनाएं बढ़ती हैं। चाऊमीन खाने से शरीर के हार्मोन में असंतुलन पैदा होता है। इसी वजह से इस तरह के कार्य करने का मन करता है।''

राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यन स्वामी ने एक बार प्रियंका गांधी के लिए कहा था, 'वह बनारस से चुनाव हार जाएंगी क्योंकि बहुत शराब पीती हैं।' नेहरू और लेडी माउंटबेटन के संबंधों पर भी स्वामी विवादित टिप्पणी कर चुके हैं।

श्रीप्रकाश जायसवाल भाजपा नेता ने एक बार बयान दिया था कि, नई शादी का मजा ही कुछ और होता है और ये तो सब जानते हैं कि पुरानी बीवी में वो मजा नहीं रहता।

गोवा के मुख्यमंत्री और भारत के पूर्व रक्षा स्व . मंत्री मनोहर परिकर ने लड़कियों के शराब पीने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा था- 'मैं डरने लगा हूं क्योंकि अब तो लड़कियां भी शराब पीने लगी हैं। सहने की क्षमता खत्म हो रही है।'

बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो हद कर दी थी। सदन में बजट के दौरान विपक्षी विधायकों के हाय-हाय करने पर नीतीश कुमार भी कहने लगे, आप सब हाय हाय हैं, हाय हाय... हाय हाय! गुस्से में लाल नीतीश कुमार आरजेडी विधायक रेखा देवी पर बिफर पड़े. कहने लगे, 'अरे तुम महिला हो... कुछ जानती नहीं हो... कहां से आते हैं, इन लोगों ने कुछ किया है? 2005 के बाद महिला को हमने ही आगे बढ़ाया है... चुपचाप बात सुनो, अभी हम बोल रहे हैं।

बिलकुल बिहार विधानसभा जैसा तो नहीं, लेकिन राज्यसभा में भी मिलता जुलता ही वाकया देखने को मिला. बजट पर संसद के दोनों सदनों में चल रही चर्चा के दौरान राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बार के बजट में केवल दो राज्यों को ही सरकार ने दिया है, बाकी किसी को कुछ नहीं मिला है. बीच में ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बोला कि वित्त मंत्री आपके सवाल का जवाब देंगी. सभापति की बात पर मल्लिकार्जुन खरगे बोल पड़े, 'मैं बोल लेता हूं... क्योंकि वो तो बोलने में एक्सपर्ट हैं... माताजी बोलने में तो एक्सपर्ट हैं... वो तो बोल ही देंगी.' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बारे में मल्लिकार्जुन खरगे को बीच में ही टोककर सभापति जगदीप धनखड़ ने बता दिया, वो तो आपकी बेटी के बराबर हैं. मल्लिकार्जुन खरगे 82 साल के हो रहे थे, जबकि निर्मला सीतारमण तब 64 साल की थी

इसके पूर्व जब वे जब वे लालू की पार्टी के संग थे तब संपन्न जाति आधारित सर्वे के आंकड़े आजो विधानसभा में पेश करते समय विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पापुलेशन कंट्रोल पर बात रखते समय कुछ ऐसा कह गए थे जिससे विवाद खड़ा हो गया था। दरअसल, जनसंख्या नियंत्रण और महिलाओं की पढ़ाई को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश सदन में कुछ बोल रहे थे। हालांकि, मुख्यमंत्री ने कुछ ऐसा कह दिया जिस पर विधानसभा के अंदर भी विधायक सुनकर असहज हो गए। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं के साक्षरता बढ़ी है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अगर लड़कियां पढ़ी-लिखी रहेंगी तो जनसंख्या खुद पर खुद नियंत्रित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शादी के बाद तो पुरुष रात में रोज करता ही है ना। उसी में और बच्चा पैदा हो जाता है। इसके साथ ही उन्होंने जो कहा उसको लेकर विवाद और बढ़ गया। नीतीश ने कहा कि लड़की अगर पढ़ लिख लेगी तो उसको भीतर मत.... उसको डालो। इसी में संख्या घट रही है। हालांकि, नीतीश कुमार के इस अजीबोगरीब बयान पर कुछ महिला विधायक नाराज दिखीं तो वहीं कुछ विधायक हंस भी रहे थे।

# ट्रकों से तेल चोरी के चार आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़

## आरोपी तालिब के पैर में लगी गोली

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर ।



फिरोजाबाद। ट्रको से तेल चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आरोपी तालिब के बाँये पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी को हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, जिदा कारतूस एवं खोखा कारतूस और एक कार, लगभग 130 लीटर डीजल बरामद हुआ है। कुछ दिन पूर्व रात्रि में थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत टोल के पास हाइवे पर सड़क के किनारे खड़े ट्रक से तेल टैंक का ताला तोडकर लगभग 300 लीटर डीजल चोरी करने की घटना के सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि उक्त प्रकरण में क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया था।

मुखबिर की सूचना के आधार पर शनिवार रात नगला महादेव तिराहे के पास पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर कार को तलाशी के लिए रोका, लेकिन कार में सवार लोग भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान इनकी पहचान तालिब, जुबेर, साजिद चौहान और सबील के रूप में हुई जो मेरठ के सरूरपुर क्षेत्र के निवासी हैं। माल बरामदी के लिए ले जाने पर आरोपियों ने पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस की गोली से तालिब घायल हो गया। तालिब के पैर में गोली लगी जिसे हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल भेजा। आरोपियों के कब्जे से तमंचा कारतूस और लगभग 130 लीटर डीजल बरामद हुआ है। आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में दस लोग हुए घायल

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



जसराना। थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में दो पक्ष आपस में रविवार की सुबह भिड़ गए। जिसके चलते दोनों पक्षों में जमकर पथराव एवं लाठी डंडे चलने लगे। लाठी डंडों के बीच दोनों पक्षों से दस लोग घायल हो गए। घायलों में से एक महिला को फिरोजाबाद रैफर किया गया है। जबकि कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

थाना जसराना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी रमेश चंद्र ने अपने धेवते लोकेश को गुजरात में मजदूरी करने के लिए रामपाल पक्ष के लोगों के साथ भेजा था। वह दूसरे पक्ष के साथ कार्य करने अहमदाबाद गया था। आरोप है कि रामपाल पक्ष के लोगों ने लोकेश को एक हजार रुप कम दिए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में शनिवार की सायं को भी विवाद हुआ था। शनिवार को तो ग्रामीणों ने विवाद शांत करा दिया लेकिन रविवार की सुबह दोनों पक्ष एक बार फिर आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे। दोनों तरफ से लाठी डंडे चलने से गांव में भगदड मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस गांव में पहुंची और घायलों को अपने साथ लेकर आई। मारपीट की घटना में एक पक्ष से मुन्नी देवी, आशा देवी, सुषमा देवी, सोमेश, रामपाल, विक्रम एवं दूसरे पक्ष से रमेश, सतीश, संदीप, पवन कुमार घायल हुए हैं। गंभीर हालत होने पर महिला मुन्नी देवी को जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया एक हजार रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ है। घायलों का उपचार कराने के साथ ही शांतिभंग में पाबंद करने की कार्रवाई की गई है।

# दो बाईकों की भिड़ंत में दो महिलाओं सहित पांच लोग हुए घायल

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



जसराना। रविवार की दोपहर थाना जसराना के बडा गांव पुल के पास दो बाईकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में दोनों बाइकों पर सवार दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीन घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। घायलों में दंपति की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं दो अन्य कहीं उपचार के लिए चले गए। घायलों को उपचार के लिए लेकर जा रही पीआरवी की गाडी में एक बाइक सवार में टक्कर मार दी।

थाना एका क्षेत्र के गांव नगला गडरिया निवासी लक्ष्मी देवी अपने पति अशोक कुमार के साथ थाना औंछा क्षेत्र के गांव नगला जाख अपने भाई की दौज करने बाइक से जा रही थी। वहीं नगला झाल थाना जसराना निवासी अनीशा अपने पति टीटू के साथ थाना औंछा क्षेत्र के गांव पौंछी अपने भाई की दौज करने गई थी। दौज करने के बाद वह बाइक से अपने भाई दुर्वेश एवं पति टीटू के साथ बाइक से लौटकर अपनी ससुराल लौटकर जा रही थी। थाना जसराना के बडा गांव पुल के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया दो बाईकों की भिड़ंत हुई है। तीन लोगों को सीएचसी भेजा गया है। दो अन्य लोग कहीं अन्य उपचार के लिए चले गए है ।

# दिवाली आनंद महोत्सव में टीवी कलाकार तृप्ति शाक्य व राहुल जैन का होगा कार्यक्रम

## संस्कार भारती महानगर द्वारा 10 नवंबर को जनपद के तिलक इंटर कॉलेज में होगा दिवाली आनंद महोत्सव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।




फिरोजाबाद । जनपद में संस्कार भारती महानगर द्वारा 10 नवंबर 2024 को सांय 4 बजे से स्थान तिलक इंटर कॉलेज में होने वाले दिवाली आनंद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह होंगे इस कार्यक्रम के सयोजक प्रवीन अग्रवाल सेवा सदन व संजीव जैन विक्की होंगे इस कार्यक्रम में प्रख्यात टीवी कलाकार एवम भजन गायिका तृप्ति शाक्य और राहुल जैन की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सहित रंग बिरंगी आतिशबाजी का भी आयोजन किया जाएगा ।

दिवाली आनंद महोत्सव को और ज्यादा से ज्यादा भव्य एवम व्यवस्थित बनाने के लिए आज शहर के शिवम रेस्टोरेंट में संस्कार भारती के पदाधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित की गई है जिसमे सभी संस्कार भारती के पदाधिकारियों एवम सदस्यों को महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए समितियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है तो वही ज्यादा से ज्यादा कला के इस महोत्सव से परिवारों को जोडने का प्रयास किया जा रहा है । इस मौके पर अध्यक्ष दया शंकर गुप्ता, महामंत्री प्रवीन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रविन्द्र बंसल, जिला प्रभारी रमेश बंसल , संरक्षक शैलेंद्र अग्रवाल , ब्रज प्रांत के मंत्री शिवकांत पलिया , उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी अनुग्रह गोपाल अग्रवाल व दीपक गुप्ता , शंकर गुप्ता, मयंक सारस्वत, श्रीमती ऋतु पलिया , श्रीमती गुंजन बंसल , नरेंद्र कुमार गुप्ता , ब्रजेश यादव , संजीव गुप्ता , कृष्ण मुरारी अग्रवाल , पवन सेठी, अंकित अग्रवाल , आनंद अग्रवाल , संगठन मंत्री उमेश गुप्ता , अनिल अग्रवाल, उद्देश्य तिवारी , विजय टाईगर, शैलेंद्र अग्रवाल , गौरव बंसल , डॉ. आशीष शर्मा , संजीव जैन , विकास बंसल , विशाल वाष्णेय, लकी अग्रवाल , अजय कुमार गुप्ता , सुनील गुप्ता इत्यादि मौजूद रहे ।

## न्यूज ब्रीफ

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद । नगर के स्टेशन के माधोगंज ओवरब्रिज के पास रेलवे कॉरिडोर के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक की उम्र 22 वर्ष के करीब बताया जा रही है । मृतक के हाथ पर ललित लिखा हुआ था। पुलिस युवक के शव को शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसके शव की शिनाख्त नही हो सकी।

### पुलिस ने एक दर्जन जुआरी पकड़े, किया चालान

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद । पुलिस ने नगला किला के पास से जुआ खेलते हुए एक दर्जन से अधिक जुआरियों को पकड़ लिया । पुलिस को जुआरियों की तलाशी में 21130 रुपए की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के नाम उपेन्द्र पुत्र सुशील कुमार, रतन कुमार पुत्र रमेश चन्द्र, राजन बाबू पुत्र पूर्ण सिंह, राजेन्द्र पुत्र दयाराम, नीरज कुमार पुत्र रामपाल, पीताम्बर पुत्र रामभरोसे, जीतू पुत्र हरिनंदन, सुनील पुत्र रामप्रकाश, बेताल पुत्र श्रीकृष्णा, टील्लू पुत्र हरिकिशन, सौरभ पुत्र पुर्ण सिंह निवासीगण नगला किला, राकेश पुत्र निहाल सिंह, मोहन पुत्र हरवीर सिंह निवासी यदुवंश, शिवम पुत्र मुकेश वृंदावन कालौनी बताया है । पुलिस ने सभी का जुआ अधिनियम में चालान कर दिया ।

### पुलिस ने अभियान चलाकर पकड़ें 58 वांछित व वारंटी अभियुक्त

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। जनपद के एसएसपी के निर्देशन में पुलिस ने एनबीडब्लू, एसआर वांछित और वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए शनिवार रात्रि में अभियान चलाकर कुल 58 वारण्टी व वांछित को गिरफ्तार किया। यह अभियान शनिवार रात्रि को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक चलाया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### बालिकाओं और महिलाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी



नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान जनपद में निरंतरता से चल रहा है। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिरसागंज के कस्बा सिरसागंज, थाना रसूलपुर के दुर्गेश नगर, थाना बसई मो0 के ग्राम बसई मोहम्मदपुर, थाना दक्षिण के जैन मंदिर, थाना लाइनपार के रामनगर, थाना मक्खनपुर के नगला तुरकिया, थाना टूण्डला के बड़ा चौराह, थाना रामगढ़ के रामगढ़ रोड़ , थाना पचोखरा के ग्राम सिकरारी, थाना जसराना के घिरोर चौराहा, थाना उत्तर के नगला दखल, थाना फरिहा के नगला रंजीत, थाना खैरगढ़ के खैरगढ़ बजार, थाना नसीरपुर के नगला नसीरपुर, थाना रजावली के गढ़ी वैशाली, थाना नारखी के ग्राम बछगांव, थाना नगला सिंघी के ग्राम पंचायत लतीफपुर आदि में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु अभियान के तहत जागरुक किया। साथ विभिन्न हैल्पलाइन नम्बर पुलिस 112, फायर 101, एम्बुलेंस 102 और 108, महिला सहायता 1090 के बारे में जानकारी दी गयी।

### मारपीट का वीडियो वायरल, महिला हुई घायल



नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज । थाना क्षेत्र में मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है । जिसमें एक महिला बुरी तरह घायल हो गई है। वीडियो में एक महिला हाथ में डंडा लिए दूसरी महिला को मार रही है। घायल महिला रीना पत्नी श्यामवीर सिंह निवासी अतापुर थाना सिरसागंज ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 नवंबर को मेरे पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों से मेरा झगड़ा हो गया था तभी रवीना कुमारी, निशा, मुस्कान, शिवम और शिवम की पत्नी सुनीता देवी ने मेरे साथ बुरी तरह मारपीट की थी। जिससे मेरे सिर व नाक में काफी चोट लग गई थी। मेरी नाक से काफी खून बह रहा था । खून बंद करने के लिए डॉक्टर को मेरी नाक में कई टांके लगाने पड़े। मैंने अपनी शिकायत पुलिस से की थी , लेकिन पुलिस की कार्रवाई से मैं संतुष्ट नहीं हूं।

# जेल में बंद भाइयों को बहिनों ने किया भैया दूज तिलक तिलक

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार





फिरोजाबाद । जनपद में रविवार को भैया दूज का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।भाई दूज पर बहनों ने भाई को दूज कर तिलक लगा लंबी उम्र की दुआ की । भाई दूज पर शादी सुधा बहिनें दूर दराज से अपने भाइयों के पास पहुंची वहीं भाई दूज के दिन जेल में बंद अपने भाइयों से मिलने भी पहुंची बहनों ने जेल में अपने भाइयों को दूज कर तिलक किया । जेल में भी बहनों को केवल नारियल का गोला और रोली ही अंदर लेकर जाने की अनुमति थी। बाकी सामान जेल कर्मियों ने बाहर रखवा लिए। पूरे दिन जिला कारागार पर बहन और उनके साथ आए बच्चों की भीड़ लगी रही। 2966 बच्चों, महिलाओं ने बंदियों को तिलक किया।

भाइयों को टीका करने के लिए सुबह सात बजे से ही जेल के बाहर बहनों व बच्चों की भीड़ एकत्रित होने लगी थी। लंबी लाइनें लग गई थीं। 9.15 बजे से भाई-बहन की मुलाकात शुरू कराई गई। भाइयों को टीका करते वक्त अनेक बहनों और बच्चों की आंखें छलक उठीं। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा करने का वचन दिया। भाई दौज मनाने का सिलसिला शाम तक चला। हरेक बहन की मुलाकात उनके भाइयों से करा दी गई। जेलर आनंद कुमार ने बताया कि बहनों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने पाई। नारखी थाने की पुलिस द्वारा भी जेल रास्ते पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

जलेसर रोड से आधा किलोमीटर लंबे जेल मार्ग पर अनेक जगह गड्ढे हैं। इन गड्ढों में नाली का पानी भरा था। इस कारण से भाई दौज मनाने जेल आने-जाने वाली बहनों, बच्चों और अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जेल अधीक्षक एके सिंह ने बताया कि जेल में बंदियों से मुलाकात करने के लिए 2966 बच्चे और महिलाएं पहुंची। जिसमें 910 पुरुष, 1837 महिलाएं और अन्य बच्चे भी शामिल रहे।

# ट्रैक्टर और बाइक में हुई जोरदार टक्कर, बाइक सवार की मौत





नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर ।

सिरसागंज ।थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रोड पर प्रेमी कृषि यंत्र के सामने ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई । जिसमें बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। राहुल कुमार उर्फ रामू यादव उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र राम प्रवेश निवासी ग्राम नगला भाऊ थाना सिरसागंज अपने गांव के साथी अंशुल कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह के साथ सिरसागंज बाजार से शनिवार शाम समय करीब 6:30 बजे अपने गांव के लिए आ रहा था। वह जैसे ही प्रेमी कृषि यंत्र के सामने पहुंचा तभी अचानक ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे ट्रैक्टर के पीछे लगे हेरो से राहुल कुमार उर्फ रामू यादव व उसका साथी अंशुल कुमार बुरी तरह से घायल हो गए । घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। तभी सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसागंज लेकर पहुंची। जहां दोनों की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने राहुल कुमार उर्फ रामू को मृत्यु घोषित कर दिया , जबकि उसका साथी अंकुल कुमार को उसके परिजन आगरा निजी अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। रामू अपने पीछे बेटा हनी और 6 वर्षीय बेटी परी को छोड़ गया है। घटना से परिजनों सहित पत्नी श्वेता का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पुलिस ने पांच वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेजे



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसरानाः पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मुकदमा में हाजिर नहीं होने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

दीपावली का त्यौहार समाप्त होते ही एका पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अलग-अलग स्थान से पांच वारंटीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अलग-अलग मुकदमों में वांछित विनोद कुमार नगला स्वामी, विजेंद्र कुमार ढाकपुरा, प्रशांत कुमार नगला पीपल, मिथिलेश कुमार कबीरपुर, उमेश चंद्र गांव निनावली, से गिरफ्तार कर जेल भेजे है। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश से उक्त लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# पर्यटन मंत्री ने आर्य समाज के प्रचार वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना

**16, 17, 18 नवंबर को आर्य गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज में होगा विराट आर्य महाकुंभ सम्मेलन**



नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर ।

सिरसागंज । महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा 16.17.18. नवंबर को आर्य गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज में बड़ी भव्यता के साथ विराट आर्य महाकुंभ सम्मेलन का आयोजित किया जाएगा ।

जिसके परिपेक्ष में आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रचार प्रसार के लिए लाये गये दो प्रचार वाहनों को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने आर्य समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में ओम झंडी दिखाकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 16. 17.18. नवंबर को आर्य गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज के प्रांगण में विराट आर्य समाज महासम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें पूरे देश के आर्य संस्कृति से जुड़े विद्वान लोग, गवर्नर, कई स्टेटों के राज्यपाल, बाबा रामदेव, कुलाधिपति, कुलपति, वेदों के विद्वान, प्रसिद्ध समाज सुधारक,एवं आर्य समाज के वरिष्ठ विद्वान लोग विचार रखेंगे। कार्यक्रम में आर्य प्रतिनिधि सभा के देवेंद्र पाल वर्मा, आर्यवीर दल प्रमुख संचालक रवि शास्त्री, ततारपुर गुरुकुल प्राचार्य कुशल देव, धर्मपाल त्यागी बागपत, रामवीर कौशिक, डा0 गुरुदत्त सिंह, वैदिक पुरोहित नवीन शास्त्री., देव शरण आर्य, नागेंद्र सिंह पप्पू,अंशुल खंडेलवाल, ठाकुर नितिन सिंह, दीपक जादौन, देश दीपक गुप्ता, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गंगा में आत्महत्या करने कूदे युवक को बचाया

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**गजरौला।** आत्महत्या करने के लिए तिगरी गंगा में कूदे युवक को समय रहते लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाल लिया। वहां मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्रा के तिगरी गंगा में एक युवक ने आत्महत्या करने के इरादे से गंगा में छलांग लगा दी। वहां मौजूद गोताखोरों ने समय के रहते युवक को गंगा से सकुशल बाहर निकाल लिया। शोर-शराबा होने पर आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद किसी युवक ने घटना का वीडियो बनाकर रविवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताते हैं कि युवक पारिवारिक क्लेश से परेशान चल रहा था।

## कार और बाइक की जबरदस्त टक्कर मे दो घायल- कार चालक गाड़ी छोड़कर हुआ फरार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



**सहारनपुर/गंगोह।** गंगोह के निकटवर्ती गांव बीरा खेड़ी के समीप कार और मोटरसाइकिल की जबरदस्त टक्कर हो गई - घटना के बाद कार चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया- हादसे में मुनव्वर व आजम निवासी घाटमपुर गंभीर रूप से घायल हो गए- घटना की सूचना मिलते ही धलापडा चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को गंगोह सीएचसी में भर्ती कराया।

## दारुल उलूम के नाम से विभिन्न प्लेटफार्म पर चल रहे अकाउंट गलत

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवबंद।** इस्लामी तालीम के प्रमुख केंद्र दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नोमानी ने जारी बयान मे कहा कि पिछले काफी दिनों से यह मामला संज्ञान में आ रहा है कि दारुल उलूम के नाम से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर अकाउंट चलाए जा रहे हैं। जबकि दारुल उलूम का सोशल प्लेटफार्म पर कोई भी आधिकारिक अकाउंट नहीं है। दारुल उलूम की तमाम तरह की जानकारियां संस्था की आधिकारिक वेबसाइट पर ही दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर संस्था के नाम से कोई अकाउंट बनाया गया है तो वह सरासर गलत है, उसको संस्था का अकाउंट न समझा जाए। मौलाना अबुल कासिम नोमानी ने सभी से अपील की है कि यदि किसी ने संस्था के नाम से कोई अकाउंट बनाया हुआ है तो वह उसे तुरंत खत्म कर दे।

## नानौता पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशो को दबोचा, लूट की मोटरसाइकिल, दो तमंचे बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**नानौता।** क्षेत्र के गांव तिलफरा ऐलनाबाद चैक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान एक बाइक को पुलिस ने रोकना चाहा तो बाइक सवार तीन बदमाश पुलिस पर फायर करते हुए बाइक दौडाकर भागने लगे, पुलिस ने पीछाकर जवाबी कार्रवाई मे एक बदमाश को गोली मार दी। वही उसके अन्य दो साथीयो को भी बामुश्किल गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष सचिन पूनिया ने बताया कि घायल बदमाश को जिला अस्पताल भेज दिया गया, जबकि दो बदमाशो को हिरासत मे लेकर न्यायालय में पेश कर जैल भेजा जा रहा है।

## बिहारीगढ़ में पुलिस के साथ अभद्रता करने वाले चार लोगों दबोचा, भेजा जेल




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सहारनपुर** के बिहारीगढ़ में थापुल रोड के सामने फ्लाईओवर के नीचे आज कुछ युवकों ने पुलिसकर्मियो के साथ अभद्रता की। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए त्वरित कार्यवाही अमल में लाई और चार युवकों अमन उर्फ विपुल पुत्र सुनील गोयल, वैभव गोयल पुत्र संजय गोयल, कमल गोयल पुत्र अनिल गोयल व अंकित गोयल निवासीगण कस्बा व थाना बिहारीगढ़, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार करते हुए जेल की हवा खिलाई। आज बिहारीगढ़ पुलिस से अभद्रता करने वाले चार लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। दबंगता दिखाने वाले आरोपियों को खाकी अपमान करना भारी पड़ा , पुलिस ने चारों आरोपियों को भेजा जेल।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में जनपद में ऐसे कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं। जो कि घोर निंदा का विषय है सवाल यह उठता है कि जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी? आपको बता दें गत दिवस थाना जनकपुरी पुलिस के साथ भी दुर्व्यवहार किया जा चुका है। वहीं थाना गंगोह पुलिस के सिपाही भी अभद्रता झेल चुके हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपने बच्चे का नाम MOHAMMAD NABEEL से बदलकर MOHD NABEEL रख लिया है अब भविष्य में मेरे बच्चे को MOHD NABEEL S/O ZAKI से जाना जाए AKI S/O UMAR USMAN R/O मटिया महल जाफर नवाज सहारनपुर ऊ प्र 247001

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम WALI SULTAN से बदलकर WALI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए WALI S/O ZAKI R/O मटिया महल जाफर नवाज सहारनपुर ऊ प्र 247001

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम RESHAMA RANI से बदलकर RESHMA RANI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए RESHMA RANI W/O ZAKI R/O मटिया महल जाफर नवाज सहारनपुर ऊ प्र 247001

# मोबाइल शॉप में लगी भीषण आग सैकड़ों स्मार्टफोन जलकर राख

**संवाददाता आजाद खान**



**गंगोह।** गंगोह के लखनौती मार्ग पर स्थित मंसूरी पैलेस के पास एक मोबाइल शॉप में शुक्रवार की रात भीषण आग लग गई, जिसमें सैकड़ों स्मार्टफोन और अन्य सामान जलकर राख हो गए। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, जिससे करीब 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

घटना रात करीब 12 से 1 बजे की है, जब गंगोह पुलिस ने दुकान मालिक को आग लगने की सूचना दी। दुकान मालिक आर. एस. मोबाइल गैलरी के स्वामी ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखे स्मार्टफोन, चार्जर, और अन्य मशीने पूरी तरह से जल गईं।

गंगोह कस्बा इंचार्ज नीरज पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि रात करीब 12 बजे पुलिस गश्त कर रही थी, तभी आग की लपटें दिखाई दीं। तुरंत पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया और मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया। दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया और आसपास की अन्य दुकानों को बचा लिया गया।

दुकान स्वामी के अनुसार इस भीषण आग से मोबाइल शॉप का पूरा सामान नष्ट हो गया, जिससे उनको भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## भैया दूज पर रविवार को बहनों ने भाइयों के आने तक व्रत रखा

### भाई को तिलक करने के बाद ही बहनों ने अपना व्रत खोला



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**सरसावा।** नरेश विहार स्थित श्री पीतांबरा धाम मंदिर में आचार्य सुनील, नकुल रोड स्थित श्री बनखंडी महादेव मंदिर में पंडित अनिल कौशिक ने कहा कि सूर्य देव के पास दो संतानें यमराज और यमुना थी यमराज के पास समय की कमी थी इसलिए वह वर्षों तक अपनी बहन से मिलने भी नहीं आते थे। इससे उनकी बहन उनसे नाराज रहती थी। एक दिन यमराज अपनी बहन की याद आई आपकी बहन से मिलने के लिए उसके यहां आ गई। अपने भाई को अपने घर आए देखकर बहन यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उस दिन भैया दूज का त्यौहार था यमुना ने अपने भाई यमराज को तिलक किया। तो बदले में भाई ने उससे मुंह मांगा वर मांगने को कहा। बहन ने अपने भाई से हर वर्ष भैया दूज पर बहन के यहां आने का वर मांग लिया। यमराज अपनी बहन को वचन देते हुए कहा कि इस दिन जो भी भाई यमुना में स्नान कर बहन के यहां आकर तिलक करवाएगा और भोजन करेगा उसे यमदूत का भय नहीं रहेगा और वह हमेशा निडर होकर अपना जीवन यापन करेगा। पंडित जी ने कहा कि इसलिए प्रत्येक वर्ष जैसे यमराज अपनी बहन यमुना से तिलक कराने के लिए उसके पास जाते हैं। ठीक उसी प्रकार भाई भी अपनी बहनों के यहां तिलक कराने के लिए जाते हैं।

## देवबंद में खूनी संघर्ष मकान के गेट बनाने को लेकर हुआ विवाद तीन युवक घायल

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सहारनपुर/देवबंद। मकान में गेट लगाने की रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले मारपीट में एक पक्ष के तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर नायक की गुहार लगाई है। मामला जनपद की तहसील देवबंद क्षेत्र के गांव बाबूपुर में मकान के सामने गेट लगाने को लेकर ब्रह्मपाल पुत्र भरत का उनके ही पड़ोसी से कुछ विवाद चल रहा है जिसका गांव के लोगों ने समझौता कर दिया था ।बताया जाता है कि आज फिर मकान के सामने पैड़ी बनाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया और एक पक्ष ने लाठी डंडे व धारदार हथियारों से दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया मारपीट में अंकित पुत्र सोहन ब्रह्मपाल ब्रह्मपाल का भाई सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर विपक्ष के नौ आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया और तहरीर के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल सुनील नागर ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है तथ्यों के आधार पर जो दोषी होगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बहनों ने तिलक कर भाईयों के दीघार्यु होने की कामना की

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



**गजरौला।** बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज का त्यौहार रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना की और उन्हें गोला भेंट किया। भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रविवार की सुबह से ही बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की और भाईयों की ओर से बहनों पर उपहार भेंट किए गए। परंपरागत के अनुसार बहनों ने भाईयों को तिलक लगाने के बाद गोला आदि भेंट किए। परिवार के बड़े सदस्यों ने इस पर्व को परंपरागत को निभाया वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भी भैया दूज का पर्व धूमधाम के साथ मनाया।

### भैया दूज को लेकर बाजारों में दिखाई दी चहल-पहल

भैया दूज के पर्व पर बाजारों में रविवार की सुबह से शाम तक चहल-पहल दिखाई दी। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में मिठाइयों व उपहार की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। दीपावली के बाद एक बार पिफर से दुकानों दुकानदारों ने दुकान के बाहर मिठाइयां सजा दी। जिसको खरीदने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। वहीं भैया दूज पर्व पर बसों व ट्रेनों में रही भीड़ रही। बसों का अभाव होने के कारण डग्गामार वाहनों से भी यात्रा की गई। इस कारण डग्गामार वाहन भी भरकर चले।

# पुलिस अधीक्षक व पुलिस विभाग को किया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**अमरोहा।** प्रोग्रेसिव स्कूल वेलफेयर सोसाइटी तथा एसआर एस इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध तंत्र ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह एवं पुलिस विभाग को सम्मानित किया। गत 25 अक्टूबर को एस.आर. एस. इंटरनेशनल एकेडमी गजरौला की 28 बच्चों से भरी बस पर 3 नकाबपोश हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग एवं पत्थरबाजी की थी जिसके बाद से सभी स्कूलों के प्रबंधकों एवं बच्चों व अभिभावकों में भय व दहशत का माहौल बना हुआ था और तभी से स्कूलों के प्रबंधकों द्वारा तीनों हमलावरों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने तीनों हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जिसके फलस्वरूप सभी ने राहत की सांस ली है। इस कार्य के लिए प्रोग्रेसिव स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही पुलिस के इस कार्य में शामिल पुलिस टीम को एस.आर. एस स्कूल प्रबंधन ने 31 हजार रुपए नकद पारितोषिक देकर उनकी हौसला अफजाई की।

इस अवसर पर प्रोग्रेसिव स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक अजय टंडन तथा अध्यक्ष गिरीश बंसल सहित एस .आर. एस स्कूल के अध्यक्ष बी.सिंह प्रबंधक वीरेंद्र सिंह तथा निदेशक पुनीत सिंह, तथा एम एस.पब्लिक स्कूल से बिरेश सिंह नोबल पब्लिक स्कूल से शुभम उपाध्याय, राजेंद्र अकादमी से अभिजीत सिंह, वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के ज़िला अध्यक्ष नरेश सिद्दू व गजरौला ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद गिल इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एस आर एस स्कूल के प्रबंध तंत्र ने प्रस्ताव दिया कि विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर इस प्रकरण के समाधान से जुड़ी संपूर्ण टीम को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करा जाए।

## पिता को दिए संकल्प को पूरा करने के लिए जीवन के अंतिम सांस तक लड़ूंगा: चंद्रशेखर

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**सहारनपुर/छुटमलपुर।** आजाद समाज पार्टी प्रमुख सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने स्वर्गवासी पिता को उनकी पुण्य तिथि पर याद करते हुए उनसे किए वादे को पूरा करने के लिए जीवन के अंतिम सांस तक लड़ने के संकल्प को दोहराया। चंद्रशेखर ने जारी संदेश में कहा कि आज उनके पिता का जन्म दिन है। अब वो हमारे बीच इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनकी प्रेरणा उनका वह सपना जिसके लिए वे जीते थे आज भी उन्हें भलीभांति याद है। श्री आजाद ने कहा कि वह यह जानते हैं कि एक बेटे के लिये उसके पिता जीवन में सबकुछ होते हैं। सांसद ने अपने संदेश में दोहराया कि उनके पिता ने अपने जीवन के अंतिम समय में जो संकल्प उनसे लिया था आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर एक बार पुनः उस महान संकल्प को दोहरा रहे हैं । आजाद ने कहा कि उनके पिता का सपना बहुजन समाज को शासक बनाने का था जिसके लिए वह अपने जीवन के अंतिम समय तक संघर्ष करेंगे। कहा कि वह इस देश के करोड़ो गरीबो, महिलाओं, बुजुर्गों, मज्लूमों, शोषितों, वंचितों के मान-सम्मान के लिए संघर्ष करने के साथ ही उनके अधिकारों की भी सुरक्षा करेंगे।

## जानलेवा हमले के मामले में वांछित अभियुक्त शेर सिंह गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**देवबंद/सहारनपुर।** देवबन्द पुलिस ने गत दिवस जानलेवा हमले के मामले में वांछित अभियुक्त शेर सिंह पुत्र कबूल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। शेर सिंह पर आरोप है कि उसने ग्राम लालवाला निवासी रविन्द्र के 15 वर्षीय पुत्र मंयक के साथ गाली-गलौच की और मना करने पर मंयक पर जान से मारने की नियत से गोली चलाई। इस घटना को लेकर देवबन्द थाने मे मामला दर्ज किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर ने घटना का तुरंत संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे,पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी देवबन्द के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के नेतृत्व में अभियुक्त की तलाश के लिए विशेष टीम बनाई गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, शेर सिंह को बालासुन्दरी मन्दिर की ओर जाने वाले रास्ते पर आम के बाग के पास एक खाली प्लॉट से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के पास से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। अभियुक्त के खिलाफ अन्य कानूनी कार्यवाही पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# बजाज चीनी मिल गांगनौली के पेराई सत्र का हुआ शुभारम्भ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**नागल।** गांगनौली स्थित बजाज हिन्दुस्तान चीनी मिल ईकाई के 19 वें पेराई सत्र का शुभारंभ रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान के साथ चैन में गन्ना डालकर व नारियल तोड़कर किया गया।

इस अवसर पर ईकाई प्रमुख हरविश कुमार मलिक ने कहा कि पिछले अट्ठारह साल से बजाज हिन्दुस्थान की ईकाई लगातार क्षेत्र के किसानो का गन्ना पेराई कर उनकी सेवा कर रही है । इससे पूर्व यहां के किसानों को कोल्हूओं मे निर्भर रहना पडता था और कम दाम में गन्ना बेचना पडता था या अन्य चीनी मिलों को मई जून तक गन्ना सप्लाई करना पडता था जिससे गेंहूँ की बुआई कम होती थी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक देवेंद्र निम, मनोज पुंडीर, पूर्व ब्लाक प्रमुख बिजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, नवीन चौहान, महकार सिंह, रूपेश पुंडीर, राजेन्द्र कुमार, राजबीर सिंह, अखिल सिंह राठी,महेश्वर शर्मा, सुशील चौधरी अंबोली, सुभाषचंद्र, रामकुमार चौधरी,अरूण राणा, शैलेन्द्र चौधरी, मेमपाल, मरगूब अली, राजेश पाल आदि अनेक किसान उपस्थित रहे।

## राज्य की 81 सीटों पर कुल 1211 उम्मीदवारः के.रवि कुमार,मुख्य निर्वाचन अधिकारी

### बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण कार्य युद्धस्तर पर जारी, पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**रांची(बिहार)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर कुल 1211 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।उनमें 1081 पुरुष प्रत्याशी हैं।महिला उम्मीदवारों की संख्या 128 है।जबकि,2 प्रत्याशी ट्रांसजेंडर हैं।उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान की तैयारी अंतिम दौर में है।इस चरण में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।जबकि,दूसरे चरण की मतदान की तिथि 20 नवंबर है।इस चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।उसमें 472 पुरुष,55 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर प्रत्याशी हैं।उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घरों तक बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची का वितरण युद्धस्तर पर जारी है।उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता मतदान करने जाते वक्त मतदाता पर्ची में उल्लेखित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर नोट कर जाएं।इससे उन्हें अपना नाम ढूंढने में अत्यल्प समय लगेगा।वहीं पार्ट नंबर से सही कतार में खड़ा होने की जानकारी मिल जाएगी।इससे मतदान करने में जहां काफी कम समय लगेगा,वहीं मतदान की गति भी काफी बढ़ जाएगी।उन्होंने कहा कि फिलहाल पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है।उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब,43 करोड़,26 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

## नवादा के जिलाधिकारी बने रवि प्रकाश,संभाला कार्यभार



**नेशनल एक्सप्रेस/राकेश कुमार**

- बोले-छठ पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराना व सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता

**पटना(बिहार)।** नवादा जिले के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के 31अक्टूबर 2024 को सेवानिवृत्त होने के बाद बिहार सरकार ने जिले में नये जिलाधिकारी की तैनाती कर दी है।जहानाबाद जिला के काको प्रखंड के देवघरा के रहने वाले 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के रवि प्रकाश को नया जिलाधिकारी बनाया गया है।नव पदस्थापित जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने आज पदभार ग्रहण किया।इस दौरान प्रभारी डीएम ने पदभार सौंपते हुए नए डीएम को बधाई एवं शुभकामना दी।पदभार ग्रहण करते हुए नवनियुक्त जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में छठ पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य इन दोनों क्षेत्र में ज्यादा काम करने की जरूरत है।इस अवसर पर उपस्थित अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद ने गुलदस्ता भेंट कर नये समाहर्ता की आगवानी की।ज्ञातव्य हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रवि प्रकाश उद्योग विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर थे।वे पूर्व में शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षा निदेशक का भी दायित्व निभा चुके हैं।अब सरकार ने नवादा जिले के जिलाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है।जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण करने के बाद छठ घाट,सूर्य मंदिर,मिजार्पुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ घाट पर काफी भीड़ लगती है गोताखोर तैनात रखेंगे,किसी भी तरह का अप्रिय घटना ना हो इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे।छोटे बच्चे और बूढ़े के पॉकेट में उनका पता एवं मोबाइल नंबर अवश्य रहना चाहिए,इसके लिए प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें जानकारी देंगे।उन्होंने उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को निर्देश दिया कि छठ घाट पर साफ सफाई करवाएंगे ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाएंगे।विद्युत की व्यवस्था,पानी की व्यवस्था,टैंकर की व्यवस्था,जीवन रक्षक दवाइयों की व्यवस्था,यातायात की व्यवस्था आदि को लेकर संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नवादा,अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर,कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया बीजेपी का घोषणा पत्र, बोले-

# ये सरकार बदलने का नहीं भविष्य सुरक्षित करने का चुनाव

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**




**रांची(झारखंड)।** बीजेपी का घोषणा पत्र जारी हो गया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत प्रदेश के सभी आलाकमान ने इसे रविवार को रांची के रेडिशन ब्लू जारी से जारी किया हैं।पार्टी ने इसे संकल्प पत्र का नाम दिया है।इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि ये चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है,बल्कि झारखंड का भविष्य सुरक्षित करने का चुनाव है।उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए पूछा कि ये यहां की जनता को तय करना है कि आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार चाहिए या विकास के रास्ते पर चलती हुई मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार चाहिए।आपको घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डालने वाली सरकार चाहिए या परिंदा भी पर न मार सके ऐसी सरहद की सुरक्षा करने वाली भाजपा सरकार चाहिए।अमित शाह ने कहा कि बेरोजगारी और पेपर लीक से त्रस्त युवा आज भाजपा के साथ अपना भविष्य ढूंढ रहे हैं।भ्रष्टाचार से गरीबों के हक का धन अपने चेले-चपाटों में बांटने वाली सरकार की जगह गरीब का कल्याण करने वाली सरकार को झारखंड की जनता ढूंढ रही है, इसलिए भाजपा आज एक चुनावी संकल्प पत्र लेकर आई है।

अमित शाह ने हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि आज आप जिस कांग्रेस और राजद की गोद में बैठ गये हैं,मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि 2004-14 के बीच यूपीए सरकार के दौरान झारखंड को सिर्फ 84 हजार करोड़ रुपया दिया गया था,जबकि मोदी जी ने 2014-24 के बीच में 3 लाख 8 हजार करोड़ रुपया दिया है।उन्होंने आगे कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के दौरान झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 29 प्रतिशत की वृद्धि है और बलात्कार के मामलों में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।अमित शाह ने इस दौरान बंग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर हेमंत सरकार को जमकर घेरा।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने घुसपैठियों को पनाह दी है।घुसपैठियों में उनको अपना वोट बैंक दिखाई देता है।इस राज्य में घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है,डेमोग्राफी बदल रही है और यहां की सरकार अपनी धुन में मस्त है।मैं आपसे वादा करता हूं कि भाजपा सरकार आएगी,तो घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालेगी।असम में भाजपा सरकार आई और आज असम में घुसपैठ बंद हो गई है।हम रोटी,बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे।गौरतलब है कि पार्टी ने पंचप्रण पहले ही जारी कर दिया है।इसमें सरकार बनते के साथ गोगो दीदी योजना और लक्ष्मी जोहार योजना शुरू करने की बात कही गयी है।इसके अलावे 5 लाख स्वरोजगार के अवसर देने के साथ ही 2.87 लाख खाली पदों के निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भरने की बात कही गयी है।साथ ही साथ घर निर्माण करने के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध कराने की बात है।

## पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सतर्कता जागरूकता कार्यशाला-2024 का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)।** सतर्कता विभाग के निर्देश पर दानापुर मंडल के आरा रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों एवं आम जनता को भ्रष्टाचार एवं उससे निपटने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

इसके अलावा महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता जागरूकता से संबंधित ऑडियो क्लिप भी चलाए जा रहे हैं।सार्वजनिक पता सूची,रेलवे हेल्पलाइन नंबर का महत्व 139 पर भी जोर दिया गया।

इसके अलावा, सतर्कता जागरूकता से संबंधित 'रिंग टोन' को ईसीआर कर्मचारियों के सभी सीयूजी नंबर पर सक्रिय कर दिया गया है।

## बिहार में आरजेडी नेताओं का डाटा लीक!

### जनसुराज से आ रहे ऑफर, पार्टी की जांच शुरू

**नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**पटना(बिहार)।** बिहार में राजद के चार लाख एक्टिव नेताओं का डाटा लीक हो गया है।उनके नाम,पता,उम्र,मोबाइल नंबर,राजनीति का कार्य क्षेत्र समेत पूरा पर्सनल इनफॉर्मेशन लीक हो गया है।पार्टी के सभी नेता परेशान हैं।सभी पता लगाने में जुटे हैं कि किसने,क्यों,किस एवज में ऐसा किया है।राजद नेता तेजस्वी यादव इस मामले पर आला नेताओं को निर्देश भी दे चुके हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक,राजद के करीब 4 लाख सक्रिय सदस्यों का पूरा डाटा कार्यालय के कंप्यूटर में फीड है।इसमें राज्य के सभी पंचायत के नेताओं की पूरी जानकारी रखी गई है।लेकिन,ऐसा कहा जा रहा है कि पूरा डाटा जनसुराज पार्टी के मैनेजरों के पास पहुंच गया है।ऐसे में ये पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि,प्रदेश कार्यालय में कंप्यूटर चलाने वाले डाटा इंट्री ऑपरेटर-,सोशल मीडिया प्रभारी या मुख्यालय प्रभारी किससे यह डाटा लीक हुआ है।सभी के आंतरिक संपर्कों को खंगाला जा रहा है।प्रदेश कार्यालय और तेजस्वी के पुराने सरकारी कार्यालय 5 देशरत्न मार्ग में कहां से और किसने डाटा लीक किया है।इसकी युद्ध स्तर पर जांच की जा रही है।कैसे और किन शर्तों पर लीक हुआ ये पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

पार्टी के अंदर यह मामला गंभीर बना हुआ है।कोई नेता इस विषय पर सार्वजनिक रूप से बोलने को तैयार नहीं है।अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव होना है।यह देखते हुए राजद नेतृत्व ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।साथ ही अनौपचारिक रूप से जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार,राजद नेताओं के मोबाइल नंबर पर उनके पूरे पते,उम्र समेत पूरी जानकारी के साथ जनसुराज पार्टी की तरफ से फोन आ रहा है।जब अधिकतर राजद नेताओं के पास कॉल आने लगा तब उनको 'डाटा लीक' की भनक लगी।बताते चलें कि पटना, समस्तीपुर,भागलपुर-,आरा,अररिया समेत अन्य जिलों से राजद नेतृत्व को उसके नेताओं से लगातार यह शिकायत मिल रही है।उन्हें जनसुराज की तरफ से कई बड़े ऑफर आ रहे हैं।जन सुराज पार्टी की स्थापना के पहले ही प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह राजद के नेता-कार्यकर्ताओं द्वारा जन सुराज पार्टी में शामिल होने को चिंता का विषय बताया था।उन्होंने राजद नेताओं से स्पष्ट रूप से अपील की थी कि बहकावे में न आएं।जन सुराज में सदस्य और सहयोगी नहीं बने,दल विरोधी काम न करें।

## शिक्षकों की नियुक्ति का एकमात्र श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच को : विजय कुमार चौधरी,मंत्री

### जनता को बताने लायक विपक्ष के पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं:विजय कुमार चौधरी,मंत्री

**नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**पटना(बिहार)।** रविवार को जद(यू)प्रदेश कार्यालय,पटना में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल सहित तमाम विपक्षी पार्टियां अकारण ही नीतीश सरकार की उपलब्धियों का श्रेय हड़पने की कोशिश कर रही है।श्री चौधरी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से योग्य शिक्षकों की नियुक्त का निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निदेर्शानुसार वर्ष 2021के अगस्त माह में लिया गया था।वहीं,नीतीश कुमार ने राजद को वर्ष 2022 के अगस्त में सरकार में शामिल होने का मौका दिया इसलिए पुरानी सरकार में लिए गए निर्णयों पर राजद की ओर से श्रेय लूटने की नाकाम कोशिश हास्यास्पद और निंदनीय है।उन्होंने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा हेडमास्टरों की नियुक्ति का पहला विज्ञापन वर्ष 2022 के मार्च महीने में जारी हुआ और उस दौरान भी बिहार में एनडीए की सरकार थी।साथ ही अगस्त में नई सरकार बनने के पहले उसके नतीजे भी आ गए थे परंतु नियुक्ति पत्र का वितरण नई सरकार गठन के बाद हुआ था।उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में प्लस टू विद्यालय खोलने का फैसला भी एनडीए की सरकार में लिया गया था।श्री चौधरी ने कहा कि विपक्ष के पास जनता को बताने लायक अपना कोई काम नहीं है।वहीं,नीतीश कुमार की उपलब्धियां आज बिहार के हर हिस्से में पसरी हुई है।चूंकि विपक्ष हमारी उपलब्धियों को नकारने की हिम्मत नहीं कर सकता है इसलिए घुसपैठ कर श्रेय लेने की कोशिश में जुटा हुआ है।उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में हो रही शिक्षकों की नियुक्ति का एकमात्र श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी सोच को जाता है।बिहार की होशियार और समझदार जनता विपक्ष के भ्रमजाल में कभी नहीं फंसेगी।

## मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी एवं पटना सिटी स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**



**पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी जाकर भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास,सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की।मुख्यमंत्री का गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी चित्रगुप्त पूजा समिति की ओर से अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के नौजर घाट,दीवान मुहल्ला स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास,सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की।इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी,पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के.सिन्हा,पटना की मेयर सीता साहू,पूर्व विधान पार्षद सह गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ.रणवीर नंदन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक आलोक राज,मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार,मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ.गोपाल सिंह सहित गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी पूजा समिति तथा श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर प्रबंधक समिति के सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# चतरा में आरजेडी(आर)और एलजेपी के बीच मुकाबला

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**

### लोजपा ने आरजेडी के पूर्व विधायक को मैदान में उतारा

- चतरा विधानसभा में राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश व लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान के बीच मुकाबला है
- सिमरिया विधानसभा में झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा व भाजपा के उज्वल दास के बीच मुकाबला है
- चतरा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार लोजपा चुनाव लड़ रही है

**रांची(झारखंड)।** चतरा जिले में दो विधानसभा क्षेत्र हैं,जिनमें चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।दोनों विधानसभा क्षेत्र में 11-11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चतरा विधानसभा में राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश व लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान के बीच मुकाबला है।वहीं सिमरिया विधानसभा में झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा व भाजपा के उज्ज्वल दास के बीच मुकाबला है।चतरा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार लोजपा चुनाव लड़ रही है।

एनडीए गठबंधन ने सीट शेयरिंग में चतरा सीट लोजपा के खाते में डाल दिया।जिस कारण पहली बार भाजपा चुनाव मैदान से गायब है।लोजपा ने जनार्दन पासवान को अपना प्रत्याशी बनाया है।पासवान दो बार विधायक रह चुके हैं।वह 1995 में जनता दल से विधायक बने थे। 2009 में राजद के टिकट से जीत दर्ज की थी।

वह छठी बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।जिसमें राजद से तीन बार,जनता दल से एक बार और भाजपा से एक बार चुनाव लड़ चुके हैं।इस बार लोजपा से चुनाव लड़ रहे हैं।राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश पहली बार चुनाव मैदान में उतरी हैं।वह मंत्री सत्यानंद भोगता की पुत्रवधू हैं।भोक्ता जाति को एससी से एसटी में शामिल किये जाने के कारण मंत्री चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं।

सत्यानंद भोक्ता भी चतरा विधानसभा क्षेत्र से चार बार चुनाव लड़ चुके हैं।जिसमें तीन बार विधायक बने।वर्ष 2000 व 2005 में भाजपा की सीट से विधायक चुने गये।वर्ष 2019 के चुनाव में राजद की सीट से जीत दर्ज की थी।वे जब-जब विधायक बने,मंत्री बने।लोजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए एनडीए के घटक दल लगे हुए हैं,तो वहीं राजद प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल लगे हुए है।सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा पूर्व विधायक रामचंद्र राम के पुत्र हैं।

वह वर्ष 2009 से लगातार चुनाव लड़ते आ रहे हैं। 2009 में भाकपा से चुनाव लड़े,जिसमें वे चौथे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में राजद से चुनाव लड़े थे, जिसमें वे तीसरे स्थान पर रहे थे।

2019 के चुनाव में आजसू से भाग्य आजमाया।जिसमें वे दूसरे स्थान पर रहे थे।इस बार झामुमो से चुनाव मैदान में हैं।वहीं भाजपा प्रत्याशी कुमार उज्ज्वल पूर्व विधायक उपेंद्रनाथ दास के पुत्र हैं।वे दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।वह पहली बार पिता के निधन के बाद 2008 के उप चुनाव में भाजपा से चुनाव लड़े थे।जिसमें वे चौथे स्थान पर थे।

इस बार भी भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं।इस तरह सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से दो पूर्व विधायकों के पुत्र चुनाव मैदान में हैं।हालांकि चतरा व सिमरिया में मुकाबला त्रिकोणीय बनाने के लिए कई प्रत्याशी चुनाव मैदान हैं।सभी प्रत्याशी क्षेत्र में जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

साथ ही जनसंपर्क अभियान चला कर मतदाताओं से वोट मांग रहे हैं।चतरा विधानसभा क्षेत्र में चार लाख 27 हजार 209 मतदाता हैं।इनमें दो लाख 17 हजार 96 पुरुष व दो लाख 10 हजार 111महिला मतदाता हैं।

मतदान केंद्र 475 हैं।वहीं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख 77 हजार 92 हजार 872 मतदाता हैं।इनमें एक लाख 92 हजार 872 पुरुष व एक लाख 84 हजार 311महिला मतदाता हैं। मतदान केंद्र 419 हैं।

## खबरें फटाफट

### पति-पत्नी के 10 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 7, थाना बेहटा मुजावर, थाना बिहार व थाना बांगरमऊ से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा० आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में अबसार अली व डा० सगीर अहमद तथा पुलिस टीम में थानाध्यक्ष महिला थाना अर्चना जी,उ०नि० भागीरथी, महिला कांस्टेबल पूजा शर्मा, पूजा, पूनम राजपूत, सेविका का विशेष योगदान रहा।

### नगर पालिका परिषद ने रोड पर बनाया कूड़ा घर राहगीरों में रोष व्याप्त

उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला के कासिफ अली सराँय में जिस स्थान पर पड़री अडडा बनाया गया था । उसी स्थान पर कूड़ा घर बना दिया गया रिहायशी इलाके में महामारी फैलने की आशंका है । बदबू से नागरिक परेशान हैं ।

रमेश प्रधान ' ओम प्रकाश टेलर ' बबलू सिंह . मोहल्ले के कई संभ्रांत नागरिकों ने विरोध जताया है कि यह कूड़ा गलत तरीके से रोड पर डाला जा रहा है जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है वहीं खराब सड़क होने के कारण लोग सड़क से परेशान थे मगर अब परेशान है लोग बदबू से जैसे ही कासिम नगर के लिए आदमी प्रवेश करता है बस तुरंत वहां पर कूड़े का ढेर से उसे से राहगिरो का सामना होता है ऐसी गंदगी को देखते हुए मोहल्ले वासियों ने रोष व्यक्त किया है और कहां है कि अगर यह एक-दो दिन में यह कूड़ा घर यहां से नहीं हटेगा तो हम लोग डीएम ऑफिस पहुंचकर कूड़ा घर हटाने की मांग करेंगे और धरना भी करेंगे राहगिरो को लगातार परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है और मोहल्लेवासी भी काफी परेशान है क्योंकि नगर पालिका परिषद के कर्मचारी गंदा गंदा कूड़ा रोड के ऊपर ऐसे ही उलट देते हैं जब उनसे मना किया जाता है तो वह अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं और कहते हैं कि जहां जाना हो जाओ हमको तो सरकार ने आदेश दिया है हम कूड़ा यहीं पर ही डालेंगे आखिर रोड पर कूड़ा डालने का कारण क्या है एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत उन्नाव नगर पालिका में मोहल्ला काशिफ अली सराय में नगर पालिका के कर्मचारी बिना कोई आदेश में रोड पर लगातार कूड़े का ढेर लगाकर चले जाते हैं जिससे रागिरो को गंदगी से सामना करना पड़ रहा है और मोहल्ले में महामारी फैली हुई है इसलिए नगर पालिका एवं जिलाधिकारी से मांग करते हुए इस कूड़े घर को यहां से हटाया जाए वरना यहां पर महामारी से लोग बीमार पड़ रहे हैं अगर यह जल्द ना हटाया गया तो हम सब जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर इसकी शिकायत करेंगे आदि ।

### हत्या या दुर्घटना में चली गई 10 वर्षीय लड़के की जान

कानपुर देहात,। जनपद के रूरा थानाक्षेत्र में शनिवार की रात एक 10 वर्षीय लड़के की गला रेत कर निर्मम हत्या की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते तनाव की स्थिति गांव में बन गई। इसको देखते हुए मौके पर पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली।

रूरा थानाक्षेत्र के सिठमरा में रहने वाले अनिल चक्रवर्ती का बेटा आर्यन (10) बच्चों के साथ खेलने के लिए गया था। काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसे ढूंढने के लिए निकले। चौकी से कुछ दूर बाजार में खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। उसकी गर्दन से खून निकल रहा था। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुँचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी से कुछ दूरी पर छात्र की गला रेतकर हत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही घटना स्थल से लेकर जिला अस्पताल तक लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों ने गांव के दूसरे वर्ग व कुछ अन्य लोगों पर वारदात को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए कई थानों का फोर्स मौके पर तैनात कर दिया गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के साथ जिलाधिकारी आलोक सिंह भी पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभी तक जांच में जो सामने आया है उसमें मोहल्ले में ही रहने वाले एक लड़के अंकित ने सुतली बम को जलाया था। वहीं उसमे आवाज तेज हो जाये इसको लेकर जैद नामक एक लड़के ने उसमे स्टील का गिलास रख दिया। बम फूटने के बाद आर्यन एकदम गिर गया जिससे वहां खड़े लड़कों ने सोचा कि इसको मिर्गी का दौरा आया है, पर जब उसकी गर्दन से खून निकलने लगा तो सब घबरा गए।

# कानपुर-सागर नेशनल हाइवेपर बढ़ा हादसों का ग्रॉफ

## नौ महीने में जा चुकी है सैकड़ों लोगों की जान

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**

हमीरपुर। कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर अब एक्सीडेंट का लगातार बढ़ता ग्रॉफ चिंता का सबब बना हुआ है। हालत यह है कि अब तो राहगीर भी भारी वाहनों के नीचे दबकर मर रहे हैं। यातायात पुलिस व्यवस्था संभालने में फेल हो गई है। भीड़-भाड़ वाले स्थानों और हाइवे पर सिर्फ यातायात पुलिस पिकेट प्वाइंट पर बैठी रहती है। इस मास के आखिरी सप्ताह में ही दर्जनों लोगों की मौत एक्सीडेंट में हुई है।



कानपुर-नेशनल हाइवे के आनूपुर मोड़, दुर्गा मंदिर, यमुना और बेतवा पुल के बीच रानी लक्ष्मीबाई तिराहा, कुछेछा, चंदौखी, सुमेरपुर, गहबरा चौकी और खन्ना क्षेत्र तक शायद ही कोई दिन ऐसा जाता हो जब एक दो हादसे न होते हों। सर्वाधिक हादसे सुमेरपुर और सदर कोतवाली क्षेत्र में हो रहे हैं। कानपुर के नौबस्ता से लेकर हमीरपुर और महोबा तक यह नेशनल हाइवे टू लेन का है। इस हाइवे को फोरलेन में तब्दील करने की मांग भी अब ठंडी पड़ गई है। इस नेशनल हाइवे पर प्रतिदिन कम से कम पांच से दस हजार भारी वाहनों का आवागमन होता है। दिन रात क्षमता से कई गुना अधिक वाहनों के हाइवे पर फर्राटा भरने से सड़कें जर्जर हो गई हैं। इससे एक्सीडेंट के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। नेशनल हाइवे पर पैंतीस किमी एरिया में चौदह व अन्य प्रमुख हाइवे पर ग्यारह ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, लेकिन ये ब्लैकस्पॉट अंधेरे में डूबे रहते है। जिसके कारण आए दिन हादसे होते हैं। सागर हाईवे एनएच-34 पर लगे संकेतक और सड़क चिह्न ही वाहन चालकों को गुमराह कर रहे है। ब्लैक स्पॉट पर बने सड़क चिह्न जहां ओवरटेक का इशारा कर रहे हैं तो वहीं पर लगे संकेतक ओवरटेक करने से रोक रहे हैं। इसके अलावा पूरे हाइवे पर न तो हैजार्ड (खतरा बताने वाला चिन्ह) लगा है और न दिशा सूचक चिह्न बनाया गया है। इसे एनएचएआई के इंजीनियरों की लापरवाही कहें या फिर चिह्न व संकेतक बनाने वालों की गलती, लेकिन इसका खामियाजा आम आदमी कओ अपनी जान गंवाकर या फिर अपंग होकर भुगतना पड़ रहा है। एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि हादसे रोकने के लिए जल्द ही रणनीति बनाई जाएगी।

हमीरपुर जिले में रोड एक्सीडेंट में सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है वहीं बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए। इस वर्ष में 259 हादसे हुए जिनमें 142 लोगों की मौत हुई है। कोरोना संक्रमण काल में लॉकडाउन के दौरान एक्सीडेंट का ग्राफी नीचे गिर गया था। लेकिन लॉकडाउन खुलने के बाद वर्ष 2021 में यहां हादसे में 118 लोग मरे थे। उसके बाद तो हर साल रोड एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है।

हमीरपुर में आटो, ई-रिक्शा और भार ढोने वाले लोडर व ट्रैक्टर अब सड़क हादसे की बड़ी वजह बन रहे हैं। हमीरपुर शहर में ही लोनिवि के सामने हमीरपुर-कालपी स्टेट हाइवे पर ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार पिता और दो मासूम पुत्रों को रौंद डाला था जिससे दोनों की मौत हो गई थी। शहर में हजारों की संख्या में ई-रिक्शा यातायात नियमों को ठेंगा दिखाते हुए फर्राटा भरते हैं जिनसे हादसे होते है। इन पर कोई शिकंजा नहीं कसा जा रहा है।

# जेल पहुंचकर बहनों ने भाइयों का टीका कर लम्बी उम्र की कामना की



**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर। भैया दूज का पर्व शहर से लेकर ग्रामीण तक रविवार को धूमधाम से मनाया गया। ऐसे में जिला कारागार में बंद भाइयों को भी इस पर्व की खुशियां मिल सके, उसको लेकर जेल प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था की। जेल प्रशासन के नियमों के अनुसार बहनों ने कारागार में निरुद्ध भाइयों का टीका किया और मिष्ठान खिलाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। कानपुर जेल में ही भाइयों के टीका करने पर ही कारागार में सुबह सात बजे से ही बंदी के परिजनों का आना शुरु हो गया था। इसको लेकर जेल प्रशासन की ओर से पहले ही सारी व्यवस्थाएं कर ली गई थी। कारागार में भी बंदियों के परिजनों के बैठने से लेकर पेयजल की बेहतर व्यवस्था रही। जेल अधीक्षक डॉ. बी डी पांडे ने बताया कि भाई दूज के पर्व पर जेल में सारे इंतजाम किए गए थे। मुलाकात पर्ची काउन्टर पर प्रार्थना-पत्र लिखे जाने के लिए अतिरिक्त काउन्टर भी बनाये गये थे, जिसमें अतिरिक्त स्टॉफ तैनात किया गया था। जिससे बंदियों के परिजनों को इंतजार न करना पड़े और उनके प्रार्थना-पत्र तत्काल तैयार किये जा सके। कुल पांच बैच में बंदियों के 602 परिजनों ने (490 महिला, 44 पुरूष, 68 बच्चे) ने कारागार आकर भाई दूज का पर्व मनाया।

# सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी का सांसद चन्द्रशेखर ने किया समर्थन



**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार का पर्चा निरस्त होने पर आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व नगीना सांसद चन्द्रशेखर ने भाजपा पर ही आरोप मढ़ दिया। इसके साथ ही सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी का समर्थन कर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे बटेंगे तो कटेंगे पर भी कटाक्ष किया।

आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व नगीना सांसद चन्द्रशेखर रविवार को कानपुर पहुंचे और सेंट्रल स्टेशन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मीडिया से मुखातिब होते चन्द्रशेखर ने कहा कि हमारा नारा है पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और साथ-साथ चलेंगे। बंटेंगे तो कटेंगे के जवाब में उन्होंने कहा कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य में पहले बांटा गया और फिर बची जातियों को गोत्र के आधार पर बांट दिया, यह किसने किया है। सीसामऊ में पार्टी उम्मीदवार का पर्चा निरस्त होने पर कहा कि भाजपा के लोगों ने डरकर षडयंत्र करते हुए हमारे उम्मीदवार का पर्चा निरस्त करा दिया। हम इन चीजों से डरने वाले नहीं हैं। जिन सीटों पर हमारे उम्मीदवार लड़ रहे हैं, बेहद दमदारी के साथ वे चुनाव मैदान में है। चन्द्रशेखर से जब पूछा गया कि आप पिछली बार कानपुर आए थे तो इरफान सोलंकी को अपना भाई बताया था, क्या अब उपचुनाव में उनके परिवार का समर्थन करेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि राजनीतिक रुप से मेरी कुछ मजबूरियां हैं, लेकिन अगर उनके परिवार से कोई चुनाव लड़ रहा है, तो यह जनता को तय करना है कि जब किसी पर जुल्म हो तो उसकी मदद करनी चाहिए या उसे अकेला छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने बंद लब्जों में सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी का समर्थन कर दिया।

# पूजन सामग्री की दुकानों में भीषण आग लगने से लाखों का माल जल कर राख

**नेशनल एक्सप्रेस**



कानपुर के किदवई नगर चालीस दुकान में रविवार तड़के सुबह सड़क पर टट्टर डालकर कर लगाई गई दो दुकानों में आग लग गई। आग की लपटे देख आसपास के रिहायशी लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पा लिया। किदवई नगर पुलिस के मुताबिक कटिया डालकर बिजली जलाई जा रही थी। फायर विभाग के मुताबिक प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी मिली है।

चालीस दुकान पर पूजन सामग्री बेचने की कई दुकानें लाइन से बनी है जो कि टट्टर की बनी है। इन्हीं में एक दुकान अशोक और दूसरी अनुराग की है। दोनों दुकानों में रविवार सुबह लगभग चार बजे आग लग गई। दोनों दुकानों को मिलाकर लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

इंस्पेक्टर किदवई नगर बहादुर सिंह ने बताया कि मौके पर जांच करने के बाद पता चला कि वहां पर ज्यादातर दुकानदार कटिया डालकर बिजली चलाते हैं। जो दुकाने जली है इसमें भी तारों के गुच्छे मौजूद थे। इंस्पेक्टर ने कहा कि मामले में कोई तहरीर दी जाएगी तो उसी के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित हुए क्रिकेटर कुलदीप यादव

**कानपुर।** क्रिकेट की दुनिया में कानपुर के खिलाड़ी कुलदीप यादव ने नाम रोशन किया है। हाल ही में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के लिए सवा 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। रविवार को कानपुर आने पर कुलदीप को राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

कानपुर के सुपर स्टार हीरो व चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को अगले साल आईपीएल-2025 में दिल्ली कैपिटल्स ने 13.25 करोड़ रुपये में अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के साथ जोड़े रखा है। कुलदीप की इस उपलब्धि पर शहर भर में खुशी की लहर है। इस बाबत कुलदीप यादव के कोच कपिल पांडे ने कहा कि कुलदीप यादव ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वो तीनों फार्मेट में शानदार प्रदर्शन करते आ रहे हैं और आगे भी उम्मीद है कि उनका प्रदर्शन बेहतर ही रहेगा।

# साइकिल सवार लड़कियों को टक्कर मारते हुए गड्ढे में घुसी रोडवेज बस



**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर देहात, । जनपद के शिवली थानाक्षेत्र में कानपुर नगर से देहात जा रही अनियंत्रित बस साइकिल सवार दो लड़कियों को टक्कर मारते हुए सड़क के नीचे उतर गई। घटना में साइकिल सवार दोनों लड़कियों के साथ बस में सवार कुछ सवारियां भी घायल हो गईं। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज जारी है। शिवली थाना क्षेत्र के बन्नापुर में रहने वाली रानी और दिव्यांशी रविवार को साइकिल से घर जा रही थीं। आरोप है कि कानपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस ने कृष्णा ढाबा के सामने साइकिल सवार युवतियों को टक्कर मार दी और सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी। बस में सवार सवारियों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। रास्ते से निकल रहे राहगीरों ने बस में सवार लोगों को बाहर निकलवाया और उनको पास के अस्पताल में भेज दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुँच गई और दोनों लडकियों को अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल कोई जन हानि नही हुई है। पुलिस दुर्घटना की जांच में जुटी है।

# हैलट अस्पताल में जन्मजात बीमारी का पता लगाने के लिए जल्द आने वाली है पोर्टेबल एमआरआइ मशीन

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**

नवजात बच्चों की जन्मजात बीमारी का पता लगाने के लिए अब हैलट अस्पताल में जल्द ही पोर्टेबल एमआरआइ मशीन आने वाली है। इसको लेकर कानपुर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। माना जा रहा है कि दिसंबर माह में बच्चों को ये सुविधा मिलने लगेगी।

बच्चों की स्क्रीनिंग कराने के लिए परिजनों को गोद में लेकर इस लैब से उस लैब तक भागना पड़ता है। खासकर जब कोई गंभीर मरीज होता है तो ऐसे में परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



इस मशीन के आने के बाद अब बच्चों की स्क्रीनिंग बेड पर ही हो जाएगी।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि बालरोग विभाग में ये मशीन कंगारू मदर केयर प्रोजेक्ट के तहत लाई जाएगी। पूरे उत्तर प्रदेश में ये पहली मशीन किसी सरकारी अस्पताल में आने वाली है। इसकी मदद से गंभीर लक्षणों वाले नवजातों के जीवन को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

इस मशीन का साइज एक छोटी टेबल के बराबर होता है। इसको बेड पर ही लाकर जांच कर ली जाएगी। इसके बाद चंद मिनट में रिपोर्ट भी डॉक्टर के सामने आ जाएगी। नवजातों की दिमाग की छोटी से छोटी गतिविधियों को ये मशीन स्कैन कर लेगी।

उन्होंने बताया कि कंगारू मदर केयर के तहत मिलने वाली पोर्टेबल एमआरआइ बच्चों के लिए संजीवनी साबित होगी। इस मशीन से नवजात का जीवन सुरक्षित होगा। इस मशीन की मदद से बच्चों की न्यूरो इमेज को देखा जा सकेगा। जन्म से जिन बच्चों के मस्तिष्क में आक्सीजन की कमी होती है और हेमरेज तथा दिमाग के पानी की जांच आसान हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि ये पोर्टेबल एमआरआइ 065 टेस्ला की होगी। इस मशीन की कीमत लगभग 10 लाख के आसपास है।

# समाज के लिए घातक है 'बंटेगे तो कटेंगे का नारा' : शिवपाल

## राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव रविवार को कानपुर पहुंचे और कार्यकर्ताओं में जोश भरा

**नेशनल एक्सप्रेस**



कानपुर। सपा का गढ़ कही जाने वाली सीसामऊ विधानसभा सीट को उपचुनाव में फिर जीत के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी ताकत लगा दी है। संगठन में मजबूत पकड़ रखने वाले पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव रविवार को कानपुर पहुंचे और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि सीसामऊ में फिर समाजवादियों की ही जीत होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे 'बंटेगे तो कटेंगे' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह नारा समाज के लिए घातक है और सपा इसका विरोध करती है।

सपा महासचिव शिवपाल यादव ने पार्टी उम्मीदवार नसीम सोलंकी के सीसामऊ क्षेत्र स्थित पीपीएन मार्केट में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि कुछ अधिकारी जानबूझकर सपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को परेशान कर रहे हैं, ताकि पार्टी चुनाव में कमजोर पड़ जाये। यह वही अधिकारी है जिनको सपा सरकार में नौकरी मिली और पारदर्शिता के साथ काम करने की शपथ ली थी, लेकिन इस सरकार में अपनी शपथ को भूल गये हैं। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों का नाम नोट करके हमारे पास भेजें, ताकि सपा सरकार आने पर उनसे जवाब लिया जा सके। गुटबाजी की आशंका पर उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उनकी टीम की निगाह हर एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता पर रहेगी। सभी को एकजुट होकर फिर से समाजवादी पार्टी को सीसामऊ में जीतना है।

इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों को हाथ उठाकर एक साथ रहने का संकल्प भी दिलवाया। सपा और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता पदाधिकारी समर्थक सभी एक जुट होकर चुनाव में काम कर रहे हैं। जो भी शिकायतें, बातें आ रही थीं, उन सभी को लेकर पार्टी के उच्च पदाधिकारी से बात की गई है। शिवपाल सिंह यादव ने 'बटेंगे तो कटेंगे' के भाजपा के नारे पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से दिया गया यह नारा समाज के लिए घातक है और हम इसका विरोध करते हैं। शिवपाल यादव के साथ कांग्रेस के अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा भी रहे और उन्होंने कहा कि दोनों पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरे मन से गंभीरतापूर्वक चुनाव में लग जाएं। गठबंधन की जीत होनी चाहिए।

# दो दर्जन से अधिक साथियों के साथ पहुंचकर एक युवक पर किया हमला

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**

कानपुर में शिवराजपुर की मानपुर गांव में वर्चस्व की लड़ाई में शनिवार रात विरैचामऊ गांव निवासी विशाल पाल ने दो दर्जन से अधिक साथियों के साथ पहुंचकर एक युवक पर हमला कर दिया। उन लोगों ने गांव में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करते हुए एक कार के शीशे तोड़ दिए और एक घर पर पथराव कर दिया। सूचना के बाद पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। इस घटना का वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी अरुण कुमार पुत्र प्रसादी का गांव के कुछ लोगों से और विरैचामऊ गांव निवासी विशाल से कुछ विवाद चल रहा है।



अरुण के अनुसार शनिवार रात वह घर आ रहा था। वह गांव में बने पंचायत घर के पास पहुंचा ही था तभी पीछे से विशाल अपने 30 साथियों के साथ वहां पहुंच गया। और उसे पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। उन लोगों ने गांव में दहशत फैलाने के उद्देश्य से चार-पांच हवाई फायर किए और वहां खड़ी एक कार के शीशे तोड़ दिए।

लोगों ने उसके साथी गोपाल वर्मा के घर पर पथराव कर दिया। फायर की आवाज सुनकर ग्रामीणों को आता देख हमलावर बाइकों पर सवार होकर मौके भाग निकले। घटना का कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर हो गया। हालांकि दैनिक भास्कर ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू की।

# भारत की शर्मनाक हार, न्यूजीलैंड ने 3-0 से क्लीन स्वीप करके रचा इतिहास

**मुंबई (भाषा)** जब भारत के विश्व स्तरीय बल्लेबाज नौसीखिए नजर आ रहे थे तब न्यूजीलैंड ने इसका फायदा उठाकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही रविवार को यहां 25 रन से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से नया इतिहास रचा। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर भारत के सामने 147 रन का लक्ष्य रखा लेकिन कई दिग्गज बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के लिए यह पहाड़ जैसा बन गया। ऋषभ पंत की 64 रन की साहसिक पारी के बावजूद भारतीय टीम 29.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई।



यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम का अपनी धरती पर तीन मैच की श्रृंखला में सूपड़ा साफ हुआ। इससे पहले भारतीय टीम को अपनी धरती पर 2000 में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो मैच की श्रृंखला में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम का हाल में घरेलू मैदानों पर शानदार रिकार्ड रहा है लेकिन इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड के सामने उसकी एक नहीं चली। मेहमान टीम ने परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठाकर खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत का स्पिनरों को मदद पहुंचाने वाली पिच तैयार करने का दांव उल्टा पड़ गया। अपनी इस शर्मनाक हार के लिए भारतीय टीम ही दोषी है। उसके सामने बहुत बड़ा लक्ष्य नहीं था लेकिन उसने जल्दबाजी दिखाई तथा 16 रन के अंदर पांच विकेट गंवाने से उसका स्कोर पांच विकेट पर 29 रन हो गया। भारत को लंच के बाद जीत के लिए 55 रन की दरकार थी और उसके चार विकेट बचे हुए थे। भारत की नैया पार लगाने की जिम्मेदारी पंत के कंधों पर था लेकिन उनके विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैच का रुख न्यूजीलैंड की तरफ मुड़ गया।

न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने वानखेड़े स्टेडियम को फिर से अपने लिए भाग्यशाली साबित करते हुए 57 रन देकर छह विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स ने 42 रन के एवज में तीन विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया।

पंत ने न्यूजीलैंड की हर चुनौती का डटकर सामना किया लेकिन उनका आउट होना भारत के लिए करारा झटका था। न्यूजीलैंड ने पटेल की गेंद पर विकेट के पीछे कैच की अपील की जिसे अंपायर ने ठुकरा दिया। कीवी टीम ने रिव्यू लिया। रिप्ले से स्पष्ट नहीं हो रहा था कि गेंद बल्ले या दस्ताने को स्पर्श करके गई है लेकिन तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

भारत को कप्तान रोहित शर्मा की अति आक्रामकता वाला रवैया भारी पड़ा। रोहित शर्मा (11) ने दो चौके लगाकर अच्छी शुरूआत की थी लेकिन उन्होंने मैट हेनरी की उछाल लेती गेंद पर अपना पसंदीदा पुल शॉट लगाया। जब गेंद हवा में लहरा रही थी, हेनरी ने तभी जश्न मनाना शुरू कर दिया था क्योंकि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकों में से एक ग्लेन फिलिप्स कैच करने के लिए दौड़ लगा रहे थे और वह अपने साथी के भरोसे पर खरे भी उतरे। पहली पारी में 90 रन बनाने वाले शुभमन गिल केवल एक रन बनाकर एजाज पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। पटेल ने अभी तक 43 रन देकर चार विकेट लिए हैं। विराट कोहली (01) आते ही पवेलियन लौट गए। पटेल की फ्लाइट लेती गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई।

भारत पर 3-0 से ऐतिहासिक जीत के बाद लैथम ने कहा

## घर पहुंचने पर जीत की खुशी ज्यादा होगी

**मुंबई (भाषा)** भारत के खिलाफ श्रृंखला में 3-0 की ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने रविवार को कहा कि इस उपलब्धि की अहमियत उन्हें घर लौटने पर ही महसूस होगी।



बेंगलुरू में पहले टेस्ट में भारत को आठ विकेट से हराने के बाद न्यूजीलैंड ने पुणे और मुंबई में स्पिन के अनुकूल पिचों पर क्रमशः 113 रन और 25 रन से जीत दर्ज की।

लैथम ने यहां मीडिया से कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है। पहले टेस्ट के बाद यह निश्चित रूप से काफी विशेष जीत थी। फिर श्रृंखला जीतना तो और भी खास है। उन्होंने कहा, हमने यहां जितना संभव हो सके उतना अनुकूल होने की कोशिश की और मैं 3-0 से श्रृंखला जीतने को कभी नहीं भूलूंगा।

लैथम ने कहा, हम निश्चित रूप से आज रात मिलकर इस जीत का जश्न मनायेंगे और यह जश्न स्वदेश लौटने के बाद अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। यह निश्चित रूप से एक अद्भुत श्रृंखला रही है जिसका हिस्सा बनना शानदार है। जब हम घर लौटेंगे तो यह जीत और भी ज्यादा महत्वपूर्ण लगेगी।

लैथम ने कहा, यह निश्चित रूप से न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए एक शानदार पल है। शायद न्यूजीलैंड क्रिकेट की श्रृंखला में सबसे बड़ी जीत में से एक है।

### न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में 31 टीम भाग लेंगी

**चेन्नई (भाषा)** हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप सोमवार से यहां शुरू होगी जिसमें देशभर की 31 टीम भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 16 नवंबर तक चलेगी जिसमें टीमों को आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में हर टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएगी जो 13 नवंबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 15 नवंबर को जबकि फाइनल और तीसरे नंबर के लिए खेले जाने वाला मैच 16 नवंबर को होगा। पूल ए में गत चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी तथा छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं।

### भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे स्थान पर खिसका, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**दुबई (भाषा)** न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला में शर्मनाक हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गया। भारत को मुंबई में खेले गये तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने 25 रन से हराकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया। टेस्ट में 1999-2000 के बाद भारतीय टीम का पहली बार सूपड़ा साफ हुआ है। टीम को तब दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से हराया था। यह पहली बार है जब भारत को कम से कम तीन मैचों की श्रृंखला की सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में यह भारत की यह पांचवीं हार है। जिससे उसके अंक प्रतिशत (पीसीटी) में बड़ी गिरावट आई। टीम का अंक प्रतिशत 62.82 से खिसक कर 58.33 हो गया। इस प्रकार भारत मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया।

## पार्थवी, वंशिका, हेमंत के स्पर्ण से भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में 17 पदक जीते

**नयी दिल्ली (भाषा)** पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी और हेमंत सांगवान ने कोलोराडो (अमेरिका) में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किये जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने 17 पदक जीत कर दमदार प्रदर्शन किया। आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में भारत की महिला मुक्केबाजों ने 10 पदक के साथ पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन किया।

पार्थवी ने महिलाओं के 65 किग्रा फाइनल में नीदरलैंड की आलिया होपेमा पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि वंशिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 80 किग्रा वर्ग में जर्मनी की विक्टोरिया गैट को महज एक मिनट और 37 मिनट में शिकस्त दे दी। हेमंत ने 90 किग्रा वर्ग में अमेरिका के रिशोन सिम्स पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके पुरुष वर्ग में भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता।

निशा (51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (54 किग्रा) और कृतिका वासन (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा।

### भारत के पदक विजेता

**स्वर्णः** कृषा वर्मा, पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी, हेमंत सांगवान।
**रजतः** निशा, सुप्रिया देवी थोकचोम, कृतिका वासन, चंचल चौधरी, अंजलि सिंह, विनी, आकांक्षा फलसवाल, राहुल कुंडू।
**कांस्यः** ऋषि सिंह, कृष पाल, सुमित, आर्यन, लक्ष्य राठी।

## बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन चिंताजनकः रोहित

**मुंबई (भाषा)** कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला गंवाने के बाद स्वीकार किया कि स्टार बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन निश्चित रूप से भारत के लिए चिंता का विषय है लेकिन वादा किया कि टीम ऑस्ट्रेलिया में कुछ खास करने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में मेजबान भारत को 3-0 से हरा दिया। रोहित (91) और विराट कोहली (93) तीन टेस्ट मैचों में 200 से कम रन बना पाए जो भारत की हार का प्रमुख कारण था। रोहित ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह चिंता का विषय है। अगर बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह चिंता का विषय है।



उन्होंने कहा, जो हो गया, सो हो गया। एक खिलाड़ी के तौर पर, एक कप्तान के तौर पर, एक टीम के तौर पर, हम सभी को आगे के बारे में देखना होगा। हमें देखना होगा कि हम यहां जो हासिल नहीं कर पाए, उसे कैसे सुधार सकते हैं। हमारे पास ऑस्ट्रेलिया में जाकर कुछ खास करने का अच्छा मौका है। हम इस पर ध्यान केंद्रित करेंगे। घरेलू मैदान पर शर्मनाक हार से भारत पहले ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष से खिसक चुका है।

लेकिन रोहित अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे की चुनौती पर ही ध्यान देना चाहते हैं, उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम इतने आगे के बारे में सोच सकते हैं। मैं ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला से आगे नहीं सोचूंगा। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला हमारे लिए अब बहुत महत्वपूर्ण है। हम इसके बाद क्या होगा, इसके बारे में सोचने के बजाय श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करेंगे।

रोहित ने कहा, हमारे कई खिलाड़ी पहले भी वहां खेल चुके हैं और कई खिलाड़ी पहले वहां नहीं खेले हैं, यही वजह है कि हम वहां थोड़ा पहले जाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम परिस्थितियों के अभ्यस्त हो सकें। ऑस्ट्रेलिया में भारत पिछली दो श्रृंखला जीत चुका है और रोहित ने कहा कि उन्हें उन जीत से आत्मविश्वास हासिल करना होगा।

रोहित ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट खेलना आसान नहीं है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला में हमने जिस तरह का प्रदर्शन किया, उससे हम काफी आत्मविश्वास हासिल कर सकते हैं। हमें अपने दिमाग में ऐसा ही सोचना होगा। रोहित ने हाल में बल्लेबाजी करते समय बहुत आक्रामक और जोखिम भरा रवैया अपनाया है, और इसके परिणामस्वरूप वह जल्दी ही अपना विकेट गंवा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने खेल पर फिर से गौर करूंगा और देखूंगा कि मैं क्या बेहतर कर सकता हूं। रोहित ने कहा कि उनके और कोहली के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे उन गलतियों को दूर करें जो उनके लिए कारगर नहीं रहीं।

## दीक्षा संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं, हुल ने जीता खिताब



**रियाद (भाषा)** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर रविवार को यहां अरामको टीम सीरीज में संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं जबकि चार्ले हुल ने अंतिम दौर में 66 के कार्ड से खिताब अपने नाम किया। दीक्षा ने अंतिम दौर में हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर तीन अंडर 69 बनाया जिससे वह टूनार्मेंट में संयुक्त 29वें स्थान पर रही जबकि प्रणवी उर्स (76) संयुक्त44वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने अंतिम दौर में चार बर्डी और एक बोगी जबकि प्रणवी ने एक बर्डी लगाई और पांच बोगी कर बैठी।

### न्यूज ब्रीफ

### गुजरात में बुलेट ट्रेन गलियारे के लिए 12 नदी पुलों का निर्माण पूरा

**अहमदाबाद (भाषा)** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारे के लिए गुजरात में कुल 20 नदी पुल में से 12 का निर्माण पूरा हो गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारा कुल 508 किलोमीटर लंबा है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने कहा कि गुजरात के नवसारी जिले में खरेरा नदी पर 120 मीटर लंबा पुल हाल में पूरा हुआ। इसके साथ ही 12 पुल का निर्माण पूरा हो गया है। बुलेट ट्रेन परियोजना में गुजरात का 352 किलोमीटर और महाराष्ट्र का 156 किलोमीटर हिस्सा शामिल है। इसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भड़ूच, वडोदरा, आणंद/नडियाद, अहमदाबाद और साबरमती जैसे कुल 12 स्टेशन की योजना है।

### इरोज इंटरनेशनल मामले में सुनील लूला पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली (भाषा)** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मानदंडों के उल्लंघन से जुड़े एक मामले में इरोज इंटरनेशनल मीडिया के प्रवर्तक और पूर्व प्रबंध निदेशक सुनील अर्जन लूला पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इससे पहले सेबी ने जून, 2023 में एक अंतरिम आदेश में धन की हेराफेरी की आशंका में इरोज इंटरनेशनल, लूला सहित पांच पक्षों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था। बाजार नियामक ने पाया कि सुनील लूला सेबी के निर्देशों का पालन करने में विफल रहे और उन्होंने इरोज इंटरनेशनल मीडिया के निदेशक पद से इस्तीफा नहीं दिया, और कथित तौर पर नियामक की न्यायिक कार्यवाही के आदेश का पालन भी नहीं किया।

## तकनीकी खर्च में मंदी नहीं, एआई कोपायलट को लेकर बहुत चर्चाः माइक्रोसॉफ्ट इंडिया

**नयी दिल्ली (भाषा)** माइक्रोसॉफ्ट के भारत और दक्षिण एशिया अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने कहा कि उन्हें भारत में प्रौद्योगिकी खर्च में कोई मंदी नहीं दिख रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई के इर्दगिर्द काफी गतिविधियां हो रही हैं और माइक्रोसॉफ्ट के एआई टूल कोपायलट को लेकर बहुत चर्चा है।




उन्होंने कहा कि कोपायलट के उपयोग मामलों में वृद्धि के साथ एआई सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में शामिल है।

चंडोक ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया कि एआई के बारे में आम धारणा संदेह से उम्मीद में बदल गई है। कंपनी लगातार उन क्षेत्रों पर नजर रख रही है, जहां उसे निवेश करने की जरूरत है। उन्होंने भारत को माइक्रोसॉफ्ट के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए बहुत से अवसर हैं। चंडोक ने इस बात पर जोर दिया कि माइक्रोसॉफ्ट सभी विनियामक आवश्यकताओं और नए विकसित ढांचों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोपायलट एआई का पर्याय बन गया है और वह भारत में इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

## जीएक्स समूह अगले दो साल में अपने उत्पादों में 60 प्रतिशत पुनर्चक्रित सामग्री का इस्तेमाल करेगा

**नयी दिल्ली (भाषा)** ब्रॉडबैंड उपकरण बनाने वाले जीएक्स समूह ने कहा कि कंपनी ने अगले दो साल में अपने सभी उत्पादों में 60 प्रतिशत पुनर्चक्रित सामग्री का इस्तेमाल करने का लक्ष्य रखा है। जीएक्स समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) परितोष प्रजापति ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भारत 2030 तक 11 करोड़ सक्रिय फाइबर लाइन के साथ वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा फाइबर ब्रॉडबैंड बाजार बनने की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में दूरसंचार बुनियादी ढांचे के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को संभालना एक चुनौती है। प्रजापति ने कहा, ह्यह्यभारत की जलवायु कार्रवाई का लक्ष्य 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन को हासिल करना है।

## एनारॉक का चालू वित्त वर्ष में राजस्व 40 प्रतिशत बढ़कर 800 करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद : पुरी

**नयी दिल्ली (भाषा)** रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ग्रुप का चालू वित्त वर्ष में अपने राजस्व को 40 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 800 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने रविवार को यह बात कही। पुरी ने कहा कि ऊंची आर्थिक वृद्धि के चलते घरों की मजबूत मांग से कंपनी का राजस्व बढ़ेगा।

मुंबई की कंपनी एनारॉक ने पिछले वित्त वर्ष में राजस्व में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी और यह 566 करोड़ रुपये रहा था। एनारॉक की स्थापना अनुज पुरी ने अप्रैल, 2017 में की थी। इससे पहले पुरी एक अंतरराष्ट्रीय संपत्ति सलाहकार कंपनी में 10 साल तक कंट्री प्रमुख की भूमिका निभा चुके थे।



चालू वित्त वर्ष में 800 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने की उम्मीद

पुरी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि कंपनी को है। पुरी ने कहा कि कुल राजस्व में से लगभग 575 करोड़ रुपये आवास ब्रोकरेज सेवाओं से आएगा।

उन्होंने कहा कि शेष राजस्व भूमि सौदों, पूंजी बाजार लेनदेन, रणनीतिक परामर्श और परियोजना प्रबंधन के अलावा कार्यालय, डेटा केंद्र और भंडार गृह जैसे खंड में पट्टा गतिविधियों से हासिल होगा। वृद्धि के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद कुल भारतीय अर्थव्यवस्था और आवास की मांग में मजबूती से सुधार हुआ है, जिससे रियल एस्टेट डेवलपर और सलाहकारों को समान रूप से लाभ हुआ है। पुरी ने कहा, हमने भारतीय रियल एस्टेट बाजार में बाधाओं की पहचान करने और सही समाधान लाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, लगातार बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ रियल एस्टेट बाजार परिपक्व वृद्धि का प्रदर्शन कर रहा है और हम इस वृद्धि से काफी लाभान्वित हो रहे हैं। पुरी ने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ भारत में आवास ब्रोकरेज कारोबार संगठित और पेशेवर बन रहा है।

एनारॉक समूह के फिलहाल भारत और पश्चिम एशिया के पहली और दूसरी श्रेणी के बाजारों में 2,200 से अधिक कर्मचारी हैं।

> लगातार बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ रियल एस्टेट बाजार परिपक्व वृद्धि का प्रदर्शन कर रहा है और हम इस वृद्धि से काफी लाभान्वित हो रहे हैं।
> -अनुज पुरी, एनारॉक चेयरमैन

## पटोले का मोदी को पत्र, कपास आयात पर प्रतिबंध की मांग

**मुंबई (भाषा)** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने केंद्र सरकार से कपास के आयात पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया कि इससे किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि कपास की खरीद 7,122 रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में पटोले ने कहा कि कपास उत्पादन के मामले में महाराष्ट्र देश में दूसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र के 40 लाख से अधिक किसान कपास की खेती करते हैं।

उन्होंने कहा, राज्य में पर्याप्त कपास उत्पादन के बावजूद 22 लाख गांठ कपास के आयात की खबरें हैं। इससे घरेलू स्तर पर कपास की कीमतों में भारी गिरावट की संभावना है।



कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के पास भी कपास का बड़ा स्टॉक है। पटोले ने कहा कि किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए केंद्र को कपास के आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाना चाहिए और सीसीआई को गारंटी वाले मूल्य पर कपास खरीदने का निर्देश देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मौजूदा कपास की कीमत 6,500 से 6,600 रुपये प्रति क्विंटल के बीच है, जो 7,122 रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बाजार में कम कीमत के कारण किसान अपनी कपास बेचने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कपास का स्टॉक किसानों के साथ-साथ सीसीआई के पास भी है। पटोले ने कहा कि जब देश में पहले से ही इतना बड़ा स्टॉक है, तब कपास का आयात करने से कपास बाजार ध्वस्त हो जाएगा, जिससे किसानों पर काफी असर पड़ेगा और केवल व्यापारियों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कपास किसान पहले से ही कम कीमतों, कृषि उपकरण पर 12 से 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और बेमौसम बारिश के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि प्रतिकूल मौसम ने इस साल 19 लाख हेक्टेयर में कपास को नुकसान पहुंचाया है और केंद्र सरकार द्वारा घोषित मुआवजे की राशि केवल कागजों तक ही सीमित है। पटोले ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के बजाय बीमा कंपनियों को लाभ पहुंचाती है।

## मैजिकपिन ने मंच शुल्क घटाकर पांच रुपये प्रति आपूर्ति किया

**नयी दिल्ली (भाषा)** ई-कॉमर्स ऐप मैजिकपिन ने मंच (प्लेटफॉर्म) शुल्क घटाकर पांच रुपये प्रति डिलिवरी (आपूर्ति) कर दिया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह राशि इसके प्रतिस्पर्धियों के शुल्क के मुकाबले आधी है।

जोमैटो और स्विगी ने लगभग दो सप्ताह पहले प्रति आपूर्ति प्लेटफॉर्म शुल्क में लगभग 42-67 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। मैजिकपिन के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशु शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मौजूदा कैलेंडर वर्ष के लिए प्लेटफॉर्म शुल्क में कमी की घोषणा की।

शर्मा ने कहा, हम त्योहारी सत्र के दौरान अपने आपूर्ति नायकों और अपने ग्राहकों की भलाई के लिए एक संतुलन बना सकते हैं। इसलिए, मैजिकपिन का वादा है कि अधिक से अधिक लोग त्योहारी सत्र का आनंद उठा सकें।

## आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद बिजनेस स्कूल स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदनों में भारी उछाल

**नयी दिल्ली (भाषा)** आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद 2024 में बिजनेस स्कूल के स्नातक कार्यक्रमों के लिए कुल आवेदनों में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन काउंसिल (जीएमएसी) की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले दो वर्षों से लगातार गिरावट के बाद यह वृद्धि हुई है। जीएमएसी के अनुसार बिजनेस स्कूल के भावी छात्रों के सर्वेक्षण में लगातार बढ़ती लागत को एक प्रमुख बाधा बताया गया। आंकड़ों का विश्लेषण करने से पता चला कि आवेदनों में उल्लेखनीय वृद्धि मुख्य रूप से पूर्णकालिक, व्यक्तिगत पेशकशों में नए सिरे से रुचि के चलते थी। इसमें 10 में से लगभग छह कार्यक्रमों ने आवेदन बढ़ने की सूचना दी। सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि ऑनलाइन जैसे अधिक लचीले कार्यक्रमों की मांग भी अधिक है।



जीएमएसी के सीईओ जॉय जोन्स ने कहा कि आवेदन बढ़ने में वैश्विक बिजनेस स्कूलों के नवाचार जारी रखने की दिशा में किए गए प्रयासों का भी योगदान है।

नई दिल्ली, सोमवार 4 नवंबर 2024

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



अयोध्या का परिवर्तन ''डबल इंजन सरकार द्वारा अपने वादे को पूरा करने'' का प्रमाण है तथा काशी और मथुरा में भी इसी तरह का परिवर्तन होना चाहिए।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



जनपद प्रयागराज के फूलपुर में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कैबिनेट मंत्री राकेश सचान , प्रदेश महामंत्री व सांसद अमरपाल मौर्य , पार्टी पदाधिकारियों व मा. जनप्रतिनिधि गणों तथा कार्यकर्ताओं के साथ जिला गंगापार की सांगठनिक बैठक को संबोधित कर उप चुनाव-2024 के दृष्टिगत मेरा बूथ सबसे मजबूत करने की अपील की।




## तीन वाहनों के आपस में टकराकर गड्ढे में गिरने से दो लोगों की मौत, 13 अन्य घायल

बस्ती, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक बस, कार और ऑटोरिक्शा के आपस में टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई तथा 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात को कलवारी थाना क्षेत्र के लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर हुआ जब तीनों वाहन एक-दूसरे से टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए।

उन्होंने बताया कि हादसे में रामचंद्र (78) और नाजिमा खातून (30) की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हादस में घायल अन्य 13 लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

सिंह ने बताया कि बस आंबेडकर नगर के किछौछा दरगाह से गोंडा जा रही थी जिसमें 65 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# उ.प्र. उपचुनाव से पहले राजनीतिक दलों में नारों की जंग



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीट पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के बीच चुनावी नारों की जंग छिड़ गई है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनावों की घोषणा से बहुत पहले ही 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा गढ़ दिया था। वहीं, देवरिया जिले के समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई है, जिस पर लिखा है 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे'।

महराजगंज जिले के एक अन्य सपा कार्यकर्ता द्वारा लगाए गए होर्डिंग में लिखा है 'न बंटेंगे, न कटेंगे, पीडीए के संग रहेंगे' और 'पीडीए जुड़ेगा और जीतेगा'। प्रदेश में 13 नवंबर को उपचुनाव के तहत नौ सीट पर मतदान होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी इस होड़ में कूद पड़ी है।

मायावती ने शनिवार को कहा, ''बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, सुरक्षित रहेंगे।''

महाराजगंज जिले के सपा कार्यकर्ता अमित चौबे ने दो नारे गढ़े। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''समाजवादी पार्टी ने पीडीए शब्द गढ़ा है, जिसमें समाज के सभी वर्ग शामिल हैं। यहां 'पी' का मतलब 'पंडित' (ब्राह्मण) और 'ए' का मतलब 'अगड़ा' (उच्च जाति) है। सपा सभी धर्मों की पार्टी है। पार्टी के संस्थापक 'नेताजी' मुलायम सिंह यादव और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है और उनके लिए नीतियां बनाई हैं। हालांकि, भाजपा जाति के आधार पर लोगों को बांटकर काम करती है।'' देवरिया जिले के सपा कार्यकर्ता विजय प्रताप यादिव ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई, जिसमें लिखा था 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे'।

सपा कार्यकर्ता रंजीत सिंह द्वारा लगाए गए तीसरे पोस्टर पर लिखा है, 'ना बाटेंगे, ना काटेंगे, 2027 को नफरत करने वाले हटेंगे। हिंदू मुस्लिम एक रहेंगे तो नेक रहेंगे।'

ऐसे राजनीतिक नारों के मनोवैज्ञानिक पहलू पर बात करते हुए लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान पढ़ाने वाले प्रदीप खत्री ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''ये सभी राजनीतिक नारे नए, आकर्षक और लोगों के दिमाग पर गहरा असर डालने वाले हैं।''

उन्होंने कहा, ''यही मुख्य कारण है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता ज्यादातर समय नारे लगाते हैं। ये मतदाताओं और जनता के साथ तत्काल और प्रभावी संबंध बनाते हैं। नतीजतन, ये भाषणों की तुलना में जनता के जहन में ज्यादा समय तक बने रहते हैं।''

इस बीच, बलिया लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद सनातन पांडेय ने भी रविवार को 'बटेंगे तो कटेंगे' टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पांडे ने संवाददाताओं से कहा, ''उनका (भाजपा का) नारा है कि एक तरफ हिंदू हो और दूसरी तरफ मुसलमान हो। वे केवल इसी नारे पर चलना चाहते हैं...।'' उन्होंने कहा, ''संविधान ऐसा नहीं कहता। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह शब्द नहीं आया है। जो बांटने और काटने की बात करते हैं, वे खुद ही नष्ट हो जाएंगे। यही भारत की संरचना और स्वरूप है।''

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की 'बटेंगे तो कटेंगे' टिप्पणी का स्पष्ट संदर्भ देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह नकारात्मक नारा भाजपा की ''निराशा और विफलता'' का प्रतीक है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि यह नारा देश के इतिहास में 'सबसे खराब' नारे के रूप में दर्ज किया जाएगा और यह भाजपा के राजनीतिक पतन का कारण बनेगा।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यादव की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा मुखिया के गढ़े गए ''पीडीए'' को 'परिवार' डेवलपमेंट एजेंसी' करार दिया।

पीडीए से यादव का मतलब पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक है।

इस बीच, बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को सपा और भाजपा पर उनके 'भ्रामक' नारों के लिए निशाना साधा और कहा कि ये नारे लोगों का ध्यान उनकी अपनी कमियों से हटाने के लिए बनाए गए हैं।

मायावती ने कहा, ''बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, सुरक्षित रहेंगे।''

मौर्य ने आदित्यनाथ द्वारा अगस्त में इस्तेमाल किए गए 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे से भाजपा को अलग करने की कोशिश की है जिसके कुछ घंटों के बाद बसपा प्रमुख ने यह टिप्पणी की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी आदित्यनाथ की इस टिप्पणी का पुरजोर समर्थन किया था।

मौर्य ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा था, ''हम विपक्ष को 'बटेंगे तो कटेंगे' को भाजपा का नारा बताने के गंदे खेल में सफल नहीं होने देंगे। हमारी पार्टी का नारा हमारे शीर्ष नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तय किया गया नारा है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' है। 'बटेंगे तो कटेंगे' एक भाषण का हिस्सा था, यह पार्टी का नारा नहीं है।''

आदित्यनाथ ने 23 सितंबर को अपनी 'बटेंगे तो कटेंगे' टिप्पणी दोहराते हुए कहा था कि यह हिंदू समाज में व्याप्त फूट ही थी जिसके कारण अयोध्या में ''आक्रमणकारियों ने राम मंदिर को नष्ट किया''।

इससे पहले, उन्होंने शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में हुई हिंसा और हिंदुओं के खिलाफ कथित अत्याचारों के संदर्भ में भी यही टिप्पणी की थी।--

## योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी, नड्डा से मुलाकात की

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब राज्य सरकार जनवरी में होने वाले महाकुंभ और 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में जुटी है।

बैठक के एजेंडे के बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

योगी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की।

उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ की व्यवस्था करने के लिए सभी प्रशासनिक प्रयास कर रही है। इस आयोजन में देश भर से तथा विश्व के विभिन्न भागों से लाखों श्रद्धालुओं के अलावा पर्यटकों के आने की संभावना है।

वहीं, उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव को भाजपा, विशेषकर मुख्यमंत्री के लिए अग्निपरीक्षा के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि पार्टी को लोकसभा चुनाव में बड़ा झटका लगा था। लोकसभा चुनाव में राज्य में 'इंडिया' गठबंधन ने सत्तारूढ़ गठबंधन से ज्यादा सीट पर जीत दर्ज की थी।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश में वंदेभारत ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने का दावा किया



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी-कांशीराम के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किए जाने का आरोप लगाते हुए रेल मंत्री, रेलवे पुलिस और प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई करने और ऐसी घटनाओं के प्रति समाज को जागरूक करने का आग्रह किया।

रेलवे सुरक्षा बल ट्रेन पर कथित पथराव की जांच कर रहा है।

आजाद ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अभिभावकों और स्कूल शिक्षकों से बच्चों को इस विषय पर जागरूक करने का भी आह्वान किया।

आजाद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ₹आज सुबह मैं वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली से कानपुर की यात्रा कर रहा था। सुबह लगभग 7:12 बजे ट्रेन ने जैसे ही बुलंदशहर जिले के कमालपुर स्टेशन को पार किया, तभी बाहर से किसी असामाजिक तत्व ने पत्थर फेंके, जिससे मेरे से दो सीट आगे बैठे यात्री के पास का शीशा चकनाचूर हो गया। इस घटना से मैं हतप्रभ और स्तब्ध रह गया।"

आजाद ने कहा कि इस घटना से न केवल सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंची, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा हुआ है तथा ऐसी घटनाएं निंदनीय हैं और किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, ₹एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में ऐसी घटनाओं का आंकड़ा 1503 तक पहुंच गया, जिससे रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। यह आंकड़ा सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर इस तरह की घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। ट्रेन पर पथराव से न केवल संपत्ति को क्षति होती है, बल्कि यह यात्रियों के लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है।₹

सांसद ने कहा कि यह समझने की आवश्यकता है कि रेलवे देश की एक अमूल्य संपत्ति है और इसका संरक्षण देश के सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। आजाद ने कहा कि समाज में इस तरह की हरकतें न केवल असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचाती हैं।

उन्होंने कहा, ₹इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री जी, रेलवे पुलिस और प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए, साथ ही समाज में जागरूकता भी फैलानी चाहिए।₹

सांसद ने अभिभावकों और अध्यापकों का आह्वान करते हुए कहा कि परिवार में माता-पिता और स्कूलों में अध्यापकों द्वारा बच्चों को इस विषय पर जागरूक करना आवश्यक है जिससे न केवल ऐसी घटनाएं कम होंगी, बल्कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो पाएगी।

aआजाद ने कहा, ₹हम सभी को एक जागरूक नागरिक बनना चाहिए। यह देश हमारा है, और देश की संपत्ति की सुरक्षा केवल सरकार की ही नहीं बल्कि हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी और संवैधानिक मूल कर्तव्य है।" उन्होंने अपनी इस पोस्ट को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी टैग की है।

इस बीच, आरपीएफ के उपनिरीक्षक मनोज गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मंत्री नंदी ने प्रदेशवासियों को पांच पर्वों के पर्व दीपावली की शुभकामनाएं दी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रकाशोत्सव की पावन बेला पर अपने बहादुरगंज प्रयागराज स्थित आवास पर सपरिवार माँ लक्ष्मी एवं विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। मंत्री नंदी ने प्रदेशवासियों को पांच पर्वों के पर्व दीपावली की शुभकामनाएं दी है। मंत्री नन्दी ने कहा कि मर्यादा, सत्य एवं सद्भावना का संदेश देता है दीपावली का पर्व। दीपावली रौशनी और प्रकाश का त्यौहार है।मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के जीवन के अन्धकार को दूर करने के लिए सतत समर्पित है।

# सोनभद्र में बेरोज़गारी की भयावह स्थिति है : सविता गोंड

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



सुपर रिच की संपत्ति पर समुचित टैक्स लगाने, शिक्षा-स्वास्थ्य व रोजगार की गारंटी करने, देश में खाली पड़े करीब एक करोड़ पदों पर तत्काल भर्ती और हर व्यक्ति की सम्मानजनक जिंदगी की गारंटी करने जैसे सवालों को लेकर 10 नवंबर को दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में होने वाले सम्मेलन की तैयारी को लेकर सोन म्योरपुर के रासपहरी में पर्चा वितरण व जनसंपर्क किया गया। युवा मंच जिला संयोजक सविता गोंड कहा कि सोनभद्र में बेरोज़गारी की भयावह स्थिति है। न सिर्फ बड़े पैमाने पर युवाओं का पलायन हो रहा है बल्कि लड़कियां भी बड़ी संख्या में बैंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद जैसे शहरों में काम करने के लिए विवश हैं। जनपद में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं भी बदहाल है। गरीब पृष्ठभूमि की बहुतायत छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हैं। सैकड़ों छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति तक पत्रक भेजने के बावजूद जनपद न्यूनतम दो महिला महाविद्यालय खोले जाने की मांग को भी अनसुना कर दिया गया। इन सवालों को सम्मेलन में उठाया जाएगा। पर्चा वितरण व जनसंपर्क के दौरान युवा मंच जिला संयोजक सविता गोंड, सुगवंती, गुंजा सिंह, रेशमा, कुसुम, पूजा कुमारी आदि शामिल रहे।

# श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में 11 लोग घायल



श्रीनगर, (भाषा) जम्मू कश्मीर के श्रीनगर शहर में रविवार को आतंकवादियों ने भीड़-भाड़ वाले एक बाजार के निकट केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका, जिससे 11 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह हमला पर्यटक स्वागत केंद्र (टीआरसी) के निकट स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र परिसर के पास हुआ, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है।

सुरक्षा बलों द्वारा श्रीनगर के खानयार इलाके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर को मार गिराये जाने के एक दिन बाद यह हमला हुआ।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों ने टीआरसी के पास सीआरपीएफ के बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका। उन्होंने कहा, ''हालांकि, ग्रेनेड लक्षित निशाने को चूक गया और सड़क किनारे गिरा, जिससे 11 लोग घायल हो गए।''

यह विस्फोट साप्ताहिक बाजार के नजदीक हुआ, जिसे रविवार बाजार के नाम से जाना जाता है, जहां हजारों लोग आते हैं। विस्फोट से इलाके में दहशत फैल गई और दुकानदारों को छिपने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा।

अधिकारी ने कहा कि यह हमला शनिवार को लश्कर-ए-तैयबा कमांडर के मारे जाने के बाद आतंकवादियों की हताशा का नतीजा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले की निंदा की।

अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पिछले कुछ दिनों से (कश्मीर) घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ की खबरें चर्चा में हैं। श्रीनगर में रविवार बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता।'' उन्होंने कहा, ''सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द, हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि लोग बेखौफ होकर अपना जीवन जी सकें।''

कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई ने ऐसे हमलों को रोकने के लिए कदम उठाने की अपील की।

## मुंबई पुलिस को मिला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश

मुंबई, (भाषा) मुंबई यातायात पुलिस को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा एक संदेश मिला है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस के यातायात नियंत्रण कक्ष को एक अज्ञात फोन नंबर से संदेश मिला है कि अगर आदित्यनाथ मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देते हैं तो उन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि आदित्यनाथ राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं और इस कारण पुलिस अलर्ट पर है।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# जमीयत ने तेदेपा, जद(यू) को चेताया, कहा: वक्फ विधेयक पारित हुआ तो वे भी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगी

नयी दिल्ली, (भाषा) वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) ने रविवार को तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार से इस मामले में मुसलमानों की भावनाओं पर ध्यान देने की गुजारिश की और कहा कि राजग में शामिल जो दल खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हैं, उन्हें इस ''खतरनाक'' विधेयक के समर्थन से दूर रहना चाहिए।

जमीयत (एएम) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने यहां आयोजित 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी राजनीति और सांप्रदायिक नीतियों की वजह से लोकसभा चुनाव में बहुमत का आकंड़ा नहीं छू पायी और वह तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) एवं जनता दल (यूनाइटेड) की बैसाखी से सरकार बना पायी।

मुस्लिम संगठन ने यह भी कहा कि अगर विधेयक पारित हुआ तो जिन दो 'बैसाखियों' (तेदेपा व जनता दल-यू) पर केंद्र में भाजपा नीत सरकार चल रही है, वे जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगी।

उन्होंने कहा, ''यह सरकार दो 'बैसाखियों' पर टिकी है - एक मज़बूत 'बैसाखी' चंद्रबाबू हैं और दूसरे बिहार के नीतीश कुमार हैं। मैंने उन्हें (नायडू को) आमंत्रित किया था, उन्होंने माफी मांगी लेकिन अपनी पार्टी के उपाध्यक्ष नवाब जान को भेज दिया। मैं इसे सकारात्मक रूप से देखता हूं क्योंकि वह यहां एकत्रित लोगों की भावनाओं को व्यक्त करेंगे।''

मदनी ने यह भी कहा कि मुस्लिम बाहर से नहीं आए हैं, बल्कि इस देश के मूल निवासी हैं और यहां रहने वालों की पहचान मजहब की बुनियाद पर नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि अगर हिंदू गुर्जर, जाट एवं राजपूत हैं तो मुस्लिम भी गुर्जर, जाट और राजपूत हैं तथा कश्मीर में तो मुस्लिम ब्राह्मण भी हैं।

मदनी ने कहा, ''हम इस मुल्क के रहने वाले हैं। कोई इस मजहब को मानने लगा तो कोई दूसरा मजहब मानने लगा, क्या मजहब की बुनियाद पर हमें जीने का हक नहीं देंगे?'' उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं - मोतीलाल नेहरू और जहवारलाल नेहरू - ने जमीयत को आश्वासन दिया था कि आज़ादी के बाद मुल्क धर्मनिरपेक्ष रहेगा तथा मुसलमानों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा, लेकिन उत्तराखंड में भाजपा की सरकार, समान नागरिक संहिता लेकर आई । उन्होंने कहा कि इसका मकसद मुसलमानों को उनके मजहब से दूर करना तथा सरकार निजी मामलों को लेकर जो कानून बनाए, उनका पालन कराना है। उन्होंने कहा, ''यह किस बात की धर्मनिरपक्षेता है? आपकी (भाजपा की) सरकार का बुनियादी मकसद यह है कि मुसलमान को उसके मजहब से दूर किया जाए।''

मदनी (81) ने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति और नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो भाजपा 2014 में प्रचंड जनादेश के साथ सत्ता में आई थी और ऐसा लग रहा था कि सारे अन्य दलों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।